# हरिभूमि

जबलपुर

शनिवार, 15 जून 2024

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## धार्मिक स्थलों की यात्रा अब सुखद और आसान



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



हम प्रदेश में धार्मिक पर्यटन और अन्य पर्यटन केंद्रों तक हवाई सुविधा से आवागमन को और अधिक सुलभ बना रहे हैं। पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा अभी कुछ धार्मिक स्थलों पर प्रारंभ की जा रही है। यह सुविधा भविष्य में प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों के लिए प्रारंभ होगी।

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



## पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा संचालन आरंभ

मुख्य अतिथि

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री

16 जून, 2024 - प्रात: 9.30 बजे - पुलिस लाइन, उज्जैन



D-11015/24

इन स्थलों के लिए सेवा प्रारंभ

महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, पचमढ़ी, खजुराहो, कान्हा, इंदौर, भोपाल

बुकिंग के लिए सम्पर्क करें -

8076807095, 8076819774, Website : www.irctc.co.in, www.serbaviation.in

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शनिवार 15 जून 2024





### पुलिस ने इन 9 लोगों को गिरफ्तार किया

*1. रोहित पिता सुरजीत सिंह (26), रेलवे कॉलोनी नीमच, एमपी। 2. गौरव पिता सूरजमल जैन (26) कंचननगर नीमच। 3. मयूर जैन पिता विजय जैन (30), बगाना नीमच। 4. आकाश मसीही पिता अजय मसीही (26), मिशन अस्पताल के पास नीमच। 5. हरीश पिता राजमल तेली (36), डाक बंगला रोड निम्बाहेडा राजस्थान। 6. गुरप्रीत सिंह पिता सरदार गुरमिल सिंह (36), माता नगर लुधियाना पंजाब। 7. जसप्रीत उर्फ रूबल पिता हरमंदर सिंह (30), 2730 अमरपुरा लुधियाना पंजाब। 8. सतप्रीत सिंह पिता परमजीत सिंह (34), शहीद भगत सिंह नगर लुधियाना पंजाब। 9. चेतन नेगी पिता स्व. पूरनचंद नेगी (37), शराबानगर लुधियाना पंजाब।*

### सटोरियों से क्या मिला?

- 41 मोबाइल
- 11 लैपटाप
- 1 मैक-मिनी
- 1 आईपैड
- राष्ट्री-अंतरराष्ट्रीय सिम
- 3 मेमोरी कार्ड
- 7 किलो चांदी की सिल्लियां
- 7 देशों की विदेशी करंसी

## उज्जैन पुलिस ने दो मकानों में छापा मारकर 'सट्टे के अंतरराष्ट्रीय गिरोह' का पर्दाफाश किया

# नोट गिनने मंगानी पड़ी मशीन, 14.58 करोड़ रु. जब्त किए, 9 आरोपी गिरफ्तार

**मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा भाग निकला**

◆ पुलिस को कृष्णा पार्क और मुसद्दीपुरा में बिल्डर पीयूष चोपड़ा के घर में गेमिंग और आईपीएल सट्टे की सूचना मिली थी, जिसके बाद यह रेड की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭उज्जैन

उज्जैन पुलिस ने मप्र के इतिहास में सट्टे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। क्राइम ब्रांच, साइबर टीम, नीलगंगा और खाराकुंआ पुलिस ने सट्टा खिलाने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस दौरान पुलिस ने ऑनलाइन एप्लिकेशन का उपयोग करने वाले 9 सट्टेबाजों को भी गिरफ्तार किया, हालांकि मुख्य आरोपी फरार हो गया। उज्जैन पुलिस ने एक घर में छापा मारकर सटोरियों से 14.58 करोड़ रुपए जब्त किए हैं।





### जूम मीटिंग से होती थी सट्टेबाजी

उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि गुरुवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि 19 ड्रीम्स में पीयूष चोपड़ा के साथ पंजाब, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुछ लोग कई दिनों से अंतरराष्ट्रीय सट्टा खिला रहे हैं। पुलिस ने दबिश दी। यहां क्रिकेट टी-20 वर्ल्ड कप के बांग्लादेश और नीदरलैंड के मैच पर सट्टा लगाते 9 आरोपियों को पकड़ा। इनमें कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात, यूरो, पाउंड, यूएस डॉलर, हंगरी यूरो, पॉलिश मुद्रा, नेपाली करेंसी थी। शर्मा ने बताया कि बुकी जूम मीटिंग के माध्यम से जुड़ते थे। एक बार में एक लाइन पर 50,000 से 25,00,000 रुपए तक का धंधा किया जाता था। धंधा कितना किया जाना है यह पीयूष चोपड़ा अपने साथियों को बताता था। इसके बाद बुकीज को धंधे में उतारते थे। एक मैच में करोड़ों रुपयों की हार-जीत की बाजी लगाई जाती थी।

## खबर संक्षेप

### जंगल में लगी आग महिला जिंदा जली

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में जंगल में आग लगने से 75 वर्षीय एक महिला जिंदा जल गई।



एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मृतका की पहचान हमीरपुर के बगैतू गांव की निवासी निक्की देवी के रूप में हुई है। जंगल की आग निक्की देवी के खेतों तक पहुंच चुकी थी जिसे वह बुझाने की कोशिश कर रही थी लेकिन वह खुद उसकी चपेट में आ गयी और जिंदा जल गईं।

### 6 करोड़ की याबा गोलियां जब्त, 3 लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में कछार पुलिस ने अंतर-राज्यीय सीमा क्षेत्र में 21 हजार याबा टैबलेट के साथ तीन व्यक्तियों को पकड़ा।



करीमगंज में अधिकारियों ने 12 जून को लामाजुआर क्षेत्र में लगभग 6 करोड़ रुपए मूल्य की प्रतिबंधित दवाओं को जब्त किया। पुलिस ने बताया कि मिजोरम से आने वाले एक बिना नंबर वाले बोलेरो कैंपर वाहन की बैकलाइट के अंदर छिपाए गए दो लाख बीस हजार प्रतिबंधित याबा टैबलेट जब्त की।

### पर्यटन से विदेशी मुद्रा में 17,909 करोड़ की आय

**नई दिल्ली।** देश में इस साल अप्रैल में पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय सालाना आधार पर 2.90 प्रतिशत बढ़कर 17,909 करोड़ रुपए हो गई।



यह अप्रैल 2023 में 17,405 करोड़ रुपए थी। पर्यटन मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय सालाना आधार पर 27.18 प्रतिशत बढ़कर 90,600 करोड़ रुपए हो गई। यह पिछले साल की समान अवधि में 71,235 करोड़ रुपए थी।

## मुख्यमंत्री ने बैतूल को दी 1008 विकास कार्यों की सौगात, मां ताप्ती का जलाभिषेक कर स्वच्छता अभियान में लिया भाग

# मोहन सरकार 3 करोड़ मकान बनाएगी अब हर गरीब को मिलेगा 'पक्का घर'


भगवान श्री राम और श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा, दूध उत्पादन पर बोनस दिया जाएगा

*सीएम ने कहा कि हर घर जल और हर नल में जल अभियान भी प्रदेश में जारी है। सभी पंचायतों में नल से जल और हर घर में गैस का चूल्हा उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है। युवाओं को रोजगार देने की विशेष पहल की जा रही है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों को तीन करोड़ पक्के मकान बनाकर देगी। इसके तहत लाड़ली बहनों का भी आवास बनाकर देने की योजना है। प्रदेश में कोई भी गरीब बिना पक्के मकान के नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि हर घर जल और हर नल में जल अभियान भी प्रदेश में जारी है। सभी पंचायतों में नल से जल और हर घर में गैस का चूल्हा उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है। युवाओं को रोजगार देने की विशेष पहल की जा रही है। सरकार दूध पर बोनस देने की योजना बना रही है। जल्दी ही उसे अमलीजामा पहना दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को बैतूल जिले के मुलताई में उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।





### मुख्यमंत्री स्व. उइके के घर पहुंचे

### परिजनों को सौंपा एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि का स्वीकृति पत्र

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर आतंकी हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवान स्व. कबीर उइके के पैतृक ग्राम पुलपुलडोह स्थित निवास पहुंचे। उन्होंने शहीद स्व. उइके के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। यादव ने शहीद स्व. उइके के परिजनों को एक करोड़ रुपए की अनुग्रह सहायता राशि का स्वीकृत पत्र प्रदान किया। उनके साथ मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद छिंदवाड़ा विवेक बंटी साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणजनों की उपस्थित रहे।

### बैतूल में शुरू होंगे उद्योग



यादव ने कहा कि स्थानीय युवाओं को जिले में ही रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैतूल जिले में उद्योग लगाने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में तीर्थ यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जा रही है। शुरूआत में दो ज्योतिर्लिंगों, ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर को इस सेवा से जोड़ा जा रहा है। प्रदेश के युवा हेलीकॉप्टर और विमान चलाना सीखें, इस उद्देश्य से आवश्यक प्रशिक्षण व कोर्स शुरू किए जा रहे हैं, इसके तहत जिलों में उपलब्ध हवाई पट्टियों का उपयोग युवाओं को पायलेट के रूप में प्रशिक्षित करने के लिए किया जाएगा।

### गो-शालाओं को अनुदान के रूप में दी जाने वाली राशि दोगुनी

यादव ने कहा कि भगवान श्री राम और श्री कृष्ण के प्रदेश में जहां-जहां चरण पड़े हैं, ऐसे प्रत्येक स्थान को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। ताप्ती धाम का भी विकास किया जाएगा। हमारी संस्कृति में गो-माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास माना गया है। राज्य सरकार प्रत्येक गाय की चिंता करने का कार्य कर रही है। गो-शालाओं को दिए जाने वाले अनुदान की राशि दोगुनी कर दी गई है।

### प्रदेश में 5 करोड़ 50 लाख पौधे लगाने का अभियान

यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ ही प्रदेश में 5 करोड़ 50 लाख पौधे लगाने का अभियान शुरू किया जा रहा है। पेड़-पौधे ऋषि मुनियों के समान हैं जो हमें जीवन देने के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। उन्होंने कवि रहीम के दोहे 'रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून' का स्मरण करते हुए पानी के मानव जीवन में महत्व को दर्शाया।

## नीट परीक्षा गड़बड़ी मामले में 'गुजरात कनेक्शन'




नीट में गड़बड़ी को लेकर भोपाल में भी विरोध प्रदर्शन किया गया

# गोधरा से 5 आरोपी गिरफ्तार, 10-10 लाख में हुई थी नकल कराने की 'डील'

अब तक ढाई करोड़ रुपए के मनी ट्रेल का खुलासा

बरामद इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की एफएसएल जांच होगी

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

नीट परीक्षा में गड़बड़ी को लेकर गुजरात पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी के बाद अब तक ढाई करोड़ रुपए के मनी ट्रेल की बात सामने आई है।

पुलिस के मुताबिक छात्रों से पैसे लेकर नीट परीक्षा पास कराने का गोरखधंधा चल रहा था। पिछले महीने पंचमहल जिले के कलेक्टर को मिली सूचना के आधार पर गोधरा के जय जलाराम स्कूल के नीट एग्जाम सेंटर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान यह खुलासा हुआ कि बच्चों से पैसे लेकर परीक्षा पास कराने का खेल हुआ है।

### ओएमआर शीट खाली छोड़ने के थे निर्देश

*तुषार भट्ट को आरिफ वोरा ने एजेंट के तौर पर छात्रों से मुलाकात करवा कर एक-एक छात्र से परीक्षा पास कराने के लिए दस-दस लाख में डील की थी और सात लाख. एडवांस लिए थे। भट्ट ने एडवांस लेने वाले छात्रों को ओएमआर शीट खाली छोड़ने के निर्देश दिए थे, ताकि शीट को भरकर उन्हें पास कराया जाए।*

### पुलिस ने एनटीए से मांगी जानकारी

*पुलिस के मुताबिक एनटीए से जानकारी मांगी गई है कि परीक्षा कैसे कंडक्ट कराई जाती है और एग्जाम के ऑब्जर्वर और सुपरवाइजर की भर्ती प्रक्रिया तक की जानकारी पुलिस जुटा रही है। आरोपियों से बरामद फोन और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।*

बागसेवनियां डिपो में ड्राइवर बसें निकालने पहुंचे और वहीं धरने पर बैठ गए

# राजधानी में डेढ़ सौ लाल बसों की हड़ताल से डेढ़ लाख लोग परेशान

आज भी नहीं चलेंगी बसें, ऑपरेटर कंपनी दो साल से नहीं जमा कर रही पीएफ राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

राजधानी में शुक्रवार को करीब डेढ़ सौ सिटी बसें नहीं चलने से करीब डेढ़ लाख से ज्यादा लोग परेशान हो गए। हड़ताल खत्म न होने से शनिवार को भी यह बसें नहीं चलेंगी। इन बसो में सफर करने वाले लोग सुबह से बस स्टॉप पर खड़े रहे। उन्हें ऑटो चालकों ने जानकारी दी कि बसों की हड़ताल है। इसके बाद लोग ऑटो या दूसरे साधनों से अपने कार्य स्थल या दूसरी जगह पहुंचे। कई रूट पर आधे से एक घंटे तक लोगों को बसों का इंतजार करना पड़ा। सिटी बसों के ड्राइवर व कंडक्टर सुबह बसों को बाहर निकालने के लिए बागसेवनियां डिपो तो पहुंचे लेकिन कुछ देर चर्चा के बाद वहीं पर धरने पर बैठ गए। इन बसों के ड्राइवर व कंडक्टर के अनुसार उनकी कंपनी पिछले दो साल से पीएफ की राशि जमा नहीं कर रही है।




### दूसरी ऑपरेटर कंपनी की बसों में भी मनमानी

*शहर में जिन ऑपरेटर की बस चल रहीं हैं, उनमें भी ड्राइवर व कंडक्टर सवारियों को नहीं चढ़ने दे रहे थे। सवारियों की परेशानी को देखते हुए कई बस स्टॉप पर पुलिस ने हस्तक्षेप कर दूसरे ऑपरेटर की चल रहीं सिटी बसों में सवारियों को बैठाया।*

## 'हरियाली' बचाने के लिए अनोखा प्रदर्शन






**पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधकर बचाने का लिया संकल्प**

**भोपाल।** हाउसिंग प्रोजेक्ट के तहत शिवाजी नगर में पेड़ों की कटाई की आशंका को देखते हुए शहर के पर्यावरणप्रेमियों ने अनोखा प्रदर्शन किया। शुक्रवार को 6 नंबर स्थित नूतन कॉलेज के पास शाम को पेड़ों पर रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें बचाने का संकल्प लिया। एक दिन पहले भी 5 नंबर स्टॉप पर लोगों ने पेड़ों से चिपककर विरोध दर्ज कराया था। पर्यावरणविद डॉ. सुभाष सी पांडे ने कहा कि यदि पेड़ काटने की शुरुआत हुई तो एनजीटी जाएंगे। हमने याचिका तैयार कर ली है। भाजपा विधायक भगवान दास सबनानी भी प्रदर्शन में शामिल हुए। उनका कहना है कि पेड़ लगाए जाएंगे, काटे नहीं जाएंगे।

**अमरवाड़ा विधानसभा के लिए नामांकन**

# पहले दिन कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा में उपचुनाव के लिए 14 जून से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

नामांकन के पहले दिन कोई भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि नांकन पत्र भरने की अंतिम तारीख 21 जून है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 24 जून को की जाएगी। नाम वापसी का अंतिम तारीख 26 जून है। मतदान 10 जुलाई को होगा।



मतगणना 13 जुलाई को होगी। भाजपा ने इस सीट से कमलेश शाह को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। कांग्रेस की ओर से उम्मीदवार की तलाश की जा रही है। कमलेश शाह कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में से एक रहे हैं। अमरवाड़ा में आदिवासी समाज में उनके जैसा कोई दूसरा नेता नहीं माना जाता है।

### भाजपा कांग्रेस को एक और झटका देने की तैयारी में

*कांग्रेस अमरवाड़ा सीट पर हर हाल में जीत दर्ज करना चाहती है तो भाजपा कांग्रेस को एक और झटका देने की तैयारी में हैं। आदिवासी बाहुल्य इस सीट पर दोनों ही पार्टियों का फोकस है। हाल ही में भाजपा के विवेक बंटी साहू ने छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर नकुलनाथ को बड़े अंतर से हराया है। ऐसे में माहौल भाजपा के पक्ष में बना हुआ है जिसका फायदा पार्टी को मिल सकता है।*

## इंदौर व खरगोन समेत 27 जिलों में प्री-मानसून, नौ जिलों में तपिश

मानसून इंदौर होता हुआ 19 जून तक भोपाल पहुंचेगा

# तीन दिन बाद पूर्वी हिस्से बालाघाट और सिवनी से 'एंट्री' करेगा मानसून

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

प्रदेश में मानसून की आमद का इंतजार तेज हो गया है। तीन दिन बाद प्रदेश के पूर्वी हिस्से बालाघाट और सिवनी से मानसून एंट्री करेगा, जिसके बाद इंदौर होता हुआ 19 जून तक भोपाल पहुंचेगा। हालांकि, पिछले तीन दिनों से प्रदेश के 27 जिलों में प्री-मानसून की बारिश भी हो रही है। जिससे दिन और रात के तापमान में गिरावट आई है। शुक्रवार को इंदौर, खरगोन, होशंगाबाद, बैतूल, धार सहित अन्य जिलों में बूंदाबांदी हुई।

### चित्रकूट, खजुराहो और निवाड़ी में 45 डिग्री सेल्सियस पारा



बड़ी झील के राजाभोज सेतु का दृश्य

### बिजली गिरने का खतरा ज्यादा

प्रदेश में 17-18 जून को मानसून की आमद हो सकती है। इससे पहले, प्रदेश में प्री-मानसून की गतिविधियां जारी हैं। कहीं तेज बारिश हो रही है, तो कहीं बिजली गिरने-चमकने या आंधी का दौर है। शुक्रवार दोपहर को प्रदेश के खरगोन, हरदा, इंदौर के महू, सीहोर के आष्टा, खंडवा समेत कई जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर समेत 27 जिलों में प्री-मानसून की वजह से बूंदाबांदी हुई। ग्वालियर, दतिया समेत 9 जिलों में गर्मी का असर देखने को मिला। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ लाइन सिस्टम सक्रिय है। इस वजह से आंधी, बारिश और गरज-चमक की स्थिति बनी हुई है, जो अगले कुछ दिन तक बनी रहेगी। बिजली गिरने की संभावना ज्यादा है। जिसको देखते हुए इन दिनों में बारिश के दौरान आने-जाने से बचना चाहिए।

जबलपुर

शनिवार, 15 जून 2024

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-14

वर्ष : 19, अंक : 46

पृष्ठ : 2+12=14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम

अधि. 38

न्यून. 29

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



6 रक्षा क्षेत्र की चुनौतियों से निपटना होगा





मैट्रो

12 नीट परीक्षा : स्टूडेंट्स ने याचिकाएं ...










◆ प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अपुलिया में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय वार्ता की

# मैक्रों ने पीएम मोदी को लगाया गले...सुनक से द्विपक्षीय संबंधों व साझा हितों के मुद्दों पर चर्चा

इटली के अपुलिया क्षेत्र के बोर्गो एग्नाजिया के आलीशान रिसॉर्ट में 13 से 15 जून तक आयोजित हो रहे जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में युद्ध और गाजा में संघर्ष के मुद्दों के छाए रहने की उम्मीद

सुनक और मोदी की पिछली मुलाकात पिछले साल सितंबर में नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन में हुई थी, जब उन्होंने भारत के आम चुनाव से पहले मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता में तेजी लाने पर सहमति जताई थी



इटली पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि हमारा लक्ष्य वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना और उज्जवल भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है





एजेंसी ▶▶ इटली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर अपुलिया में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। बैठक से पहले राष्ट्रपति मैक्रों ने पीएम मोदी से गर्मजोशी से मुलाकात की। पीएम मोदी को देखते ही मैक्रों ने उन्हें गले लगा लिया। इसके बाद दोनों नेताओं ने एक दूसरे का हालचाल पूछा। रिकॉर्ड तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी-मैक्रों की यह पहली मुलाकात है। फ्रांस भारत का स्ट्रैटेजिक पार्टनर है। लिहाजा, दोनों देश अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की दिशा में वार्ता की।

## जॉर्जिया मेलोनी के साथ भी वार्ता होगी

अब व्यापार वार्ता हालांकि, चार जुलाई को नई ब्रिटिश सरकार के निर्वाचित होने के बाद ही पुनः शुरू होने की उम्मीद है। जनवरी 2022 में शुरू हुई भारत-ब्रिटेन एफटीए वार्ता का उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाना है। वहीं, जेलेंस्की के साथ रूस-यूक्रेन युद्ध के समाधान को लेकर वार्ता की। प्रधानमंत्री ने बातचीत के जरिए यूक्रेन युद्ध का समाधान खोजने को प्रेरित किया। जी7 से इतर इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ भी वह द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मेलोनी के निमंत्रण पर ही पीएम मोदी इटली में जी-7 की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं।

### मोदी-मैक्रों की पिछली मुलाकात जनवरी में हुई थी

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की और माना जा रहा है कि उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर तथा वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। दोनों नेताओं की पिछली मुलाकात जनवरी में हुई थी, जब फ्रांस के राष्ट्रपति भारत के 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल हुए थे। दोनों नेताओं ने अपनी पिछली बैठक के दौरान द्विपक्षीय सहयोग और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के लिए अपने साझा दृष्टिकोण की पुष्टि की थी, जिसे 'होराइजन 2047' और जुलाई 2023 शिखर सम्मेलन के अन्य दस्तावेजों में रेखांकित किया गया है।'

### जो बाइडेन समेत कई वर्ल्ड लीडर्स से मुलाकात करेंगे मोदी

*जी-7 समिट में प्रधानमंत्री मोदी इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन समेत कई वर्ल्ड लीडर्स से मुलाकात करेंगे। इटली पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि हमारा लक्ष्य वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना और उज्जवल भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है। इटली के अपुलिया क्षेत्र के बोर्गो एग्नाजिया के आलीशान रिसॉर्ट में 13 से 15 जून तक आयोजित होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में युद्ध और गाजा में संघर्ष के मुद्दों के छाए रहने की उम्मीद है। पीएम मोदी ने समिट के लिए रवाना होने से पहले कहा था कि उन्हें इस बात की खुशी है कि वो पहले विदेश दौरे पर इटली जा रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### पैसा निकालने की छूट बंद ईपीएफओ ने बदला नियम

**नई दिल्ली।** निजी सेक्टर की कंपनियों के कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफओ) की ओर से कई सुविधाएं प्रोवाइड कराई जाती है। अब एक खास सुविधा को ईपीएफओ ने बंद करने का ऐलान किया है। 12 जून को जारी नोटिफिकेशन में कहा कि कोविड-19 अब महामारी नहीं है। ऐसे में कोविड एडवांस की सुविधा तत्काल प्रभाव से बंद की जा रही है। ये सुविधा किसी को नहीं दी जाएगी। इसे कोविड महामारी के समय आर्थिक संकट से उबरने के लिए शुरू किया गया था, लेकिन अब इसके बंद करने का फैसला लिया गया है।



### मई में थोक महंगाई दर बढ़ी, 2.61% पर पहुंची

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मई महीने के थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार देश में थोक महंगाई में दर में लगातार तेजी है। जारी रिटेल महंगाई में मामूली गिरावट आई थी। लेकिन, थोक महंगाई दर में तेजी बरकरार है। होलसेल प्राइस इंडेक्स यानी डब्ल्यूपीआई आधारित महंगाई मई में 2.61 प्रतिशत थी। खाद्य पदार्थों, विशेषकर सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण मई में थोक मुद्रास्फीति में लगातार तीसरे महीने वृद्धि हुई है।



### ओलंपिक क्वालीफायर में यूक्रेन से मिली हार

**अंताल्या।** दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को यहां अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के प्री क्वार्टरफाइनल में बढ़त गंवाकर निचली रैंकिंग पर काबिज यूक्रेन से 3-5 से उलटफेर का शिकार हो गई।

### पुलिया से 15 फीट गहरी खाई में गिरी ट्रैक्टर-ट्रॉली



# मां-बेटियों समेत पांच की मौके पर मौत, 19 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

जिले में टैक्टर-ट्रॉली पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 से अधिक लोग घायल हो गए। मरने वालों में तीन मृतक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। हादसे के समय टैक्टर-टॉली में करीब 30 लोग सवार थे।

सभी रतनगढ़ माता मंदिर पर जवारे चढ़ाने जा रहे थे, इस दौरान दुरसड़ा थाना क्षेत्र के जोरा मैथाना पाली गांव के पास सुबह करीब पांच बजे यह हादसा हो गया। दतिया एसपी की ओर से जानकारी दी गई कि भांडेर थाना क्षेत्र के ग्राम कुरेथा और मैथाना- पाली की पुलिया के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने की सूचना पर तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य का जायजा लिया। घायलों को उपचार के लिए हॉस्पिटल भेजा है, चिकित्सकों को सभी घायलों के बेहतर इलाज के दिशा निर्देश दिए हैं।

### छह ट्रैक्टर ट्रॉली में निकले थे 200 लोग

*जानकारी के अनुसार दीसवार गांव के करीब 200 लोगों एक साथ रतनगढ़ माता मंदिर पर जवारे चढ़ाने जा रहे थे। सभी छह ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर एक साथ निकले थे। इस दौरान ग्राम कुरेथा और मैथाना-पाली की पुलिया पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर करीब 15 फीट नीचे गिरकर पलट गया। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में तीन लड़कियां और दो महिलाएं शामिल हैं। इनमें से दो लड़कियां और एक महिला एक ही परिवार की हैं। परिवार में एक साथ तीन लोगों की मौत से मातम पसर गया है। वहीं, हादसे से पूरे गांव में गमगीन माहौल है।*

## बोट क्लब में 'डल झील' का अहसास



### अब चलने लगा 'शिकारा' महापौर ने किया शुभारंभ

**भोपाल।** राजधानी की बड़ी झील में डल झील की तर्ज पर शुक्रवार से शिकारे की सुविधा हो गई है। नगर निगम द्वारा नाव को शिकारा के समान तैयार कर बड़े तालाब में उतारा गया। महापौर मालती राय ने इसका उदघाटन करते हुए कहा कि यह प्रयोग सफल रहा तो अगले एक महीने में एक या दो शिकारे और पानी में उतारे जाएंगे। इस 10 सीटर शिकारे को रोजाना सुबह 7 बजे से शाम को 7 बजे तक चलाया जाएगा। प्रति व्यक्ति किराया करीब 150 रुपए होगा। इस किराए में वह 2.3 किलोमीटर का चक्कर लगाकर वापस बोट क्लब पर उतारेगा। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने करीब 10 महीने पहले 12 सितंबर को क्रूज और मोटर बोट पर रोक लगा दी थी। इसके बाद सामान्य बोट ही चलाई जा रही थी।






लोकसभा चुनाव में भाजपा को अपने दम पर पूर्ण बहुमत न आने की वजह 'अहंकार' बताई

# इंद्रेश कुमार के 'अहंकार' वाले बयान पर आरएसएस ने कहा यह हमारा 'ऑफिशियल' स्टेटमेंट नहीं...उनका निजी विचार

इंद्रेश कुमार बोले- जिन लोगों के मन में राम जी को लेकर श्रद्धा नहीं थी, उन्हें 241 पर ही रोक दिया

यह राम जी की ही कृपा थी कि भाजपा देश की सबसे बड़ी पार्टी बन सकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आरएसएस के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार की वजह 'अहंकार' बताई है। बिना किसी का नाम लिए उन्होंने कहा कि भगवान राम की भक्ति करने वाली पार्टी अहंकारी हो गई थी, इसलिए 241 पर सिमट गई। इस चुनाव में भाजपा का अहंकार ध्वस्त हो गया है। उनके बयान के बाद सियासी भूचाल आ गया। हालांकि, अब संघ के सूत्रों का कहना है कि इंद्रेश कुमार का बयान संघ का 'ऑफिशियल' स्टेटमेंट नहीं है। यह उनकी निजी राय है। इंद्रेश कुमार ने कहा कि इन लोगों ने भगवान राम की भक्ति तो की थी, मगर इनमें धीरे-धीरे अहंकार आ गया। आज भगवान राम ने इनके अहंकार को खत्म कर दिया है। ये लोग इस चुनाव में प्रशंसनीय परिणाम नहीं दे पाए।



विपक्ष पर भी निशाना साधा

### आश्चर्य है कि भगवान राम के विरोधी इस चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर पाए

*इंद्रेश कुमार ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आश्चर्य है कि भगवान राम के विरोधी इस चुनाव में अच्छा प्रदर्शन कर पाए। बेशक नंबर एक पर नहीं आ पाए, लेकिन नंबर दो पर बेहतर प्रदर्शन के साथ अपनी जगह मजबूत करने में सफल हुए। इसलिए हम सभी को एक बात समझ लेनी चाहिए कि प्रभु का न्याय विचित्र नहीं है, बल्कि बड़ा ही सत्य है। प्रभु की लीला अपरंपार है, जिसे इंसानी दिमाग नहीं समझ सकता। जिस पार्टी ने भगवान राम की भक्ति की उसे बेशक 241 सीट ही मिली, लेकिन वो सरकार बनाने में सफल हुई और जिन लोगों ने भक्ति नहीं की, वो अच्छा करने में सफल तो हुए, लेकिन सरकार बनाने से चूक गए।*

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की वर्ष 2024-25 की राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा

# प्रदेश के जिन स्थानों पर दरों में अधिक असमानता, वहां दरें समायोजित होंगी

**सीएम डॉ. मोहन ने कहा- भूमि के वास्तविक मूल्य और जिस दर पर रजिस्ट्री हो रही है, उसमें अधिक अंतर न हो**

**राजस्व में बढ़ोतरी के हरसंभव प्रयास करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार को विभिन्न स्त्रोतों से हो रही राजस्व में बढ़ोतरी के लिए हरसंभव प्रयास करें। राजस्व बढ़ाने के लिए अन्य राज्यों की ओर से क्रियान्वित की जा रही बेस्ट प्रैक्टिसेस को अपनाने के साथ-साथ राज्य की परिस्थितियों के अनुसार अधिक प्रभावी कार्ययोजना बनाने के उद्देश्य से विषय-विशेषज्ञों की सलाह लें।

राजस्व बढ़ाने के लिए पारदर्शिता और ईमानदारी से कार्य होना चाहिए, चूंकि अधिक राजस्व से ही विकास और जनकल्याणमूलक कार्यों को गति मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को वर्ष 2024-25 की राजस्व प्राप्तियों की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। समत्व भवन में हुई बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया, एसएन मिश्रा, डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव वित्त मनीष सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्टाम्प और पंजीयन में सजगता बढ़ाते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि भूमि के वास्तविक मूल्य और जिस दर पर रजिस्ट्री हो रही है, उसमें अधिक अंतर न हो।

**राजस्व व धर्मस्व भूमियों पर अतिक्रमण न हो तथा उनका उपयोग सुनिश्चित किया जाए**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के जिन स्थानों पर दरों में अधिक असमानता है, वहां दरों को समायोजित किया जाए। आबकारी से जुड़ी गतिविधियों में राजस्व हानि रोकने और नियमानुसार सामग्री का विक्रय सुनिश्चित करने के लिए आकस्मिक निरीक्षण संबंधी कार्रवाईयां बढ़ाई जाएं। राजस्व, धर्मस्व सहित अन्य विभागों की भूमियों को चिन्हित कर सुनिश्चित किया जाए कि इन पर अतिक्रमण न हो तथा ऐसी भूमियों के महत्व अनुसार राजस्व प्राप्तियों में वृद्धि की दृष्टि से उनका उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

**खनिज सम्पदा पर निगरानी के लिए अपडेट तकनीक का उपयोग करें**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश से निकलने वाली खनिज सम्पदा पर निगरानी के लिए अद्यतन तकनीक का उपयोग करते हुए प्रदेश में नाकों की संख्या बढ़ाई जाए। खनन के लिए आवंटित निर्धारित क्षेत्र में खनन गतिविधियां हों, इस पर निगरानी के लिए ड्रोन और सैटेलाइट सर्वे का उपयोग किया जाए। खनिज व्यवसाय में प्रदेश के व्यावसायियों को प्रोत्साहित किया जाए, प्रदेश में खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ाने के लिए नीति बनाई जाए।

**वन सम्पदा और लकड़ी पर आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित करें**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में उपलब्ध वन सम्पदा और लकड़ी पर आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित किया जाए। देश में जिन स्थानों पर लकड़ी की मांग अधिक है, वहां प्रदेश की श्रेष्ठ लकड़ी की नीलामी की व्यवस्था विकसित की जाए। बैठक में वैट, जीएसटी, स्टाम्प पंजीयन, माइनिंग, आबकारी, राजस्व, खनिज, परिवहन, ऊर्जा, वन और सिंचाई क्षेत्र से आने वाली राजस्व प्राप्तियों के लक्ष्य, वर्तमान स्थिति और आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श हुआ।

# मुख्यमंत्री के प्रयास से अब टीकमगढ़ शहर को उत्तरप्रदेश के बांध से मिलेगा पेयजल

- 1.00 एमसीएम जल प्रदाय किए जाने पर सहमति
- सीएम डॉ. यादव ने उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखी थी चिट्ठी
- जामनी बांध और भौराट बांध के निर्माण के कारण टीकमगढ़ शहर में पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयास से टीकमगढ़ शहर की पेयजल व्यवस्था के समाधान के लिए उत्तरप्रदेश सरकार जमरार बांध (ललितपुर, उप्र) से 1.00 एमसीएम जल प्रदाय किए जाने पर सहमत हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने टीकमगढ़ में पेयजल समस्या उत्पन्न होने की जानकारी मिलते ही त्वरित कदम उठाए और उत्तरप्रदेश सरकार से संपर्क किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र में लिखा था कि ग्रीष्म ऋतु में जामनी नदी में पानी का प्रवाह कम हो जाने से तथा जामनी नदी के अप स्ट्रीम में उत्तरप्रदेश में जामनी बांध और भौराट बांध के निर्माण के कारण टीकमगढ़ शहर में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है। टीकमगढ़ शहर के पेयजल संकट का जमरार बांध से 1.00 एमसीएम पानी प्रदाय किए जाने की स्थिति में समाधान संभव है।

**जामनी नदी के माध्यम से जाने वाला पानी अवरूद्ध नहीं**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भेजे पत्रोत्तर में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि व्यापक जनहित को देखते हुए टीकमगढ़ के निवासियों के लिए इस माह जमरार बांध से 1.00 एमसीएम जल उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जामनी बांध वर्ष 1973 में निर्मित हुआ था और भौरट बांध वर्तमान में निर्माणाधीन है। इन बांधों के कारण जामनी नदी के माध्यम से जाने वाला पानी अवरूद्ध नहीं हुआ है। टीकमगढ़ के बरीघाट स्टापडैम की जल भंडारण क्षमता पेयजल आपूर्ति के मान से कम है, इसलिए उत्तरप्रदेश सरकार ने जमरार बांध से पेयजल व्यवस्था का निर्णय लिया है।

**टीकमगढ़ के लगभग दो लाख निवासियों का जलसंकट हुआ समाप्त**

पत्र में डॉ. यादव ने अनुरोध किया कि टीकमगढ़ शहर के पेयजल के लिए उत्तरप्रदेश में ललितपुर जिले में स्थित जमरार बांध से 1.00 एमसीएम जल उपलब्ध कराने के निर्देश जारी कर टीकमगढ़ शहर एवं प्रदेश की जनता को अनुग्रहित करें।

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पत्र पर संज्ञान लिया और इस तरह टीकमगढ़ के लगभग दो लाख निवासियों को अब पेयजल समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## जयवर्धन और शैलेन्द्र पटेल को बुधनी उपचुनाव की कमान

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के चलते बुधनी विधानसभा की सीट रिक्त हुई है, जहां निकट भविष्य में उपचुनाव होना नियत है। उपचुनाव की बूथ स्तर की तैयारी के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह एवं पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल को प्रभारी मनोनीत कर उक्त कार्य की जिम्मेदारी नेताद्वय को सौंपी है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन कार्य प्रभारी राजीव सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निर्देशानुसार उक्त संबंध में पत्र जारी किया है।

पत्र में आग्रह किया है कि सीहोर जिले की बधुनी विधानसभा का दौरा कार्यक्रम निर्धारित कर वहां के वरिष्ठ कांग्रेसजनों, जिले के स्थानीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की बैठक आहूत कर सर्वसम्मति से कांग्रेस पार्टी को विजयश्री दिलाने वाले संभावित प्रत्याशी का नाम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को प्रेषित करें।

# एनआईए ने गरियाबंद जिले की आठ जगहों पर मारा छापा, 6 लोगों को हिरासत में लिया

**मतदान दल पर हुए नक्सली हमले की होगी जांच**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के मैनपुर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए ने सर्च आपरेशन चलाकर छापेमारी की। विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान एक पोल पार्टी के काफिले पर नक्सली आइईडी हमले के सिलसिले में एनआईए प्रदेश के कई स्थानों की तलाशी ली। टीम ने गुरुवार को मैनपुर से 12 किलोमीटर दूर बड़े गोबरा गांव में दबिश दी। कुल आठ जगहों पर छापेमारी कर पूर्व सरपंच समेत 6 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

फिलहाल घटना में पकड़े गए लोगों की भूमिका स्पष्ट नहीं की गई है। परिवारवालों के पूछने पर टीम ने उनसे कहा कि बस पूछताछ के लिए ले जा रहे हैं। मामले में गांव बड़ेगोबरा, पीएस मैनपुर के नक्सल प्रभावित इलाके में छह संदिग्धों के परिसरों पर गहन तलाशी ली। प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के मैनपुर-नुआपाड़ा डिवीजन के ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू), समर्थकों के रूप में काम करने वाले संदिग्धों के परिसरों से तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन और 2 लाख 98 हजार रुपए नकद जब्त किए।

**मतदान करवाकर वापस लौटते समय किया था ब्लास्ट**

17 नवंबर को मतदान दल नक्सली प्रभावित इलाकों में मतदान करवाकर वापस लौट रहा था। इसी बीच बड़े गोबरा के पास नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर पोलिंग पार्टी को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। घटना में भारत तिब्बत सीमा पुलिस का एक जवान जोगिंदर सिंह वीरगति को प्राप्त हुए थे। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस साल जिन तीन सुरक्षाकर्मियों की हत्या की जांच की फाइल एनआईए को सौंपी है, उसमें शहीद जोगिंदर सिंह का केस भी शामिल है।

**कक्ष क्रमांक 503 एसीएस डॉ. राजौरा को अलॉट**

# मुख्यमंत्री सचिवालय में वरिष्ठ अफसरों की पदस्थापना के बाद कक्ष भी हुआ आवंटित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अभी दो दिन पहले मुख्यमंत्री सचिवालय में दो वरिष्ठ आईएएस अफसरों एसीएस डॉ. राजेश राजौरा व प्रमुख सचिव संजय शुक्ला की पदस्थापना की गई थी।

सामान्य प्रशासन विभाग ने गुरूवार को दोनों अफसरों को कक्ष भी आवंटित कर दिया। प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह का कक्ष क्रमांक 503 एसीएस डॉ. राजौरा को अलॉट किया गया है। साथ में वेटिंग एरिया क्रमांक 504 व 05 भी उन्हें ही आवंटित किया गया है। जबकि मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव शुक्ला को अपर सचिव अविनाश लवानिया का 519 नंबर का कक्ष अलॉट किया गया है। इसके ठीक बगल में उनके स्टाफ के लिए कक्ष दिया गया है। इसी तरह मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सिंह को कक्ष क्रमांक 507 व 08 को आवंटित किया गया है। अपर सचिव लवानिया को कक्ष क्रमांक 510 व 11, ओएसडी लोकेश शर्मा को मुख्यमंत्री सचिवालय में ही कक्ष क्रमांक 515 तथा अवर सचिव आदित्य शर्मा व ओएसडी शर्मा के स्टाफ को कक्ष क्रमांक 506 आवंटित किया गया है।

**मुख्यमंत्री सचिवालय में एसीएस के साथ दो प्रमुख सचिव पदस्थ**

मुख्यमंत्री सचिवालय में आईएएस अफसरों की नई पदस्थापना के बाद अब एसीएस डॉ. राजौरा के साथ ही दो प्रमुख सचिव शुक्ला व सिंह पदस्थ हो चुके हैं। इससे अब कार्यो में तेजी आने के साथ ही प्रदेश भर में संचालित सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रगति आएगी। अभी तक कई महत्वपूर्ण कार्य पिछड़े हुए थे, अब उसमें तेजी आएगी। इसके साथ ही साथ मॉनिटरिंग भी बढ़ेगी। दूसरी तरफ अपर मुख्य सचिव स्तर के अफसर की पदस्थापना से मुख्यमंत्री कार्यालय से मुख्य सचिव को भेजे जाने वाली फाइलों की गति व क्रियान्वयन में तेजी आएगी। बताते हैं कि मुख्य सचिव के यहां से आने वाली सभी फाइलों को स्कूटनी के बाद मुख्यमंत्री के पास अनुमोदन के लिए भेजा जा सकेगा। इस निर्णय से दूरगामी संदेश देने की कोशिश भी की गई है।

सागौन की लकड़ी के तस्कर मौके से फरार हो गए

# दोरनापाल में वन विभाग ने कार्रवाई कर 86 नग सागौन और बीज का चिरान जब्त किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

सुकमा जिले के नगर पंचायत दोरनापाल में वन विभाग ने सागौन के अवैध चिरान पर बड़ी कार्रवाई की है। कार्रवाई के दौरान वन विभाग को एक कृषि भूमि में बने घेराबंदी से 86 नग सागौन और बीज के अवैध चिरान मिले हैं। वहीं वन विभाग की छापामारी की कार्रवाई से पहले सागौन लकड़ी की अवैध तस्करी करने वाले लोग मौके से फरार हो गए। इसके बाद वन विभाग की टीम ने मौके पर बरामद किए गए 86 नग चिरान को जब्त करने की कार्रवाई की। वहीं आरोपियों की पहचान करने का प्रयास वन विभाग की टीम कर रही है। बता दें कि सुकमा के अंदरूनी इलाकों में सागौन और बीज की लकड़ी की तस्करी कोई नई बात नहीं है।

लंबे समय से अंदरूनी इलाकों में पेड़ों की अवैध कटाई कर तस्कर इमरती लकड़ियों से काला कारोबार चलाते रहे हैं। हालांकि वन विभाग इन तस्करों पर समय-समय पर कार्यवाही करता भी नजर आता है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुखबिरी की सूचना पर यह जानकारी मिली थी की खेत के बीच घेरा लगाकर अवैध चिरान से खिड़की, दरवाजे ,चौखट अन्य साधन बनाए जा रहे हैं। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई की।



# बिजली का तार टूटकर गिरने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**मौके पर पहुंची पुलिस और बिजली कंपनी की टीम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में विद्युत प्रवाहित तार टूटकर गिरने की घटना में बाइक सवार दो युवकों की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुटी है।

मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरकसपाली गांव में शुक्रवार की सुबह करंट प्रवाहित बिजली तार टूटकर गिरने की घटना में बाइक सवार दो युवक की घटना स्थल में ही मौत हो गई।

बताया जा रहा है बाइक सवार दोनों घरघोड़ा थाना क्षेत्र के बरकसपाली से कहीं जा रहे थे, इसी दौरान सड़क किनारे स्थित खंबे का तार टूटकर गिरने से यह घटना घटित हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही घरघोड़ा पुलिस एवं विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम घटना स्थल का मुआयना कर यह पता लगाने में लगी है कि बिजली का तार आखिर टूटा कैसे। पुलिस मर्ग कायम कर लिया है।

## गला दबा कर की थी युवती की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** कोरबा के कुसमुंडा के सौन्दरहा नाला में तीन दिन पहले मिली एक युवती की लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में मनबोध भारद्वाज को गिरफ्तार किया गया है। शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई है।

कोरबा जिले के कुसमुंडा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत सौंदरहा नाला में अज्ञात युवती का शव मिला था। तेरस राम कश्यप और दशरथ कश्यप ने मृतका की पहचान अपनी बहन राम कुमारी कश्यप 37 वर्ष के रूप में की। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि युवती का अफेयर्स जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ सेमरा निवासी मनबोध भारद्वाज के साथ था। पुलिस ने इस आधार पर उसे अपने कब्जे में लिया और पूछताछ की। इस दौरान ज्ञात हुआ कि आरोपी की पत्नी की मृत्यु काफी समय पहले हो गई थी और वह जानकारी छुपाते हुए राम कुमारी कश्यप के साथ लिव इन रिलेशन में था। इस बीच किसी बात को लेकर दोनों दोनों में विवाद हुआ जिस पर नाराज होकर आरोपी ने राम कुमारी का गला दबा दिया हत्या कर दी।

# पदवृद्धि की मांग को लेकर भाजपा कार्यालय पहुंचे चयनित शिक्षक, निकाला पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।

पदवृद्धि की मांग को लेकर उच्चतर माध्यमिक शिक्षक वर्ग-1 चयन परीक्षा 2023 की प्रतीक्षा सूची वाले चयनित शिक्षकों ने गुरूवार को भोपाल में जबरदस्त प्रदर्शन किया। प्रदेशभर से राजधानी में जुटे उम्मीदवार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। यहां पहले से मौजूद पुलिस बल ने प्रदर्शन करने वाले चयनित शिक्षकों को हटाया। जिसके बाद चयनित शिक्षकों ने डीपीआई तक पैदल मार्च निकाला।

चयनित शिक्षकों का कहना है कि वह पद बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। प्रदेश में शासकीय शिक्षकों के हजारों पद खाली पड़े हुए हैं। हम लोगों ने चयन परीक्षा पास कर ली है। अब सरकार के पास योग्य उम्मीदवार भी है। इसके बाद भी रिक्त पदों की संख्या में वृद्धि नहीं की जा रही है। यदि स्कूल शिक्षा विभाग एवं ट्राइबल डिपार्टमेंट रिक्त पदों की संख्या में वृद्धि कर देते हैं तो उन्हें दूसरी बार पात्रता परीक्षा और चयन परीक्षा की लंबी प्रक्रिया का आयोजन नहीं करना पड़ेगा। हमें भी दूसरी बार परीक्षा में शामिल होने की परेशानी से मुक्ति मिल जाएगी। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक मांग पूरी नहीं हो जाएगी तब तक भोपाल से वापस नहीं जाएंगे।

**कुछ महिला प्रदर्शनकारियों की तबीयत हुई खराबः** प्रदर्शन के दौरान गर्मी के कारण कुछ महिला प्रदर्शनकारियों की तबीयत खराब हुई। कुछ महिलाएं अपने मासूम बच्चों को भी साथ में लेकर आई थी। सभी उम्मीदवारों ने पदवृद्धि की मांग के समर्थन टोपी लगाई हुई थी। प्रदर्शन के दौरान कुछ महिला उम्मीदवारों की आंखों से आंसू भी छलक गए।

## यूटीएस ऑन मोबाइल टिकटिंग से मई में 75 हजार से अधिक टिकट बुक

**भोपाल।** रेलवे में यात्रियों को डिजिटल तकनीक से मोबाइल टिकटिंग की सुविधा को और विस्तारित किया जा रहा है। इसी कड़ी में यूटीएस मोबाइल एप से ऑनलाइन अनारक्षित टिकट बनाई जा रही है। अभियान के परिणामस्वरूप मई 2024 में यूटीएस एप से बुक कुल 75,397 टिकटों से 4 लाख 81 हजार 127 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 85 लाख 33 हजार 270 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। भोपाल मंडल को यूटीएस मोबाइल एप द्वारा कुल 24,153 बुक टिकट से 1 लाख 47 हजार 394 यात्रियों ने यात्रा की, जिससे रेलवे को 29 लाख 35 हजार 415 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ। दरअसल स्टेशनों पर लंबी लाइन से बचने के लिए रेलवे द्वारा यूटीएस ऑन मोबाइल एप सर्विस शुरू की गई। पश्चिम मध्य रेल के सभी स्टेशनों पर ऑनलाइन जनरल टिकट के लिए यूटीएस मोबाइल एप की सुविधा दी जा रही है।

**एरिया डॉमिनेशन के लिए आईटीबीपी 53वीं वाहिनी की टीम निकली थी**

# नारायणपुर जिले के कुतूल और मोहंदी के बीच जंगलों में आईईडी विस्फोट से आईटीबीपी के 2 जवान घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



छत्तीसगढ़ में नक्सली अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। नक्सलियों के खिलाफ लगातार एनकाउंटर की कार्रवाई करने के बाद भी वो झुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। फिर नक्सलियों ने अपनी कायराना करतूत को अंजाम दिया है। नारायणपुर जिले के कुतूल और मोहंदी के बीच जंगलों में पहले से लगाए गए आईईडी के विस्फोट होने से दो जवान गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। आईईडी की चपेट में आने से आईटीबीपी के दो जवान जख्मी हो गए हैं। घटना कोहकामेटा थाना क्षेत्र की है। फिलहाल जवानों की स्थिति खतरे से बाहर है, जिनका नारायणपुर में ही इलाज चल रहा है। क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी है।

बताया जाता है कि जिला नारायणपुर के कोहकामेटा थाना क्षेत्र के कुतूल और मोहंदी के मध्य जंगलों में एरिया डॉमिनेशन के लिये आईटीबीपी 53वीं वाहिनी की टीम निकली थी। सर्चिंग के दौरान आज शुक्रवार सुबह साढ़े 6 बजे बजे आईईडी विस्फोट होने से स्प्लिंटर लगने से आईटीबीपी के दो जवानों घायल हो गये। जल्द ही पुलिस मामले की अलग से जानकारी देगी।

**जंगल में माओवादियों के पास से मिले 3 स्नाइपर जैकेट**



**सुकमा।** सुकमा जिले के कंगालतोंग के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई कार्रवाई में एक बड़ा खुलासा हुआ है। लगातार बस्तर में हाईटेक हो रहे नक्सली संसाधनों को जूटा कर खुद को आधुनिक सुविधाओं से लैस कर रहे हैं। एक ऑपरेशन के दौरान सुकमा के घने जंगलों से जमीन के नीचे डंप किए गए नक्सली सामग्री के ढेर से स्नाइपर जैकेट का सेट मिला है। स्नाइपर जैकेट ने सुरक्षा एजेंसियों को भी चौंका दिया है क्योंकि यह अब तक की पहली घटना है जहां नक्सलियों के पास से स्नाइपर जैकेट बरामद किया गया है। जिस तरह से नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं । इन सब के बीच नक्सली लगातार खुद को हाईटेक सुविधाओं से लैस करने की तैयारी में जुटे हैं। मामले की पुष्टि करते हुए सुकमा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने बताया कि कंगालतोंग के जंगलों में पुलिस पार्टी सर्च अभियान पर निकली हुई थी इसी दौरान नक्सली जवानों को आता देखकर डंप की गई सामग्री को छोड़ भाग खड़े हुए।

**आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी का जवान घायल**

बीजापुर। बीजापुर में शुक्रवार को बन्देपारा के जंगल में नक्सलियों द्वारा प्लांट की गई आईईडी ब्लास्ट होने से डीआरजी का एक जवान घायल हो गया। उसे सामान्य चोट पहुंची है। पुलिस के मुताबिक नक्सली विरोधी अभियान के लिए 10 जून को बीजापुर डीआरजी, बस्तर फाईटर, एसटीएफ और कोबरा की संयुक्त पार्टी फरसेगढ़ क्षेत्र के नेशनल पार्क एरिया में अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान शुक्रवार को मद्देड़ थाना क्षेत्र के बन्देपारा के जंगल में नक्सलियों द्वारा प्लांट की गई आईईडी विस्फोट होने से डीआरजी जवान लच्छु कड़ती मामूली रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने बताया कि जवान की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर है।

# शहर में दूध का आपातकाल!

## रेट 70 पहुंचा, शासन प्रशासन मौन

जबलपुर।

दो साल पहले जो दूध 50 रुपये का बिक रहा था, आज की तारीख में वो दूध 70 रुपये धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। कुछ दिन पहले दूध का रेट 62 से 65 करने वाले दूधियों ने बीते दिनों खामोशी से दूध के दाम 70 रुपये कर दिये। इस मनमानी का असर बच्चों के दूध के डिब्बों से लेकर बुजुर्गों की दवा में लगने वाले दूध तक हर जगह दिख रहा है। इस मनमानी का असर मिठाई से लेकर लस्सी छाछ और दूध निर्मित उत्पादों में दिख रहा है। इस मनमानी का असर सब पर पड़ रहा है। लेकिन यह मनमानी जिला प्रशासन को दिखाई नहीं दे रही है। जिन्हें जबलपुरवासियों ने महपौर, विधायक और सांसद बनाया उन्हें नहीं दिखाई दे रही है। जनहित की रक्षा के लिये संकल्पित होने की बात करने वालें विपक्ष को नहीं दिखाई दे रही है। सत्तर रुपये का दूध खरीदने में मध्यमवर्ग की कमर टूट रही है तो फिर गरीब का क्या हाल होगा, इसका अंदाजा ही लगाया जा सकता है।

### दूध निर्मित उत्पाद महंगे

दूध के रेट बढ़ने की आड़ में लस्सी 35 और 40 रुपये ग्लास शहर में बिक रही है। वहीं मिठाई के दामों में एक साल में 80 से 100 रुपये प्रतिकिलो तक की वृध्दि कर दी गई है। इसी तरह छाछ आदि में इस बढोत्तरी का असर देखा जा रहा है।

### दूसरे राज्यों में भेज रहे दूध

जानकारों का कहना है दूध के दाम लागत बढ़ने की वजह से नहीं बढ़ रहे हैं। बल्की डिमांड और सप्लाई में आ रहे अंतर की वजह से बढ़ाए जा रहे हैं। जबकी जबलपुर में आवश्यकता से अधिक दूध का उत्पादन होता है। लेकिन जबलपुर के दूधिये कुल उत्पादन का बढ़ा हिस्सा महाराष्ट्र भेज रहे हैं। जिससे जबलपुर में दूध की कमी हो रही है। इस कमी का फायदा उठाकर दूधिये रेट बढ़ाते जा रहे हैं।



### चौतरफा मलाई काट रहे दूधिये

आसान शब्दों में चार गुना मुनाफा वसूला जा रहा है। सबसे अच्छी क्लाविटी का दूध दूसरे राज्यों में भेज कर मुनाफा कमाया जाता है। फिर कम गुणवत्ता का दूध जबलपुर वालों को दूसरे राज्यों से भी अधिक दाम पर बेचकर मुनाफा कमाया जाता है। वहीं दूध में मिलाए जाना वाले पानी और अन्य सिंथेटिक से कमाया जाने वाला अनैतिक लाभ अतिरिव्त कमाई है।

### जिम्मेदार मौन

यहां पहली जिम्मेदारी जिला प्रशासन की बनती है। क्योंकि दूध दैनिक उपभोग की वस्तु है, इसके दाम बढ़ाने के मापदंड निर्धारित हैं। मापदंड का पालन हो रहा या नहीं यह देखना जिला प्रशासन का काम है। लेकिन जिला प्रशासन इस तरफ से आंख बंद किये हुये हैं। प्रशासन की बंद आंख खुले और इसकी जिम्मेदारी सत्ता की है। लेकिन सत्ता के विधायक और सांसद सब खामोश है। प्रशासन मनमानी करे और सत्ता खामोश रहे तो फिर जनता की रक्षक, विपक्ष होती है। लेकिन जबलपुर में विपक्ष लापता है। इस सबके बीच दूधिए जनता का तेल निकालकर उससे भी मुनाफा बनाने में मस्त हैं।

# बजट में दिखेगा लाड़ली बहनों का दम

**जबलपुर।** विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए दमदारी से खड़ी रहने वाली लाड़ली बहनों पर बजट में सरकार की मेहरबानी देखने को मिलेगी। राज्य का बजट तैयार कर रही सरकार ने अब इस वर्ग पर फोकस किया है। जानकारी के अनुसार राज्य सरकार के बजट में लाड़ली बहना के लिए करीब 15000 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा जा रहा है। साफ है कि लाड़ली बहना योजना अब मार्च 2025 तक नियमित रहेगी। प्रति महिला 1250 रुपए हर माह के मान से जनवरी 2024 से लेकर अभी तक 1.29 करोड़ महिलाओं को 9 हजार 455 करोड़ रुपए वितरित किए जा चुके हैं। इसके अलावा मोहन यादव सरकार विधानसभा चुनाव से पहले किए तमाम वादे पूरे करने के लिए पैसों का प्रावधान भी बजट में बढ़ाने वाली है।

गौरतलब है की मप्र सरकार की कोशिश है की बजट में भी सभी वर्गों को साधा जाए। ऐसे में पिछले बार की तरह इस बार भी महिलाओं के लिए अलग से बजट प्रावधान रहेगा। इस वर्ग के लिए अलग से बजट पेश होगा। इसी तरह किसानों और बच्चों के लिए भी अलग से बजट पेश किया जाएगा। इसे कृषि बजट एवं चाइल्ड बजट नाम दिया गया है। वित्त विभाग ने राज्य के सभी विभागों को पत्र जारी करके कहा है कि वे बजट प्रस्ताव भेजें। महिला, बच्चों एवं किसानों के बजट के प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में देने को गया है। इसके लिए दो श्रेणी में प्रस्ताव मांगे गए हैं। एक श्रेणी में वे योजनाएं और कार्यक्रम शामिल हैं, जिसमें शत प्रतिशत बजट की जरूरत हो, जबकि दूसरी श्रेणी में तीस प्रतिशत का प्रावधान रखा गया है। साथ ही विभागों से यह भी कहा गया है कि जिन योजनाओं की अब उपयोगिता नहीं है, या फिर जो योजनाएं नहीं चल रही हैं। उनके लिए बजट की राशि न मांगी जाए। उनका बजट शून्य रहेगा।

**महिलाओं के लिए अलग से रहेगा बजट प्रावधान**

### 41 संकल्प पूरे हो चुके

मप्र में सरकार का सबसे अधिक फोकस महिलाओं पर होता है। उज्वला योजना में तीन चरणों में 88 लाख 90 हजार से अधिक मुफ्त गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं। साथ ही 45. 89 लाख बहनों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर की री-फिलिंग की गई है। यह आगे भी जारी रहेगी। इस पर अभी 118 करोड़ रुपए खाते में दिए गए। डॉ. यादव का कहना है कि 456 संकल्प लिए गए हैं। इसमें से 41 पूरे हो चुके हैं। 218 पर काम तेजी से चल रहा है। गौरतलब है कि डॉ. मोहन सरकार के छह माह का रिपोर्ट कार्ड बता रहा है कि केंद्र की योजनाओं में 188 प्रतिशत तक सफलता अर्जित कर ली गई। पीएम आवास शहरी 93.72 प्रतिशत, पीएम आवास ग्रामीण 94.85 प्रतिशत, जल जीवन मिशन 84.23 प्रतिशत, आयुष्मान भारत योजना 84.84 प्रतिशत, पीएम ग्राम सडक़ योजना 99.96 प्रतिशत, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना 100 प्रतिशत, स्वामित्व कार्ड योजना 100 प्रतिशत, सॉइल हेल्थ कार्ड 188.38 प्रतिशत, किसान क्रेडिट कार्ड 100 प्रतिशत, अटल पेंशन योजना 100 प्रतिशत, पीएम स्वानिधि 157.25 प्रतिशत और अमृत सरोवर योजना 149 प्रतिशत तक सफलता अर्जित कर ली गई।

### स्वरोजगार पर भी फोकस

बजट में युवाओं के साथ स्वरोजगार को भी फोकस में रखा जा रहा है। अभी सात लाख युवाओं को 5 हजार करोड़ रुपए का स्वरोजगार ऋण वितरित हुआ। इसी तरह सीएम सीखो कमाओ योजना में 8 हजार ट्रेनी को 6 करोड़ 60 रुपए स्टायपेंड मिला है। इसे भी जारी रखा जा सकता है। वहीं 55 सरकारी कॉलेजों को पीएम उत्कृष्टता कॉलेज के रूप में विकसित करने 485 करोड़ का प्रावधान किया गया है। 8 सरकारी विवि में इंफ्रास्ट्रक्चर लिए पीएम उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत भी 400 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मप्र उच्च शिक्षा के सकल नामांकन अनुपात में राष्ट्रीय औसत से आगे निकल गया है। इसे बरकरार रखने की कवायद की जा रही है। जरूरतों के हिसाब से 35 नए व्यावसायिक विषय पाठ्यक्रम में शामिल हो गए हैं। मेडिकल कालेज पीपीपी मोड पर चलेंगे। उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 10 हजार करोड़ की 60 से अधिक इकाइयों की शुरुआत हुई। इससे 17 हजार को रोजगार की उम्मीद बनी है। एक लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव मप्र को मिल चुके हैं। इनको जमीन पर उतारने का रोडमैप बन रहा है।

# जल स्त्रोतों की साफ-सफाई का कार्य जारी

जबलपुर।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोंतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन के लिये शुक्रवार को नगर परिषद बरेला में वार्ड क्रमांक 13 स्थित देवी तलैया की साफ-सफाई एवं गहरीकरण का कार्य कराया गया। इसी प्रकार नगर परिषद कटंगी के तिलक वार्ड दुर्गा चौक स्थित 100 वर्ष पुरानी बाबली की सफाई की गई एवं तालाब का गहरीकरण का कार्य कराया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान में शहपुरा जनपद के ग्राम पंचायत सिहोदा में शमशान एवं शमशान तालाब की एवं नलियों की सफाई का कार्य किया गया। जनपद पंचायत मंझौली के ग्राम पंचायत खुडावल में तालाब की साफ सफ़ाई कार्य किया गया। जनपद पंचायत पाटन के ग्राम पंचायत हरदुआ मडवा में जनभागीदारी से नाली की साफ-सफाई की गई। जनपद पंचायत पनागर के ग्राम पंचायत तिलगवा में तालाब सफाई का कार्य किया गया। ग्राम पंचायत मुडिया मे नाली की साफ-सफाई का कार्य किया गया। ग्राम पंचायत मटामर में रिचार्ज पिट का कार्य किया गया तथा जनपद पंचायत कुण?डम के ग्राम पंचायत देवरी कला में खेत तालाब निर्माण का कार्य किया गया।

## विधायक विश्नोई के जन्मदिवस पर 72 पौधें रोपे

**जबलपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अजय विश्नोई जी के जन्मदिवस को पर्यावरण की सेवा के रूप में क्रियान्वित करते प्रेरणा स्वरूप आज रानीताल मुस्लिम कब्रिस्तान में अजय विश्नोई के 72वें जन्मदिवस के अवसर पर प्रतीक स्वरूप विभिन्न प्रजातियों के 72 पौधों का वृक्षारोपण करते जन्मदिवस मनाया गया। मध्यप्रदेश राज्य सर्व शिक्षा अभियान मिशन समिति सदस्य प्यारे साहब ने बताया की अजय विश्नोई के जन्मदिवस पर उनके स्वस्थ और शतायु जीवन की कामना के साथ-साथ मध्यप्रदेश की सत्तत एवं निरंतर सेवा करते रहने की शुभकामनों के साथ स्वदेशी भावना से सेवा के पथ का अनुसरण करते पर्यावरण एवं हरियाली आच्छादित करने के लोककल्याण कारी उद्देश्य से प्रत्येक पौधा सुरक्षित रहें। इस अवसर पर प्यारे साहब, निराले साहब, तऩजील ईशान, एड. तकमील हमदान, सुहेल अनवर, मोहम्मद शमीम, इख्लाक खान, अमीर हमज़ा, ऱज्जाक खान, इरशाद खान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जबलपुर चेम्बर और कैट ने किया सरकार के फैसले का स्वागत

जबलपुर।

जबलपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री एवं फेडरेशन ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रहलाद पटेल केबिनेट मंत्री म.प्र. शासन द्वारा व्यापार एवं उद्योग 24 घंटे 7 दिन खुले रहेंगे, इस घोषणा का जबलपुर चेंबर ने स्वागत करत हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व श्रम एवं पंचायत ग्रामीण विकास प्रहलाद पटेल का आभार व्यक्त किया है। चेंबर ने कहा है कि शासन के इस निर्णय से वर्तमान समय में मंदी के दौर में व्यापार एवं उद्योग को एक तरक्की का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर जबलपुर चेम्बर ने जिला एवं पुलिस प्रशासन से अपेक्षा की है कि नागरिकों, उद्योग एवं व्यापार को समुचित सुरक्षा मिलेगी ताकि व्यापार बिना अवरोध के सुचारु रुप से चल सके। जबलपुर चेम्बर के प्रेम दुबे, कमल ग्रोवर, राधेश्याम अग्रवाल, अजय अग्रवाल, बलदीप सिंह मैनी, सतीश जैन, दीपक जैन, मुकेश जैन, नरिंदर पांधे, चंद्रेश वीरा, मुकेश अग्रवाल (बंसाला), पंकज माहेश्वरी, आदि ने इस घेषणा का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री का आभार जताया है और व्यापारियों को बधाई दी गई।

# 24 घंटे बाजार खुले रहने से अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

### कैट ने किया स्वागत

कैट प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदेश जैन ने बताया कि प्रदेश में अभी सुबह से रात 10 बजे से लेकर 11 बजे तक ही दुकानें खुला रखने की व्यवस्था है। श्रम विभाग ने मॉल, रेस्टोरेंट, आईटी सेक्टर, इंडस्ट्रीज को चौबीस घंटे खोलने का प्रस्ताव के स्वागत किया यह फैसला अमल में लाया जाता है तो मध्य प्रदेश सातवां राज्य होगा।

### रोजगार में बढ़ोतरी होगी

कैट प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी ने कहा कि प्रदेश में 7 दिन 24 घंटे बाजार खुले रहते तो प्रदेश के हर शहर में रोजगार के नए स्त्रोत होंगे 24 घंटे खोले जाने के फ़ैसले से व्यापारी को अपने व्यवसाय में स्टाफ की दो गुना बडोतरी करनी होगी।

### अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी

कैट प्रदेश सचिव दीपक सेठी में बताया कि सरकार द्वारा 7 दिन 24 घंटे बाजार खुले रहने पर व्यापार में तो बढ़ोतरी होगी ही साथ ही साथ नए रोजगार भी मिलेंगे इससे सरकार को भी अत्यधिक जीएसटी टैक्स मिलने की संभावनाएं होंगी इस फैसले से मैन बाजार (खुदरा बाजार) अब ऑनलाइन कंपनियों से भी स्पर्धा करने में महत्वपूर्ण कदम होगा इस फैसले से टूरिज्म एवं होटल इंडस्ट्रीज के व्यापार में ग्रोथ होने की भरपूर संभावनाएं रहेंगी।

कैट जबलपुर जिला अध्यक्ष रोहित खटवानी ने सरकार के इस फैसले की प्रशंसा करते हुए कहा कि कई बार कई लोगो को समय के आभाव के कारण उन्हें समय नहीं मिल पाता कि वह मार्पेट में जाकर शॉपिंग कर सके देर तक बाजार खुले जाने पर वह अपनी सुविधा अनुसार देर रात में भी शॉपिंग कर सकेंगे। अब नहीं करना होगा छुट्टी का इंतजार जब चाहेगा जब मिलेगा समय तभी आदमी शॉपिंग करने घर से निकलेगा।

### प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती होगी

जबलपुर जिला सचिव मनु शरत तिवारी ने सरकार के इस फ़ैसले की प्रशंसा करते हुए बताया कि ऐसा करते से बिजली की अत्यधिक खपत चालू हो जाएगी एवं प्रशासन पर रात में भी दिन की तरह पूरी सुरक्षा व्यवस्था को कायम रखना भी एक बड़ी चुनौती होगी।

**ऊर्जा विभाग का पायलेट प्रोजेक्ट**

# अब एक ही घर में लग सकेंगे अलग-अलग बिजली मीटर

जबलपुर।

मध्य प्रदेश में अब एक ही घर (कैम्पस) में अलग-अलग बिजली मीटर लग सकेंगे। ऊर्जा विभाग के पायलट प्रोजेक्ट में कुछ शर्तों के आधार पर नए कनेक्शन दिए जाने के आदेश दिए हैं। अब तक विधिक बंटवारा नहीं होने पर अलग मीटर नहीं लगता था। जिससे एक ही परिवार में अलग रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब इससे राहत मिलेगी। अलग-अलग मीटर लगाने के संबंध में आदेश जारी कर दिए गए है। अब अलग स्वतंत्र घरेलू कनेक्शन के लिए लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। वहीं बिजली चोरी का प्रकरण लंबित होने अलग कनेक्शन नहीं मिलेगा। लंबित बकाया राशि को अलग कनेक्शन लेने पर आधा-आधा बांटना होगा। ऊर्जा विभाग ने प्रदेश की तीनों ही विद्युत वितरण कम्पनियों को निर्देश में कहा है कि एक ही कैम्पस में अलग-अलग परिवारों के लिए स्वतंत्र घरेलू बिजली मीटर दिए जाने का काम सिर्फ उसी स्थिति में किया जा सकता है जब पहले से लगे मीटर पर किसी तरह का बकाया नहीं हो। एक ही कैम्पस में अलग-अलग मीटर लगाने के फैसले का सबसे अधिक लाभ उन लोगों को मिलेगा जो किराए के मकान में रहते हैं। जिन्हें पहले से लगे मीटर में होने वाली खपत का अलग-आंकड़ा सब मीटर लगाकर देखना पड़ता है। इसके अलावा आपसी विवाद के चलते एक ही परिवार के सदस्यों के साथ भी अलग-अलग मीटर लगवाने की कोशिश सफल नहीं हो पाती थी और अब इस नई व्यवस्था से मीटर लग सकेंगे।



# निजी अस्पताल, कोचिंग संस्थान, मॉल को अब सार्वजनिक जगहों पर लगाने होंगे कैमरे

**सरकार बना रही कानून**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में अपराध की रोकथाम और नियंत्रण के लिए शहरी और ग्रामीण भीड़भाड़ वाली जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। ये कैमरे निजी अस्पताल, शॉपिंग मॉल, सिनेमाघर, कोचिंग संस्थान के बाहर जनसहयोग से लगाए जाएंगे। इसके लिए गृह विभाग कानून बनाने पर काम कर रहा है। इसको लेकर गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की कई दौर की बैठकें हो गई हैं। गृह विभाग के अधिकारियों के अनुसार भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक इलाकों में अपराध को रोकने में अब सरकार जनता की मदद लेगी। ऐसे सार्वजनिक स्थल जैसे अस्पताल, शॉपिंग मॉल, कोचिंग, बैंक जहां हर दिन 100 से ज्यादा लोग आते है, उनको अपने सामने की सार्वजनिक जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। इसका एक माह का डाटा सुरक्षित रखने की व्यवस्था करना होगी। साथ ही किसी घटना पर पुलिस को जांच के लिए आवश्यक होने पर उसे अनिवार्य रूप से उपलब्ध भी करना होगा। इसका उल्लंघन करने पर जुर्माने का प्रावधान होगा। इस पहल से किसी घटना या दुर्घटना के पहले अपराध को रोकने के साथ ही अपराध होने पर अपराधियों को पकडऩे में मदद मिलेगी। सरकार ने पुलिस मुख्यालय और विधि विभाग के अधिकारियों की मदद से तेलंगाना सरकार के कानून का अध्ययन भी कराया है। इसके आधार पर प्रदेश में कानून बनाया जा रहा है। गृह विभाग के प्रमुख सचिव संजय दुबे ने बताया कि भीड़भाड़ वाली जगह पर जनता की मदद से सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य करने की तरफ काम किया जा रहा है।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी शुरु

**जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व शुक्रवार को सुबह गौरीघाट स्थित शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में काउंट डाउन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रशासन के निर्देशों पर आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के योग विभाग के अध्यक्ष डॉ राम कुमार अग्रवाल ने प्रोटोकॉल के अनुसार योग अभ्यास कराया। इस दौरान जिला आयुष अधिकारी डॉ अर्चना मरावी, विभाग के समस्त चिकित्सा अधिकारी सहित 143 लोगों की सहभागिता रही।

## मप्र हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा

# नर्सिंग कॉलेज घोटाला: 169 कॉलेजों की दोबारा सीबीआई जांच पर सुप्रीम कोर्ट का दखल से इनकार

**जबलपुर। नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े में लिप्त सीबीआइ जांच में सूटेबल घोषित किए गए 169 कॉलेजों की दोबारा सीबीआइ जांच के मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के आदेश पर सुप्रीम को कोर्ट ने दखल देने से इनकार कर दिया है। सुप्री कोर्ट के जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की खंडपीठ ने मौखिक रूप से यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि हर कोई यह प्रदर्शित करना चाहता है कि यह नर्सिंग कॉलेज सामान्य रूप से काम कर रहे थे, लेकिन यह सच नहीं है।**



गौरतलब है कि नर्सिंग कॉलेज घोटाले की जांच कर रहे सीबीआइ के अधिकारियों की घूसखोरी सामने आने के बाद उनके द्वारा क्लीनचिट देकर 169 कॉलेजों को सूटेबल घोषित किए जाने की रिपोर्ट सवालों के घेरे में आ गई थी। यह भी सामने आया कि बिना मापदंड पूरा करने वाले कॉलेजों को भी सूटेबल बता दिया गया। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने 30 मई को जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सूटेबल घोषित कॉलेजों को सीबीआइ की नई टीम से दोबारा जांच के आदेश दिए गए थे। कोर्ट ने जांच संबंधित जिलों के न्यायिक मजिस्ट्रेट की निगरानी में करने और वीडियोग्राफी कराने के भी आदेश दिए थे। इसे नर्सिंग कॉलेज संचालकों में सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए आदेश निरस्त करने की मांग की थी। यह भी दावा किया गया था कि उनके कॉलेज में कमियां नहीं हैं, रिपोर्ट सही है। सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ इससे सहमत नहीं हुई और मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के दोबारा सीबीआइ जांच के आदेश पर हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। हालांकि स्पष्ट किया गया कि यह आदेश संबंधित पक्षों को लंबित कार्यवाही में उच्च न्यायालय के समक्ष सभी प्रासंगिक मुद्दों को उठाने से नहीं रोकेगा।

जल गंगा संवर्धन का महाभियान

# महाराजपुर बावली क्षेत्र में किया गया पौधारोपण



**जबलपुर।** जल गंगा संवर्धन महाअभियान के अंतर्गत संभाग क्रमांक 15 के शहीद बिरसा मुंडा वार्ड में महाराजपुर दुर्गा मंदिर के पास स्थित बावली में वृहद स्वच्छता, श्रमदान, जल संवर्धन एवं पौधारोपण का विशेष अभियान महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू एवं पनागर क्षेत्र के विधायक सुशील तिवारी इन्दू की विशेष उपस्थिति में चलाया गया। इस अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह ने कहा कि महाराजपुर बावली एक दिन आस-पास के क्षेत्रों से आने वाले पर्यटकों को लुभाएगी और यह पर्यटन के स्थल के रूप में विकसित होगी।

बावली संवर्धन एवं श्रमदान के अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं विधायक सुशील तिवारी इन्दू ने क्षेत्रीय गणमान्यजनों के साथ श्रमदान किया और श्रमदान के उपरांत वहाँ पर पौधे लगाकर पर्यवरण का संदेश भी दिया। इसके पश्चात महापौर एवं विधायक ने जलसंवर्धन करने के लिए उपस्थित जनसमुदायों को शपथ भी दिलाई। जल गंगा संवर्धन महाभियान के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" एवं पनागर क्षेत्र के विधायक सुशील तिवारी इन्दू ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में मेयर इन काउंसिल के सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, पार्षद श्रीमती लक्ष्मी लक्ष्मण गोंटिया, राम कुमार यादव, योगेन्द्र उईके, मंडल अध्यक्ष कुणाल पटैल, बिज्जू ठाकुर, संतोष उसरेठे, संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल, संभागीय यंत्री राजनारायण सराफ, मुख्य स्वच्छता निरीक्षण धर्मेन्द्र राज, उपयंत्री पी. येन्डूकोंडलू (शिवा), केदार पटैल, पंकज पटैल, आनंद साहू, लखन दिवानी, मुकेश यादव, डॉ. राजू जाधव, रमेश कोरी, पवन पटैल, बिरसा, दिलीप, कपिल इत्यादि उपस्थित रहे।

### सभी संभागों में चला अभियान

इसी श्रंखला में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत संभाग क्रमांक 1 वीर दुर्गादास राठौड़ वार्ड, के अंतर्गत तेवर ग्राम में स्थित बावली, संभाग क्रमांक 5 के जवाहर गंज वार्ड के अंतर्गत लार्डगंज थाना कल्याण मंदिर स्थित कुआँ, संभाग क्रमांक 6 पंडित गोविंद बल्लभ पंत वार्ड के अंतर्गत सूजी मोहल्ला, इमली मैदान स्थित कुआँ, संभाग क्रमांक 8 हनुमानताल वार्ड के अंतर्गत हनुमानताल तालाब जैन मंदिर के सामने कार्तिक घाट, संभाग क्रमांक 7 दीवान आधार सिंह वार्ड के अंतर्गत अधारताल तालाब शिव मंदिर के घाट एवं संभाग क्रमांक 16 ठक्कर ग्राम वार्ड के हनुमान मंदिर शुक्ला का बाड़ा के पीछे स्थित कुआँ में साफ-सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती विनोद ज्योति लोधी, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, श्रीमती वर्षा सेन, श्रीमती कविता रैकवार, नोडल अधिकारी अपर आयुक्त वित्त विद्यानंद बाजपेई, सहायक आयुक्त वेद प्रकाश चौधरी, संभागीय अधिकारी कृष्णपाल रावत, सूश्री चेतना चोधरी, सत्येंद चक्रवर्ती, पवन सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र मिश्रा, महेंद्र सिंह उईके, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अतुल रैकवार, संदीप पटेल, रविंद्र सिंह ठाकुर, हिटलर अर्खेल, विष्णुकांत दुबे, संतोष गौर, स्वास्थ्य निरीक्षक राम कोरी, अभिषेक, कोणार्प रावत, उमाकांत शर्मा, विमल नामदेव, अप्पा राव, कुंडैया, किशन दुबे सुपरवाइजर वेंकट एवं सैंकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय नागरिकगण उपस्थित रहे।

## अजय विश्नोई के जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण

**मझौली।** नगर में विधायक अजय बिश्नोई के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी पश्चिम मंडल मझौली के द्वारा नमो उपवन में वक्षारोपणए थाना प्रांगण एवं अन्य जगह वृक्षारोपण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में मरीज को फलों का वितरण किया गया। इस मौके पर विद्या दिनेश चौरसिया, जनपद अध्यक्ष ,शिप्रा राजेंद्र चौरसिया, नगर परिषद अध्यक्ष नगर परिषद उपाध्यक्ष सुनील गमा सोनकर पश्चिम मंडल अध्यक्ष मुकेश सेन आदि समस्त पार्षद गण एवं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता नगर वासी उपस्थित थे।

## सरसवां में की तालाब की सफाई, पौधे भी रोपे गये

**जबलपुर।** जन अभियान परिषद द्वारा शुक्रवार को विकास खंड पनागर के ग्राम सरसवां एवं जटवा में स्थानीय नागरिकों और नवांकुर संस्थाओं की सहभागिता से साफ-सफाई की गई तथा पौधारोपण किया गया। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा अनुरूप पांच जून विश्व पर्यावरण दिवस से परिषद की नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों द्वारा जनसहयोग से परियट नदी में श्रमदान एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही अभियान के तहत कई ग्रामों में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल श्रोतों के पुनरुद्धार का कार्य भी कया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सिरसवा में श्रमदान कर तालाब की खुदाई व साफ-सफाई करने के साथ ही तालाब के किनारे आम, नीम, जामुन, बेल के पौधे रोपे गये तथा उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं रोपे गये संरक्षित करने की शपथ दिलाई गई। श्रमदान के कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमति सुशीला विश्वकर्मा , विकास खंड समन्वयक भारत महरोलिया, नवांकुर संस्था अध्यक्ष अजय पटेल, अनुराग मिश्रा, वरिष्ठ समाज सेवी दुर्गा विश्वकर्मा, ग्राम सहायक सचिव नितिन बर्मन, ब्रजेश विश्वकर्मा, मनोज वंशकार, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष आभा विश्वकर्मा, सचिव बबिता गोटिया के साथ अन्य समितियों के सदस्य भी शामिल हुये।



## कटाव वाले स्वामीजी के समाधी स्थल सिहोरा में 15 एवं 16 को कार्यक्रम

**सिहोरा।** ब्रम्हलीन संत कटाव वाले स्वामी जी के समाधी स्थल कंकाली मोहल्ला दुर्गा मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन श्री श्री 1008 लोढ़ा सिद्धन धाम के बालसंत जू महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है। जिसमें अखंड सीताराम नाम जप संकीर्तन आज 15 जून को दोपहर 12 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा। 16 जून रविवार को दोपहर 12 बजे से हवन एंव विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी से पहुंचकर धर्म और लाभ लेने एंव भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की अपील सिद्धन धाम के सदस्य गणों ने की है।

रेलवे मजदूर संघ की पीएनएम बैठक में जीएम का आश्वासन

# रेल कर्मियों की प्रमुख समस्याओं का होगा समाधान



**जबलपुर।** रेल मजदूर संघ की पीएनएम दो दिवसीय बैठक पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्रीमति शोभना बंदोपाध्याय के साथ आयोजित की गई। इस बैठक में रेलवे मजदूर संघ ने रेल कर्मियों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से रखा, जिसमें महाप्रबंधक ने आश्वासन दिया कि समस्याओं का त्वरित निदान किया जाएगा, साथ ही अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश भी दिए। बैठक में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय व महामंत्री अशोक शर्मा ने ज्वलंत समस्याये जैसे मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशो का मंडलो में पालन न होना, पेट्रोलिंग निर्धारित समय से ज्यादा नही करवाना, एसएण्डटी, इंजीनियरिंग, रनिंग स्टॉफ की समस्याएँ सुलझाना, कॉलोनी व क्वार्टरो की जर्जर व्यवस्था सुधारना समय पर रंगाई, पुताई, जर्जर गार्डन की व्यवस्था दुरूस्थ हो, सफाई कॉन्टेक्ट यार्डस्टिक के अनुसार पर्याप्त संख्या में हो, विद्युत सामग्री की समुचित आपूर्ति हो, कर्मचारियो को पर्याप्त रेस्ट मिले ओवर आवर्स काम बंद हो रेल अस्पतालो में दबाई की समुचित अपूर्ति, जीडीसीई की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र पूरी करना, 10 प्रतिशत इंन्टेंक कोटे की कार्रवाई पूरी करना। 200 नये आवासो के निर्माण का प्रस्ताव पारित होकर स्वीकृति हेतु रेलवे बोर्ड को भेजना, रेल क्लोजर की-मैन, पैट्रोलमैन को नही ले जाने का निर्णय, एचआरएमएस से ऑन लाईन छुट्टी पर 24 घंटे के भीतर निर्णय, प्रोटेक्टिव व यूनिफार्म की नियमित अपूर्ति, आरओएच शैडो में मूलभूत सुविधाएँ, रेलअस्पतालो की अव्यवस्था में सुधार, गंभीर बीमारियो पर मरीज को 15 दिन की बजाय 3 महीने की दवाई देने की मांग उठाई। विशेषज्ञ चिकित्सको की नियुक्ति में तेजी, ट्रेकमेंन्टेनर्स को रोस्टर के अनुसार काम लिया जाये, अतिरिक्त घंटो के लिए ओवर टाईम मिले, रनिंग रूम व टीटी रेस्ट हॉउस में सभी आवश्यक सुविधाएँ, व्रू रिव्यू के तहत पमरे के कोटा, भोपाल एवं जबलपुर मंडलो में 1096 एएलपी व 460 ट्रेकमेनेजर समेत कुछ 1556 पद सृजित होगे व महिला कर्मियो के लिए पृथक प्रसाधन व महिला कक्ष का निर्माण स्थानांतरण के प्रकरणो का निराकरण, महाप्रबंधक कार्यालय के समस्त विभागो में केन्द्राrयकृत एयर कूलिंग की व्यवस्था, डय़ूटी के दौरान घायल कर्मियो को नियमानुसार न्याय मिले, दवाओ की नियमित अपूर्ति आदि मुद्दो के निराकरण पर सहमति बनी।

बैठक में संघ के संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार, एस.के. गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे, एस. एन. शुक्ला, मंडल सचिव डी. पी. अगवाल, अब्दुल खालिक, बी.एल. मिश्रा, कमलेश परिहार सुश्री अमृत कौर, अलोक त्रिपाठी, पी.सी.मीना, राजेन्द्र शर्मा, हर्ष वर्मा, अशोक पाठक, अनिल सैनी, चरणजीत सिंह, विकास करोलिया, महेन्द्र सिंह खिंची, पुष्पेन्द्र शर्मा, संदीप श्रोती, श्रीमति सविता त्रिपाठी, आदि समेत जोन के आला अधिकारी मौजूद रहे।

### नायब तहसीलदार शंशाक दुबे में जिला अध्यक्ष नियुक्त



सिहोरा। मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी कर्मचारी प्रशासनिक सेवा संघ की जिला इकाई का गत दिवस गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संघ के जिला अध्यक्ष पद पर शशांक दुबे नायब तहसीलदार को मनोनीत किया गया। नवीन कार्यकारणी में रवीन्द्र पटेल नायब तहसीलदार, सृष्टि इनवाती नायब तहसीलदार, राजेश मिश्रा सहायक अधीक्षण भू अधीकारी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। भरत सोनी नायब तहसीलदार को महासचिव, विकासचंद्र जैन प्रभारी तहसीलदार सचिव,दिलीप हनवत प्रभारी तहसीलदार, निधी शर्मा नायब तहसीलदार को कोषाध्यक्ष, डॉ. अदित्य जंघेला प्रवक्ता, राजेश कौशिक, निलिमा राजलवाल, वीर बहादुर सिंह धुर्वे, रत्नेश ठवरे नायब तहसीलदार को संयोजक बनाया गया है। एवं दीपक पटेल, आदर्श जैन, राजीव मिश्रा नायब तहसीलदार को समन्वयक नियुक्त किया गया है।

विधानसभा में विधायक घनघोरिया उठायेंगे मामला

# घमापुर से रद्दी चौकी फ्लाई ओवर निर्माण की मांग



**जबलपुर।** पिछले 5 साल से लंबित पड़े हुए घमापुर, रद्दी चौकी तक के फ्लाईओवर के मामलें को आगामी विधानसभा में जोरशोर से उठाया जाएगा। यह आश्वासन आज पूर्व क्षेत्र के विधायक लखन घनघोरिया ने नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के प्रतिनिधि मंडल को दिया। विधायक ने बताया कि यह रास्ता पूर्व में नेशनल हाईवे नंबर 7 था, यह मामला न केवल यातायात सुलभ करने का है बल्कि कानून व्यवस्था को लागू करने का भी है। इस फ्लाईओवर से हाईकोर्ट की ओर पहुंचना सरल हो जाएगा। इसी कारण यह फ्लाईओवर जबलपुर के लिए महत्वपूर्ण बन गया है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि पिछले पांच वर्ष में जब इस फ्लाईओवर की आर्थिक लागत की गिनती की गई थी तब वह 180 करोड़ की थी, लेकिन अब वह बढ़कर 216 करोड़ हो गई है। समूचा प्रस्ताव अभी सरकार के पास लंबित पड़ा है, लेकिन पिछले पांच वर्षों में किसी भी विभाग ने इसकी सहमति प्रदान नहीं की है।

अतः नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने तय किया है कि यदि विधानसभा में इस प्रस्ताव पर ठोस निर्णय नहीं होता है तो इस मामलें को सड़क आंदोलन के माध्यम से उठाया जाएगा। इस अवसर पर एड.वेदप्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिशन के टीके रायघटक तथा ब्रजेश साहू एवं राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

# लोधी समाज 17 को करेगा मेधावी बच्चों का सम्मान

*ग्रांम मडई में भव्य आयोजन*

**सिहोरा।** अखिल भारतीय लोधी,लोधा,लोध अधिकारी कर्मचारी संघ के तत्वावधान में आगामी 17 जून को सुबह 11 बजे से निकटवर्ती ग्रांम मडई में प्रतिभा सम्मान, मार्गदर्शन कार्यक्रम एंव लोधी महोत्सव का आयोजन धर्मेन्द्र सिंह लोधी राज्यमंत्री संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास विभाग स्वतंत्र प्रभार मध्यप्रदेश शासन के मुख्य आतिथ्य,जालम सिंह पटेल प्रदेश अध्यक्ष लोधी महासभा पूर्व राज्यमंत्री की अध्यक्षता में किया जा रहा है। इसमें मुख्य मार्गदर्शक लोकेश कुमार लिल्हारे कमिश्नर जी एस टी रहेंगे तथा साक्षी लिल्हारे डायरेक्टर छू लो आसमान किसने रोका है प्रमुख अतिथि है। आयोजन में 12 वीं 10 वीं एमपी बोर्ड सीबीएसई में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र छात्राओं के साथ अन्य विधाओं में खेल-कूद,सांस्कृतिक,योगा,शारीरिक सौष्ठव कला एंव विशेष योग्यता प्राप्त समाजिक प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम में पहुंचने की अपील बिहारी पटेल कार्यकारी अध्यक्ष लोधी महासभा, जगदेव पटेल उपाध्यक्ष आलोक, सीताराम पटेल, रतन पटेल सरपंच मडई, नरेन्द्र पटेल, नलिन पटेल, यशपाल लोधी, संजय पटेल, नरेश पटेल, मोहन पटेल, सुग्रीव पटेल आदि ने की है।

### सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अतंर्गत सूपाताल के सामने रोड क्रास करते समय एक्सीडेंट होने के कारण एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। गढ़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जमुआ आदेगांव सिवनी निवासी 48 वर्षीय हीरालाल कुम्हरे का गत 13 जून को रात 9.45 बजे सूपाताल के सामने रोड क्रास करते समय एक्सीडेंट में घायल होने के कारण जानकी रमण अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान देर रात लगभग 1 बजे हीरालाल कुम्हरे की मौत हो गई।

## 350 पाव देशी शराब जब्त

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत इंद्रा आवास कालोनी काली मंदिर के पास कुलिया में अवैध शराब की तस्करी कर रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 350 पाव देशी और बाईक जब्त की है। जब्त की गई देशी शराब की कीमत 35 हजार रुपए बताई गई है। रांझी थाना प्रभारी रमन सिंह मरकाम ने बताया कि इंद्रा आवास कालोनी निवासी 22 वर्षीय आयुष पटेल गत दिवस अपने घर के पास बाईक में शराब बेचने की फिराक में खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 350 पाव देशी शराब और बाईक जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## 1 किलो 20 ग्राम गांजा जब्त

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अतंर्गत रामनगर में बिना नंबर की एक्सिस वाहन में मादक पदार्थ गांजे की तस्करी कर रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 20 ग्राम गांजा और एक्सिस वाहन जब्त कर लिया है। तिलवारा थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार को पैट्रोलिंग के दौरान पुलिस को देखकर बिना नंबर की एक्सिस वाहन लेकर भाग रहे रामनगर तिलवारा निवासी 32 वर्षीय सिकंदर बेन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी लेने पर एक्सिस की डिक्की से 1 किलो 20 ग्राम गांजा जब्त किया गया। जब्त की गई गांजे की कीमत लगभग 20 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

## असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई

**जबलपुर।** शहर पुलिस ने जुआ, सट्टा खिलाने वालों एवं अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, के कारोबार में लिप्त आरोपियों के साथ-साथ चोरी, नकबजनी एवं मारपीट करने वालें आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 506 पाव देशी, अंग्रेजी, 21 लीटर कच्ची शराब, 1 बका और 1 चाकू जब्त किये है। कंट्रोलरुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटे में आदतन अपराध करने वाले 8 आरोपियों के विरूद्ध धारा 110 जा.फौ. के तहत, तथा वाद विवाद करने वाले 50 व्यक्तियों के विरूद्ध 107/116 जा.फौ. के तहत, एवं 20 व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 151 जा.फौ. के तहत की गयी है।

# 3 लावारिस शवों का मोक्ष ने किया अंतिम संस्कार



**जबलपुर।** मोक्ष संस्था द्वारा पुलिस से सूचना मिलने पर तीन लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया गया। मोक्ष के आशीष ठाकुर ने बताया कि कोतवाली, विजयनगर और मदनमहल जीआरपी पुलिस से सूचना मिलने पर संस्था ने तीनों लावारिस लाशों के पुलिस से सुपुर्दनामे में लिया और तिलवारा मुक्तिधाम में विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार किया। इस सेवाकार्य में संस्था के वीरु बर्मन, आकाश कोरी, जीतू ठाकुर, प्रशांत, निषाद, साहिल बर्मन आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मोक्ष के आशीष ठाकुर ने समाज सेवियों के संस्था के सहयोग प्रदान करने की अपील की

## ईदुज्जुहा त्यौहार पर व्यवस्थाएं चाकचौबंद : निगमायुक्त

**जबलपुर।** सोमवार को शहर में ईदुज्जुहा त्यौहार मनाया जायेगा। जिसके लिए नगर निगम की व्यवस्थाएं शहर के सभी मुस्लिम बाहूल्य क्षेत्रो में चाकचौबंद है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने इसके लिए अधिकारियों को मुस्लिम बाहूल्य क्षेत्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से रखने के निर्देश दिये हैं। निगमायुक्त के निर्देशानुसार सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में मुश्तैद रहकर व्यवस्थाओं पर स्वयं निगरानी रखेगें। नगर निगम द्वारा मुस्लिम बाहूल्य क्षेत्रों में विशेष रूप से साफ-सफाई, प्रकाश एवं अतिरिक्त पेयजल की व्यवस्था कराई है।



**श्री जीतरानी सेठी** - सिहोरा, वार्ड नम्बर 5 बीड़ी हाईस्कूल रोड निवासी जीत रानी सेठी का 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। अंतिम संस्कार आज कुर्रे रोड स्थित मुक्तिधाम में दोपहर 12 बजे किया जायेगा। वे स्वर्गीय किशन लाल सेठी की पत्नी एंव तरुण सेठी की मां थी।

**श्री संजय कौसले-** इंद्रा नगर एलआईसी मदनमहल निवासी श्री मूलचंद कौसले के पुत्र श्री संजय कौसले (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अजय सोनी-** पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री अजय सोनी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई रैकवार-** वल्दी कोरी की दफाई करियापाथर निवासी श्री हरिदास रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई रैकवार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला बाई चौधरी-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री तीरथ प्रसाद चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई चौधरी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नंदू बेन-** फूटाताल निवासी श्री नंदू बेन का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शोभा शुक्ला-** अग्रवाल कॉलोनी गढ़ा रोड निवासी श्री विजय शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा शुक्ला (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती पम्मी बाई चक्रवर्ती-** सिंधी कैंप मरही माता मंदिर के पास निवासी श्री सुंदर लाल चक्रवर्ती की धर्मपत्नी श्रीमती पम्मी बाई चक्रवर्ती (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री मुन्ना रैकवार-** संजय नगर टीवी टावर के पास कटंगा निवासी श्री मुन्ना रैकवार (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बंशी लाल रामचंदानी-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री बंशी लाल रामचंदानी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नीमा बाई-** सिवनी टोला निवासी श्री हरी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती नीमा बाई (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा राजपूत-** बिहारी मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री खेत सिंह राजपूत की धर्मपत्नी श्रीमती आशा राजपूत (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बलराम विश्वकर्मा-** नरसिंह नगर रांझी निवासी श्री हरी राम विश्वकर्मा के पुत्र श्री बलराम विश्वकर्मा (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**मनीष कुमार दुबे-** रांझी जबलपुर निवासी पंडित नरेंद्र कुमार दुबे के बड़े पुत्र पंडित मनीष कुमार दुबे का निधन हो गया है वे पाटन विधान सभा के पूर्व विधायक पंडित भगवत प्रसाद गुरु के दामाद थे।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए

अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| फिक्स साइज:- | 8x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| फिक्स साइज | 10x8 से.मी. | रंगीन | 1000/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# मस्क को मिलेगी 4.67 लाख करोड़ रुपए की सैलरी! शेयरधारकों ने दी मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क का सैलरी पैकेज सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे। उनका पैकेज इतना भारी-भरकम था कि इस पर अमेरिका की कोर्ट को रोक तक लगानी पड़ी।

- उनका पैकेज इतना भारी-भरकम था कि कोर्ट ने रोक लगा दी थी

आखिर 6 साल बाद उन्हें हासिल करने में सफलता मिल ही गई। इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली कंपनी टेस्ला के शेयरहोल्डर्स ने एलन मस्क के 56 अरब डॉलर (करीब 4.64 लाख करोड़ रुपए) सालाना के पैकेज को मंजूरी दे दी है। यह अमेरिका के कॉरपोरेट इतिहास में किसी सीईओ का अब तक का सबसे बड़ा सैलरी पैकेज है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एलन मस्क ने खुद ट्वीट कर शेयरहोल्डर्स को उनका साथ देने के लिए धन्यवाद किया। शेयरहोल्डर्स ने बुधवार को हुई बैठक में इस पैकेज को मंजूरी दी और गुरुवार को होने वाली मीटिंग में इसका ऐलान हो सकता है।

वैसे तो एलन मस्क को साल 2018 में ही इस पैकेज को देने के लिए प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन कंपनी के कुछ शेयरहोल्डर्स के विरोध की वजह से डेलवेयर कोर्ट के जज ने इस पर रोक लगा दी थी। हालांकि, इस बार मेज्योरिटी शेयरहोल्डर्स ने अपनी मंजूरियां दे दी हैं। तब लाए गए पैकेज की आज वैल्यू 56 अरब डॉलर है, क्योंकि 2018 में टेस्ला की मार्केट वैल्यू 59.1 अरब डॉलर थी, जो आज 570 अरब डॉलर हो गई है।

## छह साल बाद आखिरकार शेयरहोल्डर्स ने पैकेज पर अपनी मुहर लगाई

### कंपनी का हेडक्वार्टर भी बदलेगा

टेस्ला के शेयरधारकों ने मस्क के पैकेज को मंजूरी देने के साथ कंपनी का लीगल हेडक्वार्टर डेलवेयर से टेक्सास शिफ्ट करने पर भी मुहर लगा दी है। साथ ही दो बोर्ड मेंबर को री-इलेक्ट करने पर भी मंजूरी दे दी है। मस्क को मिली इस मंजूरी को कई शेयरधारक कंपनी पर उनकी लीडरशिप की पकड़ से जोड़कर देख रहे हैं। कंपनी के बोर्ड का कहना है कि दुनिया के सबसे अमीर शख्स यह पैकेज डिजर्व करते हैं, क्योंकि उन्होंने कंपनी की मार्केट वैल्यू और प्रॉफिट बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया है।



### फिर कोर्ट पहुंच गए शेयरहोल्डर्स

जैसे ही कंपनी के बोर्ड और शेयरहोल्डर्स ने इस पैकेज को अपनी मंजूरी दी, कुछ शेयरहोल्डर्स जो इसके खिलाफ हैं, कोर्ट पहुंच गए। डेलवेयर कोर्ट में फाइल केस में शेयरधारकों ने कहा है कि कंपनी के जिन निदेशकों ने मस्क के पक्ष में वोट किया है, वे उनके करीबी हैं और ज्यादातर शेयरधारकों को पूरे मामले की जानकारी ही नहीं है।

*अभी फंस सकता है पेंच : एलन मस्क के इस भारी-भरकम सैलरी पैकेज पर सिर्फ 73 फीसदी शेयरहोल्डर्स ने ही मंजूरियां दी हैं, जबकि अमूमन कॉरपोरेट जगत में इस तरह के पैकेज को 95 फीसदी शेयरहोल्डर्स अपनी मंजूरी देते हैं। बावजूद इसके कंपनी के कुछ बड़े शेयरहोल्डर्स जैसे नॉर्वे सॉवरेन वेल्थ फंड और कैलीफोर्निया के दो बड़े पेंशन फंड ने इस पैकेज के विरोध में वोट देने की बात कही है।*

## खबर संक्षेप

### एसबीआई ने बांड से 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि उसने कारोबार बढ़ाने के लिए बांड के जरिये 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 830 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। यह राशि वरिष्ठ असुरक्षित अस्थिर दर वाले ऋणपत्रों के जरिए जुटाई गई है। इसकी परिपक्वता अवधि तीन साल है। एसबीआई ने बताया कि ये बांड 20 जून, 2024 तक उसकी लंदन शाखा के जरिये जारी किए जाएंगे।

### एनसीएलटी ने बायजू का राइट्स इश्यू रोका




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने शिक्षा प्रौद्योगिकी मंच बायजू का संचालन करने वाली कंपनी थिंक एंड लर्न को 11 मई को शुरू हुए राइट्स इश्यू पर आगे बढ़ने से रोक दिया है। एनसीएलटी की बेंगलुरु पीठ के 12 जून को जारी आदेश में बायजू से राइट् इश्यू की पहली किस्त के तहत दो मार्च को शेयर आवंटित किए जाने से पहले और बाद के अपने शेयरधारकों का पूरा ब्योरा देने को कहा है।

### मर्सिडीज बेंज महाराष्ट्र में करेगी 3000 करोड़ निवेश

**मुंबई।** जर्मनी की कार विनिर्माता कंपनी मर्सिडीज बेंज महाराष्ट्र में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। सामंत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स'' पर लिखा कि जर्मनी की यात्रा के दौरान बृहस्पतिवार को मर्सिडीज बेंज के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और राज्य में निवेश अवसरों पर चर्चा की।

### डब्ल्यूसीएल लाइबेरिया में दो अरब डॉलर निवेश करेगा



**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी वेदांता सेसा गोवा ने शुक्रवार को कहा कि उसकी शाखा वेस्टर्न क्लस्टर लिमिटेड पश्चिम अफ्रीकी देश लाइबेरिया के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए दो अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करने की योजना बना रही है। डब्ल्यूसीएल, ब्लूम फाउंटेन लिमिटेड के पूर्ण-स्वामित्व वाली शाखा है।

### स्टेनली लाइफस्टाइल्स का आईपीओ 21 जून को खुलेगा



**नई दिल्ली।** लक्जरी फर्नीचर ब्रांड स्टेनली लाइफस्टाइल्स की योजना आईपीओ के जरिए 537 करोड़ रुपये जुटाने की है। स्टेनली लाइफस्टाइल्स के अनुसार, कंपनी का आईपीओ 21 जून को खुलेगा और 25 जून को बंद होगा। निवेशक 20 जून को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ का मूल्य दायरा 351-369 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है।

### कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स समूह के सीईओ तलेले का इस्तीफा

**पुणे।** रियल्टी कंपनी कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स लिमिटेड के समूह मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राहुल तलेले ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने 14 जून को हुई बैठक में उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। तलेले ने बृहस्पतिवार को इस्तीफा दिया था। इसके साथ ही कोल्टे पाटिल डेवलपर्स ने कहा कि तलेले बदलाव को सुगमता से अंजाम देने के लिए 31 अगस्त, 2024 तक एक गैर-प्रमुख प्रबंधक के रूप में काम करना जारी रखेंगे।

## वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

# थोक महंगाई दर 15 महीने की ऊंचाई पर, मई में बढ़कर 2.61%, खाने-पीने की चीजें हुई महंगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच खाद्य वस्तुओं और महंगे विनिर्मित वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से मई के महीने में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 15 महीने के उच्चतम स्तर 2.61 प्रतिशत पर पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन महीने से बढ़ रही है।

अप्रैल में यह 1.26 प्रतिशत और मई 2023 में यह शून्य से 3.61 प्रतिशत नीचे रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'मई 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस, खनिज तेल और अन्य विनिर्माण उत्पादों की कीमतों में वृद्धि रही।'

### पिछला उच्चतम स्तर फरवरी 2023 में देखा गया

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) मई में 15 महीने के उच्चतम स्तर पर रही है। इसका पिछला उच्चतम स्तर फरवरी 2023 में देखा गया था, जब थोक मुद्रास्फीति 3.85 प्रतिशत थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मई में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 10 महीने के उच्च स्तर 9.82 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 प्रतिशत रही, जो एक महीने पहले अप्रैल में 23.60 प्रतिशत थी।

**खाद्य वस्तुएं और विनिर्मित वस्तुए की कीमतें बढ़ने से बढ़ी महंगाई** ▶ **डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति लगातार तीन माह से बढ़ रही** ▶ **अप्रैल में थोक महंगाई दर 1.26 प्रतिशत दर्ज की गई**



*भीषण गर्मी के कारण खाद्य मुद्रास्फीति ऊंची: आरबीआई ने इस महीने की शुरुआत में लगातार आठवीं बार ब्याज दर को यथावत रखने का फैसला किया था। बैंक ऑफ बड़ौदा की अर्थशास्त्री अदिति गुप्ता ने कहा कि देश में भीषण गर्मी के कारण खाद्य मुद्रास्फीति भी ऊंची बनी रहने का अनुमान है।*

### मानसून की होगी महत्वपूर्ण भूमिका

मानसून की प्रगति भविष्य में खाद्य मुद्रास्फीति की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके अलावा वैश्विक धातु कीमतों में उछाल विनिर्माण श्रेणी में मुद्रास्फीति बढ़ने का कारण बना। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति मई में 0.78 प्रतिशत थी, जो अप्रैल में शून्य से नीचे 0.42 प्रतिशत थी।

### प्याज, आलू व दाल की महंगाई दर बढ़ी

इसी तरह प्याज की महंगाई दर 58.05 प्रतिशत, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर मई में 21.95 प्रतिशत रही। हालांकि मई में थोक मुद्रास्फीति की वृद्धि इस महीने के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़ों के विपरीत है।

### खुदरा मुद्रास्फीति घटी

इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आंकड़ों के अनुसार मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 4.75 प्रतिशत पर आ गई जो पिछले 12 महीनों का सबसे निचला स्तर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ही ध्यान में रखता है।


### कंपनियों के कच्चे माल की लागत बढ़ रही

बार्कलेज की अर्थशास्त्री श्रेया सोढानी ने कहा कि विनिर्माण के लिए मूल्य सूचकांक (जिसका डब्ल्यूपीआई में सर्वाधिक 64 प्रतिशत भारांक है) में लगातार चौथे महीने वृद्धि हुई है, जो दर्शाता है कि कंपनियों की कच्चे माल की लागत बढ़ रही है। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल के 1.38 प्रतिशत से मामूली कम है।

### वैश्विक जिंस की कीमतों में गिरावट दर्ज

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, ''जून 2024 में अभी तक वैश्विक जिंस की कीमतों में मासिक आधार पर गिरावट आई है। इससे महीने में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में उछाल पर काबू पाने में मदद मिलेगी और प्रतिकूल आधार का मुकाबला किया जा सकेगा। कुल मिलाकर इक्रा का अनुमान है कि जून 2024 में कुल थोक मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर तीन प्रतिशत हो जाएगी।''

# स्वास्थ्य बीमा खंड में प्रवेश का प्रस्ताव नहीं: एलआईसी




- बीमा पॉलिसी जारी करने की अनुमति नहीं
- पॉलिसी एकल बीमा कंपनी ही बेच सकती है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसका स्वास्थ्य बीमा क्षेत्र में कदम रखने कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं है।

फिलहाल, जीवन बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी जारी करने की अनुमति नहीं है। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी को साधारण बीमा कंपनी या एकल स्वास्थ्य बीमा कंपनी ही बेच सकती हैं। एलआईसी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'हम स्पष्ट करते हैं कि फिलहाल, ऐसा कोई औपचारिक प्रस्ताव (निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनी के जरिये स्वास्थ्य बीमा का) नहीं लाया गया है।' इसके साथ ही देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने कहा, 'एलआईसी सामान्य तौर पर विभिन्न रणनीतिक अवसरों का मूल्यांकन और अन्वेषण करती है, तथा रणनीतिक साझेदारी और निवेश अवसरों सहित अपने कारोबार की वृद्धि और विस्तार के लिए नए विकल्पों का भी मूल्यांकन और अन्वेषण करती है।

### अधिनियम संशोधन से ही मिलेगी अनुमति

उम्मीद है कि बीमा अधिनियम में संशोधन करके समग्र बीमा लाइसेंस की अनुमति दी जा सकती है। बीमा अधिनियम, 1938 और भारतीय बीमा विनियामक विकास प्राधिकरण (इरडा) के नियमों के अनुसार, किसी बीमाकर्ता को एक इकाई के तहत जीवन, साधारण या स्वास्थ्य बीमा करने के लिए समग्र लाइसेंसिंग की अनुमति नहीं है।

# निर्यात मई में नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- व्यापार घाटा सात महीनों में सर्वाधिक
- इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि जैसे क्षेत्र में निर्यात बढ़ा

भारत का मई में वस्तु निर्यात नौ प्रतिशत बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 34.95 अरब डॉलर था। इस दौरान व्यापार घाटा बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया।

शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने मई में इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि, कपड़ा और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों में स्वस्थ वृद्धि के दम पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद निर्यात में वृद्धि दर्ज की है।

आलोच्य अवधि में कच्चे तेल का आयात बढ़ने से देश का कुल आयात 7.7 प्रतिशत बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह मई 2023 में 57.48 अरब अमेरिकी डॉलर था। तेल आयात मई में 28 प्रतिशत बढ़कर 20 अरब डॉलर हो गया। इस तरह वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में तेल आयात 24.4 प्रतिशत बढ़कर 36.4 अरब डॉलर हो गया।

हालांकि, इस साल मई में सोने का आयात मामूली रूप से घटकर 3.33 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 3.69 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन महीने में आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी देश का व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जो सात महीनों का उच्चतम स्तर है।

### निर्यात मई माह में उत्कृष्ट रहा

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों के बारे में कहा कि निर्यात के नजरिये से मई महीना उत्कृष्ट रहा है और यह प्रवृत्ति जारी रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति धीमी हो रही है और इससे क्रय शक्ति को बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे आयात की मांग बढ़ेगी।

# हुंडई ने आयोनिक-5 की 1,744 इकाइयों को बुलाया वापस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हुंडई मोटर इंडिया एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई में समस्या के कारण अपने इलेक्ट्रिक मॉडल आयोनिक 5 की 1,744 इकाइयों को वापस बुला रही है। उद्योग संगठन सियाम से मिली जानकारी के अनुसार इन इकाइयों में यह समस्या आई है।

सियाम की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, कंपनी इसको ठीक करने के लिए 21 जुलाई 2022 से 30 अप्रैल 2024 के बीच निर्मित इकाइयों को वापस बुला रही है। इसमें कहा गया कि कि वह इन इकाइयों को एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई में संभावित समस्या के कारण वापस बुला रही है, जिससे 12V बैटरी 'डिस्चार्ज' (खत्म) हो सकती है। संपर्क करने पर हुंडई कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, 'हुंडई मोटर इंडिया में ग्राहकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। आयोनिक 5 को वापस मंगाना, प्रभावित वाहनों में एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई (आईसीसीयू) का निरीक्षण और उन्नयन करने के लिए एक सक्रिय कदम है। इसका ग्राहकों पर कोई खर्च नहीं आएगा।'

- चार्जिंग नियंत्रण इकाई में पाई गई समस्या
- आयोनिक 5 की कीमत 46 .05 लाख रुपये से शुरू



*कंपनी वाहन मालिकों से संपर्क करेगी : प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी के समर्पित दल वाहन मालिकों के संपर्क में रहेंगे और इस संबंध में उनका मार्गदर्शन करेंगे। आयोनिक 5 की कीमत 46.05 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है।*

# सोने में 70 रुपए की गिरावट चांदी 250 रुपए टूटी



**नई दिल्ली।** वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 70 रुपये की गिरावट के साथ 72,080 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 250 रुपये घटकर 90,700 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले सत्र में यह 90,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 'दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें 72,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं, जो पिछले बंद भाव से 70 रुपये कम है।'

# सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाए नए रिकॉर्ड

एजेंसी ⏭ मुंबई



- निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों से बाजार में रही तेजी
- रिलायंस और महिंद्रा के शेयरों में रही तेजी

निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली आने से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रही। इसके असर में घरेलू बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 66.70 अंक की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

*इन शेयरों में रही घट-बढ़: सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और एशियन पेंट्स के शेयरों में सबसे अधिक तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टूब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख देखा गया।*

## भेल को अदाणी पावर से दो बिजली संयंत्रों के ठेके




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भेल को अदाणी पावर से 7,000 करोड़ रुपये के दो बिजली संयंत्रों के ठेके मिले हैं। भेल ने एक बयान में कहा कि पहला ठेका छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में स्थापित किए जा रहे 2x800 मेगावाट रायपुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट का अदाणी पावर लिमिटेड से मिला है। बयान के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में स्थापित किए जा रहे 2x800 मेगावाट मिर्जापुर सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के लिए दूसरा ठेका एमटीईयूपीपीएल (अदाणी पावर लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी) से मिला हे। भारी उद्योग मंत्रालय के अधीन भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) भारत का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग व विनिर्माण उद्यम है। यह ऊर्जा, उद्योग और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में काम करता है।

## अगले माह से अरहर, चना और उड़द के भाव आ सकते हैं नीचे

# जुलाई से घट सकती है दलहनों की कीमत : सरकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने शुक्रवार को कहा कि अच्छे मानसून और आयात बढ़ने की उम्मीदों से अगले महीने से अरहर, चना और उड़द दालों की कीमतों में नरमी आने की संभावना है। इसके साथ ही खरे ने कहा कि दालों की कीमतों को लेकर घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

- अच्छे मानसून और आयात बढ़ने से कीमतों में नरमी आने की संभावना

सचिव ने कहा कि अगले महीने से इन तीनों दालों का आयात भी बढ़ेगा जिससे घरेलू आपूर्ति बढ़ाने में मदद मिलेगी। खरे ने यहां कहा, 'पिछले छह महीनों में अरहर, चना और उड़द दालों की कीमतें स्थिर रही हैं, लेकिन उच्च स्तर पर बनी हुई हैं। मूंग और मसूर दालों की कीमत की स्थिति संतोषजनक है।'

### आठ लाख टन तुअर का आयात किया गया

भारत ने पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग आठ लाख टन तुअर और छह लाख टन उड़द का आयात किया। म्यांमार और अफ्रीकी देशों से भारत को प्रमुख रूप से दाल के निर्यात होता है। फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में तुअर का उत्पादन 33.85 लाख टन रहा जबकि खपत 44-45 लाख टन रहने का अनुमान है।

### चना व उड़द की मांग में इजाफा

चना का उत्पादन 115.76 लाख टन रहा जबकि मांग 119 लाख टन है। उड़द के मामले में उत्पादन 23 लाख टन रहा जबकि खपत 33 लाख टन रहने का अनुमान है। मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को आयात के जरिए पूरा किया जाता है। सब्जियों के मामले में भी खरे ने कहा कि मानसून की बारिश से खुदरा कीमतों पर सकारात्मक असर पड़ेगा।



### भारत चना दाल से राहत प्रदान की गई

खरे ने कहा कि सरकार घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और खुदरा कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सभी जरूरी उपाय करेगी। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि 'भारत चना दाल' को 60 रुपये प्रति किलोग्राम पर बेचने की सरकार की योजना आम आदमी को राहत प्रदान कर रही है।

### अरहर का औसत खुदरा मूल्य 160.75 रु. किलो

13 जून को चना दाल का औसत खुदरा मूल्य 87.74 रुपये प्रति किलोग्राम, तुअर (अरहर) दाल 160.75 रुपये प्रति किलोग्राम, उड़द दाल 126.67 रुपये प्रति किलोग्राम, मूंग दाल 118.9 रुपये प्रति किलोग्राम और मसूर दाल 94.34 रुपये प्रति किलोग्राम था। उपभोक्ता मामलों का विभाग देश के 550 प्रमुख उपभोक्ता केंद्रों से खाद्य उत्पादों के खुदरा मूल्य एकत्र करता है।

### दालों की खेती के रकबे में सुधार

खरे ने कहा, 'जुलाई से तुअर, उड़द और चना की कीमतों में नरमी आने की संभावना है।' सचिव ने कहा कि मौसम विभाग ने सामान्य मानसून बारिश का अनुमान लगाया है जिससे दालों की खेती के रकबे में काफी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को बेहतर बीज उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है।

## जेनएआई स्टार्टअफ के लिए बनेगा 23 करोड़ का कोष

**नई दिल्ली।** अमेजन वेब सर्विसेज ने अपने वैश्विक सृजनात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेन-एआई) प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत जेनएआई स्टार्टअप फर्मों के लिए 23 करोड़ डॉलर का कोष बनाने की घोषणा की है। कार्यक्रम एक अक्टूबर से शुरू होगा और 10 सप्ताह तक चलेगा। द एशिया-प्रशांत और जापान क्षेत्र से 20 और कुल मिलाकर 80 स्टार्टअप फर्मों एवं उनके संस्थापकों की मदद करना है। 10 लाख अमेरिकी डॉलर तक के एडब्ल्यूएस क्रेडिट, कौशल विकास सत्र, व्यवसाय तथा तकनीकी सलाह और नेटवर्किंग के अवसर मिलेंगे।

चिंतन

# जी-7 बैठक से निकले युद्ध समाप्ति की राह

रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास जंग की समाप्ति होनी चाहिए। युद्ध से किसी समस्या का हल नहीं निकाला जा सकता है। इसका उदाहरण प्रथम विश्व युद्ध से लेकर वर्तमान में रूस व यूक्रेन जंग तक है। युद्ध ने कभी भी शांति का मार्ग प्रशस्त नहीं किया है। हमास, हूती, हिज्बुल्लाह, इस्लामिक स्टेट, तालिबान, अलकायदा, हिज्बुल, लश्कर, जैश जैसे कट्टर इस्लामिक गुटों के आतंकवाद के खिलाफ भी जी-7 को एकजुट होना चाहिए। अब जब सात विकसित देश इटली की मेजबानी में जी-7 की बैठक कर रहे हैं, तो इसमें चर्चा का मुख्य विषय रूस व यूक्रेन जंग ही है। भारत समेत करीब एक दर्जन देश इटली के विशेष आमंत्रण पर जी-7 की बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। जी-7 की बैठक के एजेंडे में भी रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में तनाव (इजराइल-हमास जंग, व हूती व हिज्बुल्लाह का आतंक) को समाप्त करने की राह तलाशने पर चर्चा करना शामिल है। वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ बिना सिलेक्टिव हुए सामूहिक लड़ाई की जरूरत है। टेरर फंडिंग के स्रोतों को पहचानने व उसे रोकने की आवश्यकता है। जी-7 की बैठक की सार्थकता तभी अधिक होगी, जब दोनों युद्ध को खत्म करने के रास्ते निकलेंगे। आतंकवाद के खात्मे के लिए एक मैकेनिज्म बनेगा। यह भी विडंबना ही है कि संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका व चीन के होते हुए भी रूस व यूक्रेन युद्ध तीसरे साल में भी जारी है। हजराइल व हमास जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही। जंग के लिए यूक्रेन और इजराइल व हमास को मदद करने वाले मुल्कों को अपनी नीति पर विचार करना चाहिए। रूस ने वादा किया है कि 2022 में उसके भू-भाग में मिलाए गए चार क्षेत्रों से यदि यूक्रेन अपने सैनिकों को हटाना शुरू कर देता है और नाटो में शामिल होने की योजना छोड़ देता है तो वह 'तुरंत संघर्ष विराम करेगा और बातचीत शुरू करेगा। रूसी राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय आया है जब जी-7 के नेता समेत कई वैश्विक नेता इटली में जुटे हैं और यूक्रेन में शांति कायम करने के प्रयासों के तहत स्विट्जरलैंड इस सप्ताहांत में कई वैश्विक नेताओं के सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है, जिसमें रूस शामिल नहीं होगा। पुतिन का कहना है कि उनके प्रस्ताव का उद्देश्य यूक्रेन में संघर्ष का ठोस समाधान निकालना है, पर उनके प्रस्ताव से समाधान की उम्मीद कम लग रही है। इसमें रूस की एकतरफा शर्त है। अमेरिका की जिद यूक्रेन को नाटो में शामिल कराने की है। इसलिए भी रूस की पेशकश के माने जाने की उम्मीद कम है। अमेरिका और जी-7 के यूरोपीय देश अगर यूक्रेन को आर्थिक व हथियारों की मदद बंद कर दें, तो युद्ध को समाप्त होने में अधिक वक्त नहीं लगेगा। जी-7 में जापान को छोड़कर बाकी सदस्य देशों की रूस के साथ पुरानी अदावत है, इस अदावत के चलते ही अमेरिका व ब्रिटेन खुल कर यूक्रेन के पक्ष में खड़े हैं, ये देश रूस को पस्त करना चाह रहे हैं, पर बर्बादी यूक्रेन की हो रही है। ऐसे में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के विवेक पर युद्ध का अंत का सारा दारोमदार ठहर जाता है। जी-7 की बैठक से इतर पीएम नरेन्द्र मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ वार्ता में कहा है कि शांति का रास्ता 'बातचीत और कूटनीति' से होकर गुजरता है। इससे पहले भी पीएम मोदी राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ अलग अलग बातचीत में युद्ध छोड़ कर वार्ता के टेबल पर आने की अपील कर चुके हैं। भारत चाहता है कि दोनों युद्ध खत्म हों, विश्व में शांति हो, ताकि वैश्विक विकास को गति मिले। यूक्रेन में शांति के लिए स्विटज़रलैंड में होने वाले सम्मेलन के सफल होने की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि जी-7 बैठक से अमेरिका व विकसित यूरोपीय देशों में युद्ध समाप्ति की दिशा में मोमेंटम बनने की पूरी संभावना है।

नीट परिणाम विवाद
राजेश जैन



# दांव पर एनटीए की साख

नीट यूजी 2024 का रिजल्ट 14 जून को जारी होने वाला था, लेकिन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी(एनटीए) ने बिना किसी सूचना के 4 जून को अचानक जारी कर दिया। परिणामों ने तब खलबली मचा दी, जब 67 स्टूडेंट्स ने 720 में से 720 का स्कोर हासिल कर लिया। इससे पहले से चल रही पेपर लीक की आशंकाओं को बल मिला और लोगों ने सवाल खड़े करने शुरू कर दिए। सोशल मीडिया के करीब सभी प्लेटफॉर्म पर नीट यूजी 2024 का रिजल्ट खूब ट्रेंड कर रहा है। कई सारे स्टूडेंट्स नीट यूजी 2024 के रिजल्ट को स्कैम बता रहे हैं। सोशल मीडिया पर कई स्टूडेंट्स रिजल्ट में धांधली के आरोप लगा रहे हैं। एनटीए ने इस बीच बार-बार सफाई दी, लेकिन हर सफाई पर नए सवाल खड़े हो गए। सवालों की जांच के लिए एक कमेटी भी बनाई, एनटीए के मुखिया को ही उसका चेयरमैन बना दिया गया। गड़बड़ी को लेकर दिल्ली, भोपाल, वाराणसी समेत देशभर में हजारों छात्र-छात्राओं ने विरोध प्रदर्शन किए हैं। 11 जून को सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने पेपर लीक के मामले में भले ही काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर एनटीए से कहा है कि नीट यूजी की पवित्रता प्रभावित हुई है। हमें इसका जवाब चाहिए। पेपर लीक जैसी गड़बड़ियों का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली और कलकत्ता हाईकोर्ट में नई याचिकाएं दायर की गई हैं और एनटीए की साख दांव पर लगी हुई है। बीते साल नीट यूजी में शामिल अभ्यर्थियों के औसत मार्क्स 279.41 थे, जबकि इस बार यह बढ़कर 323.55 हो गए हैं। काट ऑफ में पहली बार एक ही साल में करीब 45 अंकों की जोरदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। हालत यह है कि पिछले साल 600 नंबर पर कई जनरल बच्चों को सरकारी कॉलेज मिल गया था, इस साल 640 नंबर वाले को भी सीट नहीं मिलेगी। पिछले साल 612 नंबर पर करीब 26 हजार रैंक थी, इस साल 76 हजार स्टूडेंट्स ने यह नंबर हासिल कर लिए। टॉपर्स लिस्ट के सीरियल नंबर 62 से लेकर 69 के स्टूडेंट्स हरियाणा के एक ही सेंटर के हैं। इनमें किसी छात्र के नाम में सरनेम नहीं है। इन 8 में से 6 छात्रों को 720 में से 720 अंक हासिल हुए है, वहीं, अन्य दो को 719, 718 हैं। ऐसी ही गड़बड़ी यूपी, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली और कर्नाटक के टॉपर्स के मामले में आई है। यूपी, तमिलनाडु और गुजरात में रैंक-1 वालों के रोल नंबर काफी करीबी हैं। यह समानता बताती है कि इन स्टूडेंट्स को संभवतः एक ही सेंटर अलॉट हुआ है और एक सेंटर्स से नीट के ज्यादा टॉपर्स निकले। सवाल यह भी उठ रहा है कि किसी भी स्टूडेंट को 720 में से 719 और 718 अंक कैसे मिल सकते हैं। नीट का रिजल्ट 14 जून को आना था, उसे आनन-फानन में 4 जून को तब जारी कर दिया गया जब देश लोकसभा चुनाव के परिणाम में उलझा हुआ था। आखिरी इतनी भी जल्दी क्या थी? इसके अलावा ओएमआर शीट अपलोड नहीं होने, फाड़ देने, जला देने, ओएमआर शीट और मार्कशीट में अलग अलग अंक होने की शिकायतें भी सोशल मीडिया पर खूब की जा रही है। स्टूडेंट्स का कहना है कि अगर कुछ सेंटर्स पर बच्चों का समय बर्बाद हुआ था तो उनको अतिरिक्त समय दिया जाता ग्रेस मार्क्स क्यों दिए गए। मामले में पारदर्शिता नहीं बरती गई। बिना जानकारी के ग्रेस मार्क्स क्यों दिए गए। वे बिना ग्रेस मार्क्स के नीट की ओरिजिनल मेरिट लिस्ट जारी करने की मांग कर रहे हैं। एनटीए ने स्पष्टीकरण जारी कर बताया है कि 5 मई को परीक्षा के दौरान कुछ सेंटर्स पर बहुत से स्टूडेंट्स का समय बर्बाद हुआ था। इसको लेकर पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट, दिल्ली व छत्तीसगढ़ में रिट पिटिशन दाखिल की गई थी। इसके चलते ग्रेस मार्क्स देने के लिए कमेटी बनाई गई थी। उसने एग्जाम सेंटर के सीसीटीवी और मौजूद कर्मचरियों की रिपोर्ट के आधार पर मूल्यांकन किया और यह मामला सही निकला। इसके लिए नॉर्मलाइजेशन फॉर्मूला लागू किया गया जो कि 13 जून 2018 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद क्लेट एक्जाम में टाइम लॉस की स्थिति से निपटने के लिए तैयार किया गया था। बहरहाल, नीट में कुछ छात्रों द्वारा असाधारण अंक प्राप्त करना सामान्य नहीं है। यह परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है। स्टूडेंट्स और उनके माता-पिता कई उम्मीदों के साथ अपने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाते हैं, लेकिन जब परीक्षा में धांधली होती है तो इनकी उम्मीदें टूट जाती हैं। इससे उन छात्रों के बीच निराशा पैदा कर दी है जो कठोर तैयारी के बावजूद कटऑफ से चूक गए। इससे मेडिकल शिक्षा प्रणाली में भरोसा भी कम होगा। विश्वास बनाए रखना और समान अवसर सुनिश्चित करना अहम है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# रक्षा क्षेत्र की चुनौतियों से निपटना होगा



विश्लेषण
डॉ. एल. एस. यादव

केंद्र की नई सरकार गठित हो चुकी है और मंत्रालयों का बंटवारा भी हो चुका है। गठबंधन की इस नई सरकार के समक्ष कई चुनौतियां हैं। अन्य क्षेत्रों की तरह रक्षा क्षेत्र में भी अनेक चुनौतियां हैं, जिनसे रक्षा मंत्रालय एवं तीनों सेनाओं को मिलकर निपटना है। सरकार में राजनाथ सिंह को फिर से रक्षा मंत्री बनाया गया है। वे पिछली सरकार में भी रक्षा मंत्रालय का कामकाज देख रहे थे। रक्षा मंत्री के लिए चीन और पाक की सीमा पर मिलने वाली चुनौतियों से निपटने की सैन्य तैयारियां भी बढ़ानी हैं। उनके लिए वित्त मंत्री से अधिक रक्षा बजट की मांग पूरी करवाना भी विशेष कार्य रहेगा। भारत का रक्षा बजट चुनौतियों के हिसाब से हमेशा कम रहा है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नई सरकार गठित हो चुकी है और मंत्रालयों का बंटवारा भी हो चुका है। गठबंधन की इस नई सरकार के समक्ष कई चुनौतियां हैं। अन्य क्षेत्रों की तरह रक्षा क्षेत्र में भी अनेक चुनौतियां हैं, जिनसे रक्षा मंत्रालय एवं तीनों सेनाओं को मिलकर निपटना है। सरकार में राजनाथ सिंह को फिर से रक्षा मंत्री बनाया गया है। वे पिछली सरकार में भी रक्षा मंत्रालय का कामकाज देख रहे थे। उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 11 जून को अपना कार्यभार संभाल लिया था। रक्षा मंत्री के तौर पर दूसरे कार्यकाल में राजनाथ सिंह को अग्निपथ योजना की समीक्षा करके उसे आकर्षक बनाने का काम अत्यन्त सामयिक दिया गया है। इसके अलावा सैन्य सुधारों को लागू करना, इंटीग्रेटेड थिएटर कमांड का गठन, हथियारों के आयात में कमी करना, रक्षा क्षेत्र में आत्म निर्भरता को बढ़ाना, पाकिस्तान व चीन सीमा पर बने तनाव से निपटने के रास्ते निकालने की जिम्मेदारी के साथ ही रक्षा बजट अधिक करवाना है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि रक्षा मंत्री इन सभी से कैसे निपटेंगे?

अग्निपथ योजना में भर्ती होने को लेकर युवाओं ने शुरूआत से ही अपनी नाराजगी जाहिर कर दी थी। इस योजना के विरोध में काफी दिनों तक आन्दोलन चलाए गए। सोशल मीडिया से लेकर ग्राउंड तक युवाओं की यह नाराजगी दिखाई पड़ी थी। यह आत अलग है कि बाद में नवयुवक इस योजना में भर्ती होने लग गए थे। इस योजना का अनेक सेवानिवृत्त सैनिकों ने इसका विरोध करते हुए सवाल उठाए थे। इसके अलावा इस चुनाव में कुछ विपक्षी दलों ने अग्निपथ योजना के मुद्दे को जोर शोर से उठाया। वहीं कुछ लोगों ने इस योजना की समीक्षा की बात की।

उल्लेखनीय है कि इस योजना में युवाओं को चार साल के लिए भर्ती किया जाता है। यह योजना सेनांगों के लिए थी। इस योजना के 25 प्रतिशत जवानों को ही स्थायी होने का अवसर मिलेगा। शेष जवानों को अन्य क्षेत्रों में रोजगार की तलाश करनी पड़ेगी। स्थायी सैनिकों की तुलना में इनको 30 दिन की छुट्टी मिलती है। अब इस योजना में सुधार को लेकर सेना के भीतर से ही कुछ सुझाव मिले हैं, इसलिए इसकी समीक्षा किए जाने की बात चल रही है और समीक्षा के लिए सचिवों को जिम्मदारी सौंप दी गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पहले ही कह चुके हैं कि अग्निपथ योजना में यदि बदलाव की आवश्यकता हुई तो वे करने को तैयार हैं। सैनिक सुधार करना सरकार के एजेंडे में शामिल है। अपने संकल्प पत्र में भाजपा ने इसे प्रमुखता से शामिल किया था। इन सैन्य सुधारों में सबसे प्रमुख सेना के तीनों अंगों थल सेना, वायु सेना एवं नौसेना को मिलाकर एकीकृत थिएटर कमांड का गठन करना है। इसमें नए सेनाध्यक्ष की भूमिका प्रमुख होगी। विदित हो कि मोदी सरकार के नेतृत्व में वर्ष 2019 में थिएटर कमांड बनाए जाने का निर्णय हुआ था और उसी समय जनरल विपिन रावत को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनाया गया था। इस योजना



का उद्देश्य छोटी या बड़ी लड़ाइयों के समय अपने निश्चित सामरिक लक्ष्यों के साथ विशिष्ट शत्रु आधारित थिएटरों में संयुक्त अभियानों के लिए थल सेना, वायु सेना एवं नौसेना को एकीकृत करना है। भरतीय सशस्त्र बल थिएटर कमांड के गठन की तैयारियों को पूरा करने में लगे हुए हैं। वर्ष 2019 से अब तक की इस अवधि में निचले स्तर पर सेवाओं को एकीकृत करने के कुछ प्रयास किए गए हैं। बीते पांच वर्षों में थिएटर कमांड के लिए उत्तम संभव मॉडल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए अनेक मसौदे तैयार किए गए। अब सरकार गठन के बाद इस पर विचार किए जाने की उम्मीद है।

मार्च 2024 में स्वीडन स्थित स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) यानी कि सिपरी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारत संसार के शीर्ष हथियार आयातक देशों में शामिल है। यह संस्था दुनियाभर में हथियारों की खरीद-फरोख्त पर नजर रखती है और प्रतिवर्ष अपनी रिपोर्ट जारी करती है। सिपरी द्वारा जारी रिपोर्ट में बताया गया कि भारत ने वर्ष 2019 से 2023 तक पांच वर्षों में दुनियाभर से 9.8 फीसदी हथियार आयात किए हैं। भारत के लिए इस चुनौती से निपटना जरूरी हो गया है, इसलिए यह आवश्यक है कि हथियारों के मामले में दूसरे देशों पर भारत की निर्भरता को कम किया जाए। यह कार्य कैसे किया जाए इससे रक्षा मंत्री को निपटना होगा। बीते दशक से मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया पर लगातार जोर दिया है। इसी अभियान के तहत रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता को काफी बढ़ावा दिया गया है। इसका परिणाम यह हुआ कि भारत के रक्षा उद्योग में सैन्य साजो-सामान का उत्पादन काफी बढ़ गया है। स्वदेशी तकनीक से बनी मिसाइलें, हल्का लड़ाकू विमान तेजस, ध्रुव हेलीकॉप्टर, स्कॉरपियन श्रेणी की पनडुब्बियों ने देश के रक्षा क्षेत्र को काफी आगे बढ़ा दिया है। इस कारण भारत के रक्षा निर्यात में काफी बढ़ोत्तरी हो गई है। पिछले वित्तीय वर्ष में भारत का सैन्य निर्यात 21083 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। फिलीपींस, पोलैंड तथा अफ्रीकी देशों ने भारत में मिसाइलों, विमानों और हेलीकॉप्टरों की खरीद में रुचि दिखाई है। अब जरूरत इस बात की है कि भारत रक्षा मैन्यूफैक्चरिंग इतना आगे बढ़े कि रक्षा आयात को कम किया जा सके।


रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के लिए पाकिस्तान और चीन की सीमा पर मिलने वाली चुनौतियों से निपटने की सैन्य तैयारियां भी बढ़ानी हैं। जहां पाकिस्तान भारतीय सीमा के नजदीक किसी भी यौद्धिक स्थिति से निपटने के लिए चीन की मदद से बंकर तैयार करने के साथ-साथ अत्याधुनिक हथियार ले रहा है तो दूसरी तरफ चीन के साथ भी तनाव बना हुआ है। वर्ष 2020 में पैदा हुए तनाव के बाद के बाद से अभी तक 21 दौर की वार्ता के बाद भी स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है और अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति बहाल नहीं हुई है, इसीलिए चीन और पाकिस्तान की सीमा पर जवान डटे हुए हैं। रक्षा मंत्री के लिए एलएसी तथा एलओसी पर शांति व स्थिरता बनाए रखने की चुनौती होगी।

देश की रक्षा चुनौतियों से निपटने लिए धन की अधिक आवश्यकता होती है। रक्षा मंत्री के लिए वित्त मंत्री से अधिक रक्षा बजट की मांग पूरी करवाना भी विशेष कार्य रहेगा। भारत का रक्षा बजट रक्षा चुनौतियों के हिसाब से हमेशा कम रहा है। भारत का रक्षा बजट 74 अरब डॉलर के लगभग है जबकि अमेरिका का 832 अरब डॉलर, चीन का 227 अरब डॉलर व रूस का 109 अरब डॉलर है। दुनिया के प्रमुख देशों के रक्षा बजट के हिसाब से भारत चौथे नम्बर पर है। चीन का रक्षा बजट भारत से तीन गुना से ज्यादा है। अधिक रक्षा बजट होने पर ही भारत अत्याधुनिक हथियारों के निर्माण के बाद ही अन्य देशों के बराबर पहुंच सकेगा।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती हैं



संकलित
दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है, इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है, लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

## बिना लड़ाई किए धैर्य से भी जीता जा सकता है



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में युधिष्ठिर को चक्रवती सम्राट बनाने के लिए राजसूय यज्ञ किया गया था। इसके लिए सभी राजाओं पर जीत हासिल करनी थी। इस काम के लिए अर्जुन ने विजय यात्रा शुरू कर दी। जहां-जहां अर्जुन जा रहे थे, वहां के राजाओं को पराजित करते हुए आगे बढ़ रहे थे। जो राजा अर्जुन की सेवा स्वीकार कर रहे थे, अर्जुन उन पर कर लगाकर आगे बढ़ रहे थे। इस यात्रा के दौरान अर्जुन कुरु नाम के राज्य में पहुंचे। अर्जुन पहुंचे तो कुरु राज्य के द्वारपाल और लोगों ने अर्जुन से कहा कि आप इस नगर को युद्ध करके जीत नहीं सकते, क्योंकि जो व्यक्ति इस नगर में युद्ध के लिए प्रवेश करता है, उसकी मृत्यु हो जाती है। ऐसा इस राज्य को वरदान मिला हुआ है। अर्जुन ने सोच-विचार करके कहा कि ठीक है, मैं यहां युद्ध नहीं करूंगा। अर्जुन की बात सुनकर लोगों ने कहा कि युद्ध के अलावा अगर आपकी कोई इच्छा है तो वह पूरी हो सकती है। अर्जुन ने कहा कि मैं हमारे भाई युधिष्ठिर को चक्रवर्ती सम्राट बनाना चाहता हूं। मुझे आपसे युद्ध नहीं करना है। आप बस मुझे कर के रूप में थोड़ा सा धन दे दीजिए। ये धन लेकर मैं लौट जाऊंगा। लोगों ने अर्जुन की बात मानकर थोड़ा सा धन दे दिया। धन लेकर अर्जुन दूसरे राज्य की ओर बढ़ गए। अर्जुन ने संदेश दिया है कि हर शत्रु को युद्ध करके पराजित नहीं किया जा सकता है, कुछ शत्रुओं के सामने बुद्धि और धैर्य का उपयोग करना चाहिए। बुद्धि का उपयोग करते हुए भी शत्रुओं की हराया जा सकता है।

## सौजन्य भेंट



**नई दिल्ली**। राष्ट्रपति भवन में एक बैठक के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने मुलाकात की।

## आज की पाती

### कायर आतंकवादियों को सबक सिखाना जरूरी

जिस तरह से जम्मू कश्मीर के रियासी क्षेत्र में मां वैष्णो देवी के दरबार से दर्शन करके लौटते श्रद्धालुओं की बस पर समाज पर कलंक आतंकवादियों द्वारा हमला करने की कायरतापूर्ण घटना को अंजाम दिया गया है, उसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। साथ ही पाकिस्तान की निरंतर इस तरह की आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने की कायराना सोच को मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। हैरानी की बात है कि कायर आतंकवादियों द्वारा जिस तरह से दर्शनों से लौट रहे श्रद्धालुओं की बस पर फायरिंग को अंजाम दिया गया, वहीं इस तरह से निर्दोष लोगों पर हमला करके आतंकवादियों ने यह दर्शा दिया है कि वे समूची मानवता पर ही कलंक हैं।

**-रोहित गुप्ता**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### करियर से खिलवाड़ नहीं होगा



नीट परीक्षा मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत परीक्षार्थियों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। मैं परीक्षार्थियों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि किसी भी बच्चे के करियर से खिलवाड़ नहीं होगा। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश अनुसार सरकार आवश्यक कदम उठाएगी।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### जीवन की सार्थकता



जैसे नदी की संपूर्णता सागर तक पहुंचने और अपने अस्तित्व को उसमें विलीन कर देने में निहित है, उसी प्रकार जीवन की सार्थकता ईश्वरीय विधान के प्रति समर्पण से सिद्ध होती है। अहंकार के अवसान होते ही जीवन की दिव्यताएं प्रकट होने लगती हैं।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### सावधान रहना होगा



अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद पासी जी की मरने की कामना की जा रही है। बीजेपी को दलितों से इतनी नफ़रत है कि अयोध्या से सपा सांसद को मारने की तैयारी चल रही है। पीडीए को बीजेपी जैसी नफरती पार्टी से सावधान रहना होगा।

-संजय सिंह, आप नेता

### उनके लिए दुखी हैं



कुवैत में भीषण अग्निकांड में 42 लोगों की मौत हो गई। वे महान व्यक्तिगत बलिदान देकर विदेश गए। वे काम पर गए और अपने पीछे छोड़े गए परिवारों के लिए बेहतर जीवन अर्जित किया। हम उनके लिए दुखी हैं।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

## करंट अफेयर

### ईरान ने सेंट्रीफ्यूज लगाना किया शुरू



संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने शुक्रवार को कहा कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर आलोचना का सामना करने के बाद उन्नत सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू किया है और आगामी हफ्तों में अन्य को भी लगाये जाने की योजना है। वहीं, अमेरिका ने इस कदम को परमाणु खतरा बढ़ाने वाला कदम बताया है। नये सेंट्रीफ्यूज लगाये जाने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम में और तेजी आएगी, जो पहले से यूरेनियम का संवर्द्धन कर उसे आयुध स्तर का बना चुका है और कई परमाणु आयुध बनाने के लिए इसका पर्याप्त भंडारण कर चुका है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की स्वीकारोक्ति में, ईरान के अधिक संवर्द्धन करने की योजना का कोई संकेत नहीं मिला है। आईएईए ने कहा कि इसके निरीक्षकों ने सोमवार को सत्यापित किया कि ईरान ने अपने नतांज संवर्द्धन केंद्र में उन्नत आईआर-4 और आईआर-6 सेंट्रीफ्यूज के तीन 'कासकेड' में यूरेनियम भरना शुरू कर दिया है। कासकेड, सेंट्रीफ्यूज का एक समूह है जो यूरेनियम के संवर्द्धन में तेजी लाता है।

## ऑफ बीट

### दुनिया के अकेले पौधे के लिए महिला साथी की तलाश

जीवाश्म विज्ञानी रिचर्ड फोर्टी ने जीवन के विकास के बारे में अपनी पुस्तक में एक पौधे के बारे में लिखा है, 'नि:संदेह यह दुनिया का सबसे अकेला जीव है।'



दरअसल वह दक्षिण अफ्रीका के एक पौधे एन्सेफलार्टोस वुडी (ई. वुडी) के बारे में बात कर रहे थे। ई. वुडी साइकैड परिवार का एक सदस्य है। ये पौधे मोटे तने और बड़ी कड़ी पत्तियों वाले होते हैं और इनकी पत्तियां जैसे एक राजसी मुकुट जैसा बनाती हैं। इन लचीले उत्तरजीवियों ने डायनासोर और कई सामूहिक विलुप्तियों को मात दी है। एक समय इनका अस्तित्व बड़े पैमाने पर था, लेकिन आज ये ग्रह पर सबसे विलुप्त प्रजातियों में से एक हैं। एकमात्र ज्ञात जंगली ई. वुडी की खोज 1895 में वनस्पतिशास्त्री जॉन मेडले वुड द्वारा की गई थी, जब वह दक्षिण अफ्रीका के नगोय वन में वनस्पति अभियान पर थे। उन्होंने आसपास इसके जैसे अन्य पौधों की तलाश की, लेकिन कोई नहीं मिला। अगले कुछ दशकों में, वनस्पतिशास्त्रियों ने तने और शाखाएँ हटा दीं और बगीचों में इनकी खेती की। इस डर से कि अंतिम तना नष्ट हो जाएगा, वन विभाग ने 1916 में इसे दक्षिण अफ्रीका के प्रिटोरिया में एक सुरक्षात्मक बाड़े में सुरक्षित रखने के लिए जंगल से हटा दिया, जिससे यह जंगल से विलुप्त हो गया। तब से यह पौधा दुनिया भर में उगाया गया है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

» यह घातक हथियार दुश्मन के घर में घुसकर मचा देगा तबाही

» 200 मीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर दुश्मन को नहीं आएगा नजर

» नागपुर की कंपनी ने नागस्त्र-1 का पहला बैच भारतीय सेना को सौंपा

# भारतीय सेना को मिले 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र 1'

*स्वदेश में विकसित नागस्त्र-1 आत्मघाती ड्रोन की पहली खेप भारतीय सेना को मिल गई है। नागपुर की कंपनी सोलर इंडस्ट्रीज ने इन घातक ड्रोनों को विकसित किया है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लॉइटरिंग म्यूनिशन की आपूर्ति का ऑर्डर दिया था। इनमें से 120 की डिलीवरी कर दी गई है।*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय सेना को बेहद घातक हथियार मिल गया है। नागपुर की सोलर इंडस्ट्रीज ने पहला स्वदेशी लॉइटरिंग म्यूनिशन नागस्त्र-1 भारतीय सेना को सौंप दिया है। नागस्त्र-1 दुश्मन के घर में घुसकर हमला करने में सक्षम है। यह एक आत्मघाती ड्रोन है, जो दुश्मन के इलाके में घुसकर तबाही बचा देगा। बता दे कि भारतीय सेना को 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र' मिले हैं। नागपुर की कंपनी ने 120 स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन 'नागस्त्र' का पहला बैच भारतीय सेना को सौंपा है। भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज के इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। प्री-डिलीवरी निरीक्षणों के सफल समापन के बाद ईईएल ने सेना के गोला-बारूद डिपो को 120 लोइटर म्यूनिशन वितरित किए हैं।

## आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन के दिए गए हैं ऑर्डर

भारतीय सेना ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत 480 लोइटर म्यूनिशन की आपूर्ति के लिए सोलर इंडस्ट्रीज की इकोनॉमिक्स एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) को ऑर्डर दिया है। पहले बैच के रूप में 120 लोइटर म्यूनिशन सेना के गोला-बारूद डिपो को सौंप दिए हैं।

### घरेलू स्तर पर निर्मित आत्मघाती ड्रोन का पहला बैच

*भारतीय सेना को घरेलू स्तर पर निर्मित आत्मघाती ड्रोन का पहला बैच प्राप्त हुआ है, जिसे नागस्त्र-1 के नाम से जाना जाता है। स्वदेशी लोइटरिंग म्यूनिशन को आत्मघाती ड्रोन नागस्त्र-1 के रूप में भी जाना जाता है।*

## आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर हो सकेंगे सटीक हमले

यह एक ही आत्मघाती ड्रोन दुश्मन के इलाके में घुसकर तबाही मचा सकता है। जीपीएस से लैस यह ड्रोन दो मीटर की दूरी पर सटीकता के साथ हमला कर सकता है। नौ किलोग्राम वजन वाले मैन-पोर्टेबल फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक यूएवी की क्षमता 30 मिनट की है। मैन-इन-लूप रेंज 15 किलोमीटर और ऑटोनॉमस मोड रेंज 30 किलोमीटर है। इसका इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम कम ध्वनिक संकेत प्रदान करता है। इससे 200 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर दुश्मन इसे पहचान नहीं पाता। इसे आसानी के साथ जमीन से लॉन्च किया जा सकता है। यह 1.5 किलोग्राम विस्फोटक वारहेड ले जाने में सक्षम है और 15 किमी. तक निगरानी करके आसानी से लक्ष्य भेद सकता है। इससे आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर सटीक हमले किये जा सकेंगे।



### मात्र 9 किलोग्राम वजनी है मोड रेंज 30 किमी

नागास्त्र-1 आत्मघाती ड्रोन है। जीपीएस से लैस यह ड्रोन दो मीटर की सटीकता के हमला कर सकता है। नौ किलोग्राम वजन वाले मैन-पोर्टेबल फिक्स्ड-विंग इलेक्ट्रिक यूएवी की क्षमता 30 मिनट की है। मैन-इन-लूप रेंज 15 किलोमीटर और ऑटोनॉमस मोड रेंज 30 किलोमीटर है। इसका इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम कम ध्वनिक संकेत प्रदान करता है। इससे 200 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर दुश्मन इसे पहचान नहीं पाता।

### सौदे से जुड़ी खास बातें

- रक्षा क्षेत्र में 'मेक-इन-इंडिया' के तहत सेना ने 480 नागस्त्र-1 ड्रोन का दिया था ऑर्डर।
- यह आत्मघाती ड्रोन दुश्मन के ठिकानों पर सटीक हमला करने में सक्षम हैं।
- यह सौदा करीब 300 करोड़ रुपए का हो सकता है।
- आपातकालीन प्रावधानों के तहत सेना ने दिया था ऑर्डर।
- अब तक विदेश से खरीदे जाते थे ऐसे ड्रोन, ईईएल बनी पहली स्वदेशी कंपनी।

### ड्रोन की खासियतें

- आसानी से जमीन से किया जा सकता है लॉन्च।
- 1.5 किलोग्राम विस्फोटक वारहेड ले जाने में सक्षम।
- 15 किमी तक निगरानी और लक्ष्य भेद सकता।
- आतंकी लॉन्च पैड, घुसपैठियों और दुश्मनों के ट्रेनिंग कैंप पर कर सकेंगे सटीक हमला।

## खबर संक्षेप

### खुले में न करें कुर्बानी मौलाना खालिद रशीद



**नई दिल्ली।** दुनिया भर के मुसलमान ईद उल-अज़हा का त्योहार 17 जून को मनाने वाले हैं। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के प्रमुख मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने त्योहार मनाने वाले सभी मुसलमानों से अपील की है और 13 सूत्रीय दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने अपील की है कि कोई भी नमाज़ी ईद की नमाज़ सड़क पर ना पड़े और ईदगाह या जिस जगह इंतिज़ाम किया गया है वहीं जाकर पढ़े।

### केन्या सरकार लाखों कौवों को मारेगी



**नैरोबी।** केन्या में लगातार बढ़ती कौवों की संख्या से परेशान होकर वहां की सरकार ने साल 2024 के आखिरी तक केन्या के सभी समुद्रीय तटीय इलाकों से दस लाख कौवों को हटाने का आदेश दिया है। केन्या सरकार के मुताबिक ये कौवे भारतीय मूल के हैं। जानकारी के मुताबिक साल 1940 में ये कौवें अफ्रीका में चले गए थे। तब से लगातार इन कौवों की संख्या बढ़ती जा रही है। तब से इनकी संख्या काफी बढ़ गई है अब ये कौवे इतने आक्रामक हो गए हैं कि पक्षियों और लोगों को सताने लगे हैं।

### भारत को मिल सकते हैं 26 और राफेल विमान



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना लगातार अपने बेड़े को मजबूत कर रही है। इसी को लेकर एक बार फिर भारत और फ्रांस के बीच राफेल को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। बताया जा रहा कि दोनों देशों की सरकारों के बीच 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों के सौदे को लेकर बातचीत हो रही है। इस दौरान कीमत और अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जा रही। इससे पहले भारत और फ्रांस के बीच राफेल की खरीदी के लिए 30 मई को बैठक होने वाली थी।



आगजनी में भारतीय नागरिकों की हुई थी मौत

## कुवैत से 45 मज़दूरों के शव लेकर भारत लौटा वायुसेना का विमान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कुवैत अग्निकांड में जान गंवाने वाले 45 भारतीयों के शव भारत की धरती पर पहुंच चुके है। एयरफोर्स का विशेष विमान उनके शवों को लेकर केरल के कोच्चि में लैंड हो चुका है। अब इन शवों को उनके परिवारों के हवाले कर दिया जाएगा। जिन भारतीय मजदूरों की मौत की पुष्टि हुई है उनमें से केरल से 23, तमिलनाडु से 7, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश से 3-3, ओडिशा से 2, बिहार, पंजाब, कर्नाटक, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड और हरियाणा से 1-1 मजदूर थे।

### सुबह कोच्चि में लैंड हुआ विमान

*भारतीय मजदूरों की मदद के लिए कुवैत पहुंचे विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने ये कहा था कि शवों की वापसी के लिए भारतीय वायुसेना का विमान तैयार किया गया है। शुक्रवार सुबह कोच्चि में ये विमान लैंड हुआ और यहीं दक्षिण के राज्यों को उनके मजदूरों के शवों को सुपुर्द किया जाएगा जिसके बाद ये फ्लाइट दिल्ली के लिए रवाना हुई। केरल के सीएम पिनरायी विजयन और बाकी राज्यों के नेता शवों को लेने श्रद्धांजलि देने के लिए एयरपोर्ट पर पहुंचे।*

### केंद्र सरकार ने मुआवजे का ऐलान किया

केरल के मज़दूर हमारे राज्य के लिए जीवनदायक हैं। कुवैत में लगी आग हमारे समुदाय के लिए एक बड़ी दुर्घटना है। आग में झुलसकर मरने वालों के परिजनों के लिए राज्य सरकार और केंद्र सरकार ने मुआवजे का ऐलान किया है। विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कुवैत के कई अस्पतालों का दौरा किया था और घायल मजदूरों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना था।

रूस ने दोनों देशों के बीच शांति बहाल को लेकर कई और मांगें रखी

# रूस के राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन के साथ सीजफायर करने को तैयार

*रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन के सामने कई शर्तें रखी है। उन्होंने कहा कि हम इस जंग का अंतिम समाधान निकालने के लिए बिना देरी के बातचीत करने के लिए तैयार हैं।*

एजेंसी ▸▸ मास्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन से सीजफायर को तैयार हो गए हैं, लेकिन उन्होंने इसके लिए एक शर्त रखी है। जानकारी के अनुसार पुतिन ने कहा कि अगर यूक्रेन कब्जे वाले क्षेत्रों से सेना हटा लेता है और नाटो में शामिल होने का प्लान छोड़ देता है तो युद्ध रुक सकता है। पुतिन ने कहा कि उन्होंने ऐसी शर्त इसलिए रखी है ताकि इस जंग का अंतिम समाधान निकल जाए. मास्को में रूसी विदेश मंत्रालय में अपने भाषण में उन्होंने कहा कि रूस बिना देरी के बातचीत के लिए तैयार है।



### 'इतिहास के दर्दनाक पन्ने को पलटने का समय'

रूस के राष्ट्रपति ने कहा, "हम इतिहास के दर्दनाक पन्ने को पलटने की और रूस, यूक्रेन और यूरोप के बीच एकता बहाल करने का आग्रह कर रहे हैं। रूस की ओर से कोई नई मांगें नहीं रखी गई है। रूस पहले से भी युद्ध को रोकने के लिए ऐसी मांगें कर चुका है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन की यह टिप्पणी इटली में हो रहे जी 7 शिखर सम्मेलन के बीच आई है। इससे पहले 8 जून को पुतिने ने यूक्रेन में युद्ध जीतने के लिए परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से इनकार किया था।


### यूक्रेन के सैन्य बलों पर लगे प्रतिबंध

रूस के राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच शांति बहाल को लेकर कई और मांगें रखी है, जिसमें यूक्रेन की गैर-परमाणु स्थिति, उनके सैन्य बलों पर प्रतिबंध और रूसी भाषा वाले लोगों के हितों की रक्षा करना शामिल है। पुतिन ने कहा, ये सभी मौलिक अंतरराष्ट्रीय समझौतों का हिस्सा बनना चाहिए और रूस के खिलाफ सभी पश्चिमी देशों का प्रतिबंध हटा दिया जाना चाहिए, तभी सीजफायर हो सकता है।

### कीव की प्रशासनिक सीमाएं मास्को को सौंपे

पुतिन ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि कीव को इन क्षेत्रों से पूरी तरह से हट जाना चाहिए और इन क्षेत्रों की प्रशासनिक सीमाओं को मास्को को सौंप देना चाहिए। कीव को अपने क्षेत्रीय लाभ को पहचानना चाहिए और नाटो में शामिल होने की मांग को छोड़ देनी चाहिए। हालांकि, यूक्रेन के चार क्षेत्रों पर रूस ने अभी किसी पर भी पूरी तरह से नियंत्रण नहीं किया है।

## नाइक ने लिया आडवाणी का आशीर्वाद



**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्य मंत्री श्रीपाद वाई नाइक ने वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी से उनके आवास पर मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम जानी।

### सऊदी अरब ने अमेरिका को 50 सालों में दिया सबसे बड़ा झटका

**रियाद।** सऊदी अरब की चीन-रूस के साथ लगातार करीबी बढ़ रही है। अब सऊदी मार्केट में अमेरिका की संप्रभुता घटती जा रही है। सऊदी अपने कारोबार का दायरा बढ़ाते हुए रूस, चीन, जापान देशों के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। इस कड़ी में एक बढ़ा कदम उठाते हुए सऊदी सरकार ने अमेरिका को एक और झटका दिया है।

सऊदी ने अमेरिका के साथ अपनी 50 साल पुरानी पेट्रो डॉलर डील को आगे बढ़ाने से मना कर दिया है, जोकि 9 जून को एक्सपायर हो गई है। इस कदम को दुनियाभर में कारोबार के लिए यूएस डॉलर के बदले दूसरी करेंसी के इस्तेमाल के बढ़ावे के रूप में देखा जा रहा है। इसका असर अमेरिका पर सीधे तौर पर देखने मिल सकता है। एक बड़ा मील का पत्थर साबित हुई थी।

अयोध्या में सभी बैरियरों पर सघन चेकिंग अभियान शुरू

## अयोध्या के राम मंदिर को उड़ाने की धमकी, जैश-ए-मोहम्मद का ऑडियो वायरल होने के बाद अलर्ट जारी

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या के नवनिर्मित राम मंदिर को उड़ाने की एक बार फिर धमकी मिली है। इस बार धमकी आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने दी है। इसका एक ऑडियो वायरल होने के बाद यूपी की योगी सरकार ने अलर्ट जारी कर दिया है। राम नगरी में तैनात सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अलर्ट के बाद अयोध्या में रामकोट के सभी बैरियरों पर सघन चेकिंग अभियान के साथ जांच शुरू कर दी गई है। रामलला के दर्शन मार्ग पर भी श्रद्धालुओं की निगरानी बढ़ा दी गई है। बताया जाता है कि धमकी वाले ऑडियो में आमिर नामक जैश-ए-मोहम्मद आतंकी को कहते सुना जा रहा है कि हमारी मस्जिद को हटाकर मंदिर बनाया गया है। अब इसे बम से उड़ा दिया जाएगा। आतंकी कह रहा है कि हमारे तीन साथी कुर्बान हुए हैं और अब इस मंदिर को गिराना ही होगा। अलर्ट के साथ ही सुरक्षा एजेंसियां ऑडियो की जांच कर रही हैं।



### » तत्काल सतर्कता बढ़ाई

अयोध्या के राम मंदिर पर हमले की धमकी इससे पहले भी दो तीन बार मिल चुकी है। पिछले साल भी धमकी मिली थी। हालांकि तब फर्जी निकली थी। इससे पहले 2005 में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने यहां हमला भी किया था। अब एक बार फिर जैश-ए-मोहम्मद के नाम से अयोध्या में आतंकी हमले का ऑडियो वायरल हुआ तो सतर्कता तत्काल बढ़ा दी गई है। रामलला के मंदिर में एवं भक्तों के लिए चैकिंक अभियान शुरू कर दिया है।

जी-7 देशों के अन्य नेताओं से मुलाकात में कई मुद्दों पर बातचीत हुई

# पीएम मोदी का इटली में फ्राइडे हाउसफुल, पोप फ्रांसिस से भी होगी बैठक

एजेंसी ▸▸ इटली

पीएम मोदी इटली के दौरे पर हैं। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद से यह उनकी पहली विदेश यात्रा है। इस यात्रा के दौरान पीएम मोदी ने जी-7 देश के नेताओं से मुलाकात की और द्विपक्षीय मुद्दों पर बातचीत की। पीएम के साथ मुलाकात में फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों, ऋषि सुनक जैसे नेता शामिल हुए। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी अपनी पहली विदेश यात्रा पर गए हैं। उनकी पहली विदेश यात्रा इटली की है। पीएम वहां जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए गए हैं। इस सम्मेलन में भारत को एक आउटरीच देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के साथ ही साथ पीएम अन्य देशों के राजनेताओं से भी मुलाकात करेंगे।



### शानदार बोर्गो एग्नाजिया रिसॉर्ट में बैठक

*जी-7 शिखर सम्मेलन 13 जून से 15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में शानदार बोर्गो एग्नाजिया रिसॉर्ट में हो रहा है। शुक्रवार यानी 14 जून को पीएम मोदी वर्ल्ड लीडर्स के अलावा पोप फ्रांसिस से भी मुलाकात करने वाले हैं. पीएम मोदी के इटली में होने वाले सभी कार्यक्रम की डिटेल दे दी गई है। पीएम मोदी इटली के पीएम जियोर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं।*



*नई दिल्ली। भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, दाईं ओर, दक्षिणी इटली के बारी के पास बोर्गो इग्नाज़िया में जी-7, शुक्रवार को एआई, ऊर्जा, अफ्रीका और मध्यपूर्व पर एक कार्य सत्र के दौरान पोप फ्रांसिस का स्वागत करते हैं।*

### बाइडेन और जेलेंस्की के बीच 10 साल का सुरक्षा समझौता

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच जी7 में दस साल के द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर हुए। इसका उद्देश्य रूसी आक्रमणकारियों के खिलाफ यूक्रेन की रक्षा को मजबूत करना।

### सुनक, मेलोनी और जापानी पीएम से होगी मुलाकात

भारत जी-7 का सदस्य नहीं है लेकिन आउटरीच देश के तौर पर आमंत्रित किया है। इस दौरान पीएम मोदी आउटरीच सत्र में शिरकत करेंगे और और इवेंट से इतर कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात करेंगे। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पीएम मोदी का ये पहला विदेशी दौरा है।

विशेष कोर्ट ने सबूतों के अभाव में फैसला सुनाया

## दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को बरी किया गया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को महाराष्ट्र में ठाणे की एक कोर्ट ने जबरन वसूली के मामले में बरी कर दिया। जानकारी के अनुसार ठाणे में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत नामित एक विशेष कोर्ट ने सबूतों के अभाव में फैसला सुनाया। कोर्ट के न्यायाधीश अमित एम शेटे ने कहा कि अभियोजन पक्ष कासकर के खिलाफ आरोपों को साबित करने में विफल रहा, इसलिए आरोपी को संदेह का लाभ मिला। ठाणे पुलिस ने 2017 में कासकर के खिलाफ एमसीओसीए की धारा 3 (संगठित अपराध) के अलावा भारतीय दंड संहिता आईपीसी की धारा 384 (जबरन वसूली), 386 (किसी व्यक्ति को मृत्यु या गंभीर चोट के भय में डालकर वसूली), 387 (वसूली करने के लिए किसी व्यक्ति को मृत्यु या गंभीर चोट के भय में डालना), 34 (सामान्य इरादे को आगे बढ़ाने में कई व्यक्तियों द्वारा किए गए (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया था।

# विश्व रक्तदाता दिवस

# 58 की उम्र में 88वां रक्तदान

## रेलवे चिकित्सालय में 75 यूनिट ब्लड संग्रहित




लगा रक्तदान शिविर

जबलपुर।

विश्व रक्तदाता दिवस पर शहर में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। सरकारी अस्पतालों और अन्य समाज सेवी संस्थाओं द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित कर सैकड़ों यूनिट ब्लड संग्रहित किया गया जो जरुरतमंदों की जिंदगी बचाने के काम आयेगा। 58 वर्षीय विकास खंडेलवाल अब तक 88 बार रक्तदान कर चुके हैं तो रमेश नायडू बीते 13 वर्षों से साल में दो बार रक्तदान करते चले आ रहे हैं। विकास खंडेलवाल की बेटी श्रेया खंडेलवाल ने बताया कि उनके पापा ने 18 वर्ष की उम्र से ही रक्तदान प्रारंभ कर दिया था। अपनी शादी और दादाजी के स्वर्गवास के दिन भी रक्तदान किया था, साथ ही विवाह की 25 वीं वर्षगांठ को रक्तदान शिविर आयोजित करके मनाया था। स्वंय और दूसरों से करवाते है रक्तदान इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य रमेश नायडू पिछले 13 वर्षों से खुद साल में दो बार रक्तदान कर रहे है और रक्तदान शिविरों का लगातार आयोजन करते आ रहे हैं। वे अब तक 500 से ज्यादा रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 8 हजार से ज्यादा यूनिट ब्लड सरकारी ब्लड बैंक में जमा करवा चुके हैं।

इस अवसर पर आरपीएफ के आईजी अजय सदानी, डीआईजी राजेंद्र रूपनवर, डॉ मनीषा रूपंवर, मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील, सीएमडी डॉ आरएन मिश्रा, सीनियर डीएससी मोहम्मद मुनव्वर खान, सीनियर डीपीओ सुबोध विश्वकर्मा का स्वागत मंडल रेल चिकित्सा डॉ. गुंजन यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर उक्त अधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम रक्तदान करके शिविर का शुभारंभ किया गया आईजी अजय सदानी ने उपस्थित रेल सुरक्षा बल के निरीक्षकों एवं पुलिस बल को भी रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर के मौके पर कल्याण संगठन जबलपुर की मंडल अध्यक्ष गुरमीत कौर द्वारा संस्था के परोपकारी कार्य को देखते हुए 5 हजार की राशि ईनाम के रुप में प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्था के सादिक खान, देवेंद्र कुमार, शीला सिंह, अनिल वानखेड़े दुर्गा तिवारी, नीलू वर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

विश्व रक्तदाता दिवस पर आज शहर में अनेक आयोजन हुए। शासकीय और निजी स्तर पर आयोजनों की धूम रही। जिला चिकित्सालय विक्टोरिया अस्पताल, मेडिकल कॉलेज व रेलवे चिकित्सालय में कई रक्तदान शिविर लगाए गए। जिला विक्टोरिया अस्पताल की ब्लड प्रभारी, डॉ अमिता जैन ने बताया कि उनके द्वारा होमगार्ड, मानस भवन, एनईएस और महाकोशल कॉलेज सहित एक ओर अन्य जगह पर शिविर का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में रेलवे चिकित्सालय में भी 75 लोगों को रक्तदान करने पर रेलवे द्वारा सम्मानित किया गया।

### महाव्रत के दौरान दादागुरु का चौथा रक्तदान

दादागुरु विगत 1348 दिनों से प्रकृति केंद्रित निराहार महाव्रत साधना कर रहे हैं जिसके सामने विज्ञान भी नतमस्तक है इसी साधना के दौरान आज विश्व रक्त दाता दिवस पर श्री दादागुरु ने युवाओं से संवाद कर भारत के अनेक गांव, नगरों एवं राज्यों में दादागुरु परिवार के साथ ही नेताजी जी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में सैंकड़ों रक्तवीरों संग श्री दादागुरु ने चौथा रक्त दान किया।

## गंगा दशहरा की पूर्व संध्या पर 900 फुट की चुनरी से श्रृंगार आज



**जबलपुर।** जबलपुर प्रतिवर्ष अनुसार इस 12 वे वर्ष में गंगा दशहरा की पूर्व संध्या 15 जून शनिवार को शाम 4:00 बजे बैनगंगा नर्मदा मैया सरस्वती मैया के संगम बेनगंगा पुल हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से उस पार तक 900 फुट की चुनरी अर्पण की जाएगी महा आरती के साथ भंडारे का वितरण होगा। उपस्थिति की अपील आश्रम के व्यवस्थापक नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल जय किशन गुप्ता डॉक्टर शिव शंकर पटेल मनमोहन दुबे आदि ने की है।

## विभागीय लापरवाही से छात्र परेशान



**जबलपुर।** महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसिशन, मध्य प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की लापरवाही के चलते बीबीए के छात्र की पास की मार्कशीट के साथ छेड़छाड़ कर दो साल बाद फेल में तब्दीली करने के विरोध पर संयुक्त कमिश्नर अरविंद यादव को ज्ञापन सौंपा गया। जहां अंकुश चौधरी, राहुल अगरिया, मोहित प्यासी, रोहित कुरील, विकास रजक उपस्थित रहे। छात्रों ने तत्काल मार्पशीट में सुधार किया जाने की मांग की। और इस तरह की लापरवाही करने वाले अधिकारियों के ऊपर सक्त करवाई कर उन्हे निलंबित किया जाने की मांग की गई है।

## विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने किया आतंकवाद का पुतला दहन



**जबलपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जबलपुर विभाग अंतर्गत नर्मदा जिला रानी दुर्गावती जिला आयुध जिला नरसिंहपुर जिला सिहोरा जिला शहापुरा जिला में आतंकवाद का पुतला दहन एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की गई कि जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों ने कायराना हमला किया जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए, यह संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है। इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है। विभाग प्रचार प्रसार प्रमुख अजय चौरासिया ने कहा की बजरंग दल इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए आपसे निवेदन करता है कि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें तथा इस प्रकार के तत्वों को संरक्षण देने वाले आंतरिक व विदेशी तत्वों पर भी कठोरता से समुचित कार्यवाही हो ऐसा केन्द्र सरकार से सुनिश्चित कराने का आग्रह करें।

## वेतन कटौती से आक्रोशित आउटसोर्स कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष रविन्द्र राय ने बताया कि मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने मजदूरों के बढ़े हुए वेतन के मामले में स्टे दे दिया है, इससे दैनिक वेतनभोगी मजदूरों में मायूसी छा गई है। आक्रोशित आउटसोर्स कर्मचारियों ने 14 जून को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2014 के बाद पहली बार औद्योगिक और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों में वेतन वृद्धि का निर्णय लिया था, इसके तहत श्रमिकों के वेतन में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी और 01 अप्रेल 2024 से उन्हें बढ़ा हुआ वेतन मिल रहा था, लेकिन एक माह बाद ही हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने सरकार के इस फैसले पर स्टे दे दिया जिससे अब मजदूरों को बढ़े हुए वेतन का लाभ नहीं मिलेगा। संघ के अध्यक्ष रविन्द्र राय ने बताया कि बढ़ती मंहगाई के अनुसार कर्मचारियों का वेतन भी बढ़ना चाहिए, लेकिन निजी कंपनी के स्वार्थ के कारण प्रदेश के लाखों कर्मचारियों का नुकसान करना गलत है। ज्ञापन देते समय सहदेव रजक, प्रेमनारायण, वैद्यनाथन अय्यर, मुन्नालाल, ओमप्रकाश पनगरहा, रोहित पटेल, टिंकू वाल्मीकि, माइकल, सुरेश यादव, रूबीना खान, पवन, अशोक वाल्मीकि, सुनीताबाई, गीताबाई सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जाए

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांताध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जाना चाहिए। देखा जा रहा है कि प्रदेश के शिक्षक, स्टेनोग्राफर, लिपिक, इत्यादि की वेतन विसंगति की मार लम्बे अरसे से चली आ रही है, परंतु शासन द्वारा न ही स्टेनोग्राफर की वेतन विसंगति दूर की गई और न ही लिपिक और शिक्षकों की, वहीं समयमान से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान भी नहीं किया गया। अतः शासन से अनुरोध है कि स्टेनोग्राफर, लिपिक, शिक्षक एवं अन्य कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण शीघ्र किया जाए। संघ के प्रांत अध्यक रॉबर्ट मार्टिन, जिर्याउरहीम, राजेश सहारिया, दिनेश गौड़, राकेश श्रीवास, राजकुमार यादव, रऊफ खान, फिलिप अन्थोनी, सुरेन्द्र चौधरी, सुधीर पावेल, मनमोहन चौधरी, विनोद सिंह, दीपेश जैन, गुडविन चाल्स, उमेष सिंह ठाकुर, सुनील झारिया, क्रिस्टोफर नरोन्हा, एनोस विक्टर, आबिद खान, अफरोज खान, सरीफ अहमद अंसारी, अजय मिश्रा, सुखराम विश्वकर्मा, रामाधर चौधरी आदि ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण अति शीघ्र किया जाए।



## पुरस्कार पाकर बच्चों के खिले चेहरे

**जबलपुर।** दसवीं तथा बारहवीं की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल करने वाले होनहार बच्चों का का सम्मान 14 जून को किया गया। श्री गुरु सिंघ सभा गुरुद्वारा प्रेमनगर कमेटी तथा तमाम संगत की तरफ से करीब 16 बालक, बालिकाओं को सिरोपा, स्मृति चिन्ह, मान राशि प्रदान की गई। सम्मानित छात्र-छात्राओं में अमृत सिंघ, सिरजन कौर, निमृत कौर, जसकिरण कौर, चित्तमन सिंघ, मनदीप सिंघ, जसकीरत सिंघ, मीत कौर, रवनीत कौर, हरगुन कौर, हर्षलीन कौर, कुलप्रीत कौर, कीरत कौर, गुरदीप सिंघ, ईशमिशा कौर आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में कमेटी अध्यक्ष स. मनजीत सिंघ ननड़ा, सचिव सुरिन्दर सिंघ होरा, हरमीत सिंघ धंजल टिंकू, अवतार सिंघ प्लाहा, अजायब सिंघ के अलावा बड़ी संख्या में संगत उपस्थित थी। कार्यक्रम के अंत में गुरु का लंगर वितरित किया गया। मंच संचालन व आभार स. रणजीत सिंघ भोमराह ने किया।

## स्काउट, गाइड बच्चों ने केन्द्रीय रेल चिकित्सालय में किया रक्तदान



**जबलपुर।** भारत स्काउट एवं गाइड पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल द्वारा केन्द्रीय जेल चिकित्सालय जबलपुर में अपर मंडल रेल प्रबंधक सुनील ट्रेलर एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा के नेतृत्व में मंडल के रोवर शशांक पांडे, प्रवीण मेहरा एवं रेंजर सिमोन पसेरिया, महक नामदेव एवं आस्था कोरी ने विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में 14 जून को रक्तदान किया।

## ओलंपिक खिलाड़ी दादा किशन लाल की पुत्री को किया सम्मानित



**जबलपुर।** स्थानीय साइंस कॉलेज हॉकी मैदान में मार्बल रॉक हॉकी क्लब के तत्वावधान में भारत के ओलंपिक हॉकी खिलाड़ी स्व. किशन लाल की बेटी के नगर आगमन पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन करने के लिए एक कार्यक्रम 13.06.2024 को नवोदित, कनिष्ठ एवं वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में उनकी बेटी अनीता पॉल का स्वागत मार्बल रॉक हॉकी क्लब के सचिव अशरफ अली, साइंस कॉलेज के स्पोर्ट्स ऑफिसर ओंकार दुबे एवं अन्य खिलाड़ियों ने किया। दादा किशन लाल के जीवन के संबंध में प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी सुनील यादव ने बताया कि दादा किशन लाल खिलाड़ी के साथ एक महान कोच भी थे, उन्होंने भारतीय टीम से खेलते हुए सन 1936 में भारत की टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में अपना विशिष्ट योगदान दिया था।

उल्लेखनीय है कि इस टीम में दादा ध्यानचंद, रूप सिंह जैसे खिलाड़ी खेल रहे थे, वहीं कोच के रूप में भारतीय रेलवे टीम को वर्षों तक राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव दिलाया था, ऐसी महान हस्ती की पुत्री अनीता पाल ने आज यहां उपस्थित होकर सभी खिलाड़ियों को अपना आशीर्वाद व उत्साहवर्धन किया, एवं हॉकी खिलाड़ियों के द्वारा मैत्री मैच खेला गया जिसमें विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरुस्कार अनीता पाल द्वारा दिया गया। इस आयोजन में दादा किशन लाल के परम शिष्य भारतीय रेलवे हॉकी टीम के खिलाड़ी अरुण यादव लड्डू भैया भी उपस्थित थे, जिन्होंने उनकी उत्कृष्ट कोचिंग के संबंध में उपस्थित खिलाड़ियों को एवं आमंत्रितों को बताकर दादा किशन लाल को याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की। आज के कार्यक्रम में डॉ. ज्योति जाट, राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्रीमती सरिता यादव, मोना बावकर, अजय मार्को क्लब के अध्यक्ष, राकेश श्रीवास, डॉ. रमेश शुक्ला, लायन पप्पी खान, आरजू राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, आरिफ अली, हसन अली, असलम अली, सतीश तिवारी, डीएसपी प्रफुल श्रीवास्तव, नवनीत एनआईएस विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में मार्बल रॉक हॉकी क्लब की तरफ से अनीता पाल को अरुण यादव लड्डू भैया के हाथों से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**नाम/सरनेम सुधार सूचना**

यह कि मैं विनोद कुमार जाटव S/o श्री श्योलााल सिंह पता पी-247 एम.ई.एस. हाऊस व्ही.आर.सी. इन्कलेव रिज रोड जबलपुर ये कथन करता हूँ कि मेरे पूर्व पासपोर्ट में मेरा नाम विनोद कुमार S/o श्योलाल सिंह दर्ज है जिसका नं. 43710681 चंडीगढ़ से जारी हुआा था परंतु मेरे सर्विस रिकार्ड तथा अन्य शासकीय दस्तावेजो आधार कार्ड पेन कार्ड मे विनोद कुमार जाटव S/o श्री श्योलाल सिंह है । जो कि सही तथा सत्य अत: अब से मुझे विनोद कुमार जाटव S/o श्री श्योलाल सिंह जाना व पढ़ा जावें।

**पुराना नाम - विनोद कुमार**
**नया नाम - विनोद कुमार जाटव**

## न्यू शोभापुर हनुमान मंदिर में चोरी पर न्यायालय ने दिए कार्यवाही के निर्देश

**जबलपुर।** न्यू शोभापुर तिराहा स्थित हनुमान मंदिर से विगत 20-21 जनवरी 2024 की रात्रि लगभग एक बजे स्टील का ग्रिल वाला मंदिर चोरी चला गया, जबकि मंदिर से मात्र कुछ दूरी पर ही सीसी टीवी कैमरे लगे हैं। चोरी की शिकायत क्षेत्रीयजनों ने अगले दिन रांझी थाना में की थी, जहां कोई सुनवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी गई, लेकिन यहां भी कार्यवाही नहीं होने पर सीएम हेल्प लाइन में घटना की शिकायत की गई तथा सूचना के अधिकार के तहत जानकारी चाही गई। इस पर भी कोई सुनवाई न होने पर फरियादी पक्ष श्रीमती लता कुशवाहा, किरण तिवारी, नारायण यादव, जितेन्द्र बंटी रजक एवं आशीष शर्मा की ओर से अधिवक्त द्वारा नोटिस जारी किया गया तत्पश्चात मान. न्यायालय में प्रकरण दायर किया गया। मान. न्यायालय ने 12.06.2024 को प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। फरियादी पक्ष से अधवक्ता जीके हांडा, हीरा चक्रवर्ती, नवीन विश्वकर्मा, अरविंद सिंह गौर ने पैरवी की।

## संत रविदास समाज का परिचय व विवाह सम्मेलन 17 को

**जबलपुर।** जनहित स्वयं सेवी संस्था के अध्यक्ष संजीत सिंह अहिरवार ने बताया कि संत रविदास वंशीय समाज का परिचय सम्मेलन एवं विवाह सम्मेलन 17 जून को मानस भवन में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत सुखदेव बागमारे अतिथि के रूप में अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे एवं जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहेंगे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं श्रीमति भाग्यश्री पलहा पति श्री रमाकांत पलहा निवासी - म.नं.-1076/ए, जागेश्वर प्रेम निवास विजय नगर जबलपुर म.प्र. पिन नं 482002 शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ मेरी शादी के पहले मेरा नाम कुमारी मेनिका शर्मा पिता श्री विष्णु प्रसाद शर्मा पता - ग्राम करेली जिला नरसिंहपुर म.प्र. दर्ज है जो कि पुराने दस्तावेजों में दर्ज है । मेरा विवाह दिनांक 26/06/2023 को पति श्री रमाकांत पलहा पिता स्व. श्री भगवत प्रसाद पलहा आ.न. 430712494558 निवासी- म.नं. 1076/ए, जागेश्वर प्रेम निवास विजय नगर जबलपुर म.प्र. के साथ हिन्दु रिति रिवाज के साथ सम्पन्न हुआ था। अत: मेरा नाम कुमारी मेनिका शर्मा के स्थान पर श्रीमति भाग्यश्री पलहा हो गया है। मुझे मेरी शादी के बाद श्रीमति भाग्यश्री पलहा पति श्री रमाकांत पलहा के नाम से जाना व पहचाना पढ़ा व समझा जायें इस वास्ते यह शपथ पत्र पेश है।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/54
दिनांक :- 13/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजीत कुमार जैन पिता स्व. श्री प्रेमचंद जैन ने मकान नं. 887 का भाग वार्ड पं भवानी प्रसाद तिवारी खुली भूमि-1660 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/55
दिनांक :- 13/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नीरज खिलवानी पिता श्री मोहनलाल खिलवानी ने मकान नं. 51 एवं 52/P-1 वार्ड पं भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 759 व.फु., भूतल 156.75 व.फु. मैजनाईन-100 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

## सराफा में ट्रैफिक नहीं सुधरा तो आंदोलन करेंगे व्यापारी

## सराफा एसोशिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** सराफा बाजार में बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्थाओं और अतिक्रमण की समस्या को लेकर सराफा एसोसिएशन ने सांसद आशीष दुबे, उत्तर मध्य के विधायक डॉ अभिलाष पांडे, एसपी जबलपुर आदित्य प्रताप सिंह व एडिशनल एसपी यातायात प्रदीप जी को ज्ञापन। जिसमें 21 जून तक अगर सराफा बाजार जाम की समस्या के स्थाई निदान और दो सिपाही की तैनाती की मांग की गई। वहीं ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि अब समय सीमा में समस्या नहीं सुलझाई गई तो सराफा एसोसिएशन के सभी व्यापारी सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे और उग्र आंदोलन करेंगे। ज्ञापन के दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष राजा सराफ, राजेश सराफ, सुशील सोनी, अमित अग्रवाल, केके सुहाने, महेंद्र ओसवाल मीनू, अजय बख्तावर, राजेन्द्र सराफ, नवीन सराफ, सत्य प्रकाश सराफ ,प्रमोद सोनी, विवेक सुहाने संतोष मगरमुहा, सतीश केसरवानी दीपक सोनी दीपू , घनश्याम सराफ, आकलंक जैन दीपू, हर्षित अग्रवाल, योगेंद्र सोनी बबलू, बालकृष्ण सराफ, सत्येंद्र सोनी लकी सराफ राम दुलारे, सुरेंद्र सोनी, उमेश जौहरी, रूपेंद्र बिलैया आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/56
दिनांक :- 13/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रेनू गिल पति श्री जसवीर सिंह गिल ने मकान नं. 1004/1 वार्ड पं भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 640 व.फु. शपथ पत्र/मृत्यू प्रमाण पत्र/विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/53
दिनांक :- 13/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री प्रकाश चौरसिया पिता श्री रामगोपाल चौरसिया ने मकान नं. 715/1ए वार्ड पं भवानी प्रसाद तिवारी प्रथम तल 600 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/52
दिनांक :- 13/06/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री राधेश्याम साहू पिता श्री नर्मदा प्रसाद साहू (2) श्रीमती शीला साहू पति श्री राधेश्याम साहू ने मकान नं. 1514/108 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान प्रथम तल 300 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

# जमीन की खुदाई में मिली 2000 साल पुरानी कब्र, अंदर थे ऐसे कंकाल



एजेंसी ▶▶| पेरिस

इस धरती के गर्भ में प्राचीन काल से जुड़े ऐसे कई राज दफ्न हैं, जो समय के साथ बाहर आते रहते हैं और लोगों को हैरान करते रहते हैं। हाल ही में ऐसे ही एक विचित्र राज़ का खुलासा फ्रांस के पुरातत्वविदों ने किया है। मध्य फ्रांस के विलेडियु-सुर-इंड्रे में एक 5वीं और छठी सदी की जगह मौजूद है, जहां पर फ्रांस के नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर प्रिवेंटिव आर्कियोलॉजिकल रिसर्च ने कई कंकालों को खोजा है। गार्जियन की वेबसाइट के अनुसार 2000 साल पुरानी इन 9 कब्रों में करीब 28 प्राचीन घोड़ों के कंकाल बरामद हुए हैं। आर्कियोलॉजिस्ट्स का दावा है कि घोड़े किसी पैटर्न में दफनाए गए थे। जिन्हें देखकर ऐसा लग रहा है कि किसी अनुष्ठान के नाम पर उनकी बलि चढ़ाई गई है। ये 28 घोड़े मौत के वक्त करीब 6 साल के रहे होंगे। मरने के कुछ ही पल बाद उन्हें यहां पर दफना दिया गया होगा। घोड़ों को दाएं करवट कर गाड़ा गया था और उनका सिर दक्षिण की ओर था।

## एक्सपर्ट हुए हैरान, क्या दी गई थी बलि?



### घोड़ों के साथ कुत्तों का भी कंकाल

पास में एक और कब्र थी, जिसमें 2 कुत्ते थे और उनके सिर पश्चिम की ओर मुंह किए हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार कार्बन डेटिंग से पता चला कि ये कंकाल गैलिक वॉर के थे जो प्राचीन रोमन राज्य के शुरुआती वक्त में हुई थी, जो 100 ईसा पूर्व से लेकर 100 एडी के बीच छिड़ी थी। विशेषज्ञों ने कहा कि वो कंकालों में कीटाणु और वायरस की भी जांच कर रहे हैं, जिससे ये पता लग सके कि कहीं उनकी मौत किसी बीमारी की वजह से तो नहीं हुई थी। सिर्फ नर घोड़े मिले हैं, इस वजह से बीमारी पर शक कम ही जा रहा



### वैज्ञानिकों ने निकाली दो थ्योरी

वैज्ञानिकों ने एक थ्योरी ये भी दी है कि जानवरों की मौत युद्ध में हुई होगी, और उन्हें यहां पर दफनाया गया होगा। हालांकि, किसी अनुष्ठान की वजह से उनकी बलि चढ़ाई गई होगी, इसका भी अंदाजा लगाया जा रहा है। आर्कियोलॉजिस्ट्स का कहा है कि रोमन एंपायर वाली थ्योरी के साथ-साथ अनुष्ठान वाली थ्योरी, दोनों ही काफी हद तक ठीक लग रही है। हालांकि, मरने का सही कारण नहीं पता चल सका है।

# किताब में लिखी थी ऐसी बातें, पढ़ते ही खजाना ढूंढने निकल गया शख्स

इतिहास की किताबों में कई ऐसी जानकारियां छुपी होती हैं, जो अक्सर हमें चौंकने पर मजबूर कर देती हैं। हमें पता नहीं होता कि हमारे आसपास कई हैरान कर देनी चीजें हैं। एक शख्स के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यह शख्स बायरन प्रीस की 1982 की पुस्तक 'द सीक्रेट: ए ट्रेजर हंट' पढ़ रहा था। जिसमें लिखा था कि स्टेटन आइलैंड पर खजाना छुपा हुआ है। फिर क्या था, वह ढूंढने निकल गया। जगह-जगह उसकी खुदाई कर रहा है।

## पार्क में करने लगा खुदाई



एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के कोलोराडो के रहने वाले 58 वर्षीय डेविड हेगर एक दिन शनिवार को अचानक उठे। सुबह 6 बजे पत्नी मिशेल और दो बेटों को लेकर पार्क में खुदाई शुरू कर दी। उन्होंने कहा, बायरन प्रीस की किताब में इसी जगह पर खजाना छिपे होने का जिक्र किया गया है। पहले भी इस जगह की खुदाई की जा चुकी है, लेकिन कुछ भी इसलिए नहीं मिला, क्योंकि उन लोगों ने सुरागों को ढंग से समझा नहीं।

### 30 फीट की गहराई तक खुदाई की

किताब पढ़ने के बाद हेगर और उनका परिवार खुदाई करने के लिए डेनवर से कोलोराडो पहुंचा। वे अपने साथ बैटरी से चलने वाले पावर ड्रिल, फावड़े और भूमिगत कैमरे लेकर आए थे। अगर हेगर को चाबी मिल जाती, तो उसकी किस्मत बदल जाती। क्योंकि, जिस बाक्स में चाबी रखी है, उसमें एक पुखराज भी रखा हुआ है, जिसकी कीमत 2000 डॉलर यानी लगभग 1.66 लाख रुपए है। वे अभी भी छिपकर ये काम कर रहे हैं और खुदाई की जगह के बारे में किसी को बताना नहीं चाहते। हेगर ने कहा, यहां आने से पहले हमने अपने घर के पीछे अभ्यास किया। अलग-अलग औजारों का परीक्षण किया, ताकि दिक्कत न लगे। बीच में एक चीज मिली भी, लेकिन अफसोस वह चट्टान निकली। अब तक यह परिवार 30 फीट की गहराई तक खुदाई कर चुका है, लेकिन अब तक खजाना नहीं मिला है।

### 12 शहरों में चाबियां दफन

हेगर एक भूविज्ञानी और साइंस टीचर हैं। उन्होंने कहा, किताब में दो ऐसी बातें हैं, जिन्हें आज तक कोई नहीं समझ पाया। हमने इस पर पूरी तरह से ध्यान दिया। हमें लगता है कि खजाना पार्क में इसी जगह होना चाहिए। कहते हैं कि 1980 के दशक की शुरुआत में उत्तरी अमेरिका के 12 शहरों में चाबियां दफन की गई थीं। इस किताब में उन ठिकानों के बारे में विस्तृत सुराग दिए गए हैं। उनकी किताब को देखकर शिकागो, क्लीवलैंड और बोस्टन में कई जगह खुदाई की गई, लेकिन कभी कोई खजाना नहीं मिला। फिर भी लोगों का मानना है कि पांच बोरों में लूट का सामान छिपाकर रखा गया है। प्रीस की 2005 में लॉन्ग आइलैंड पर एक कार दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी।

# सबसे खतरनाक जेल, जहां लोहे के बिस्तर पर सोते हैं कैदी

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

दुनिया में जैसे-जैसे जुर्म बढ़ता जा रहा है, वैसे-वैसे बेहतर और सुरक्षित जेलों की जरूरत पड़ना लाजमी है। ऐसे में कई देशों ने अपने यहां ऐसे स्पेशल जेल बनाए हैं, जिसमें चिड़िया भी पर मार सकती। सेंट्रल अमेरिका में मौजूद देश, एल सैलवाडोर भी ऐसा ही एक देश है, जहां एक खास तरह का जेल बनाया गया है। इस जेल में बेहद खूंखार कैदी होते हैं। यूं तो इस जेल में 40 हजार कैदी रह सकते हैं, मगर उनके रहने की जो स्थिति है, वो बेहद बुरी है और अंदर की तस्वीरें आपको हैरान कर देंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार एल सैलवाडोर के टेकोल्यूका शहर में टेररिज्म कंफाइनमेंट सेंटर बनाया गया है। इसका निर्माण जनवरी 2023 में पूरा हुआ था और इस जेल में 40 हजार कैदी रह सकते हैं। देश में जुर्म का स्तर काफी ज्यादा था, इस वजह से वहां के राष्ट्रपति नाएब बुकेले ने प्रण लिया था कि वो अपराध को कम करेंगे। नार्को गैंग पर शिकंजा कस्ते हुए उनके राज में ताबड़तोड़ छापेमारी और गिरफ्तारियां हुईं। जिसके बाद बीते 20 महीनों में 70 हजार से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया।

**सूरज की रोशनी नहीं देख पाते यहां के कैदी**

### मानवाधिकार का ब्लैक होल!

100 स्क्वायर मीटर के सेल में 2 टॉयलेट और 2 सिंक है जिसे कैदियों को शेयर करना पड़ता है। उन्हें सिर्फ लोहे की पतली चादर से बने बिस्तर पर सोना पड़ता है। उन्हें पूरे दिन में 30 मिनट खाली वक्त मिलता है, जिसमें वो एक्सरसाइज कर सकते हैं। हालांकि, उस दौरान उन्हें डंबल या अन्य जिम के अपकरण नहीं मिलते हैं। ह्यूमन राइट्स ग्रुप्स इसे मानवाधिकार का ब्लैक होल कहते हैं, जो मानवाधिकार के सारे नियमों-अधिकारों को निगल जाता है।



### 24 घंटे आर्टिफिशयल लाइट में रहते हैं कैदी

अधिकतर कैदियों को इस जेल में डाला गया। ये एक अभेद्य किला है, जिसके अंदर किसी बहारी के लिए घुस पाना, या कैदियों के लिए बाहर निकल पाना असंभव है। इस जेल में 24 घंटे आर्टिफिशियल लाइट जलती है। जो कैदी एक बार इसके अंदर आ जाता है, वो सूरज की रोशनी नहीं देख पाता। कैदियों को चावल, अंडे, पास्ता, आदि जैसी चीजें परोसी जाती हैं, पर उन्हें ये सब हाथ से ही खाना पड़ता है क्योंकि चाकू-छुरी से वो हमला कर सकते हैं।

## घर छोड़कर 1 साल तक शिप पर रहा शख्स निकला दुनिया घूमने

**न्यूयार्क।** दुनिया में बहुत से लोग ऐसे होते हैं जिन्हें एडवेंचर करने का शौक होता है। वो लोग चाहते हैं कि दुनिया घूमें, अलग-अलग जगहों पर जाएं और लाइफ को एंजॉय करें. पर लोगों को लगता है कि ये बेहद खर्चीला काम होगा।

## राशिफल

**मेष** — रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में




## विक्स की गोली अब हो गई बड़ी

**जबलपुर।** विक्स ने पॉवरहाउस ब्रांड एंबेसडर रनवीर सिंह के साथ विक्स की सबसे बड़ी खबर विक्स की गोली अब हो गई बड़ी की घोषणा की जिसमें लगभग दो दशकों में भारत के प्रतिष्ठित त्रिकोणीय विक्स कफ ड्रॉप्स के डबल पॉवर्ड परिवर्तन का अनावरण किया गया। पीएंडजी इंडिया में कैटेगरी लीडर, क्रंज्यूमर हैल्थकेयर, साहिल सेठी ने कहा ब्रांड की प्रतिष्ठित जिंगल विक्स की गोली लो खिच खिच दूर करो फौरन उस पुराने समय की यादों में ले जाती है जब विक्स कफ ड्रॉप्स ने सन 1960 से भारतीयों की कई पीढ़ियों को बिना खिच-खिच के बोलने में मदद की थी। ब्रांड के बड़ी राहत के वायदे के बारे में डॉ. जसप्रीत कोच्चर, डायरेक्टर, विक्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने कहा नया विक्स डबल पॉवर कफ ड्रॉप खाँसी और खराब गले से राहत देने के लिए एक बेहतर उत्पाद है इसमें प्रभावशाली और प्रसिद्ध आयुर्वेदिक तत्वों, जैसे मेंथल, यूकेलिप्टस तेल और कपूर का प्रमाणित मिश्रण है।

# अंगूरी से छेड़छाड़ पड़ी विभूति को भारी!

**मुंबई।** एण्डटीवी के कल्ट शो 'भाबीजी घर पर हैं' के इस सप्ताह के एपिसोड में एक अनापेक्षित मोड़ आने वाला है, जो निश्चित रूप से दर्शकों को कहानी से बांधकर रखेगा। तिवारी आमतौर पर अपनी बीवी अंगूरी के प्रति विभूति के व्यवहार की वजह से उस पर नाराज रहता है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि आने वाले एपिसोड्स में वह उसे अंगूरी के साथ फ्लर्ट करने की इजाजत दे देता है। इस अनापेक्षित मोड़ से कहानी में एक-के-बाद-एक कई मजेदार और हंगामे वाली घटनायें होती हैं, जो निश्चित रूप से प्रशंसकों को खूब हंसायेंगी। विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभा रहे आसिफ शेख ने कहा, "विभूति, अंगूरी (शुभांगी अत्रे) के साथ छेड़छाड़ कर रहा होता है और तभी तिवारी (रोहिताश्व गौड़) वहां आकर उसे चेतावनी देता है कि वह अंगूरी का समय बर्बाद न करे। तिवारी इसकी शिकायत अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) से भी करता है, जो विभूति को फटकार लगाती है और उसे उसके अंकल की कसम दिलवाती है कि वह अंगूरी से दूर रहेगा। अम्माजी (सोमा राठौड़) उन्हें बताती है कि तिवारी पर खतरा मंडरा रहा है और उसे जेल जाना पड़ सकता है।



पंडित रामपाल (सौरभ कौषिक) उपाय बताता है: इस समस्या से बचने के लिये अंगूरी के देवर को उसे एक हफ्ते तक छेड़ना चाहिये। हालांकि अंगूरी का कोई देवर नहीं है। तिवारी देवर की भूमिका के लिये विभूति के बारे में सोचता है और उसे स्थिति के बारे में बताता है। वह कहता है कि विभूति देवर बनकर अंगूरी को छेड़े। शुरूआत में विभूति एकदम मना कर देता है, लेकिन दिल ही दिल में खुश होता है।" अंगूरी भाबी की भूमिका निभा रहीं शुभांगी अत्रे ने कहा, "विभूति कहता है कि तिवारी को पहले अनीता से इजाजत लेनी चाहिये। अनीता, तिवारी की गुजारिश ठुकरा देती है। हालांकि, बाद में जब तिवारी उसे इस काम के लिये पैसे देने की बात कहता है, तब वह मान जाती है। इस बीच औरतों का एक गैंग आता है, जो अपनी भाबी को छेड़ने वाले देवरों की पिटाई कर देता है। जब यह औरतें देखती हैं कि विभूति, अंगूरी को छेड़ रहा है, तब उसकी पिटाई कर देती हैं। विभूति को अंगूरी से डर लगने लगता है, क्योंकि वह जब भी अंगूरी को छेड़ता है, तब उसकी पिटाई हो जाती है।" यह नई कहानी हंसा-हंसा कर लोट-पोट कर देगी, क्योंकि यह देखना दिलचस्प होने वाला है कि विभूति कैसे इस हंगामे से बाहर निकलेगा और एक ऐसे गैंग लीडर के गुस्से से खुद को बचा पायेगा, जो अपनी भाबियों से फ्लर्ट करने की जुर्रत करने वाले पुरूषों को सजा देने के लिये मशहूर है।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5542



**बाएँ से दाएँ**

1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**

2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रृंगार -3

**शब्द पहेली - 5541 का हल**



## सूडोकू नवताल- 5553

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल- 5552 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# छात्रों की सभी चिंताओं का निष्पक्षता व समानता के साथ करेंगे समाधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद एनटीए ने नीट यूजी में छात्रों को कृपांक (ग्रेस मार्क्स) देने का निर्णय रद्द कर दिया है। दूसरी ओर शिक्षा मंत्री ने भी नीट यूजी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों को खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा कि इस तरह के दावों का समर्थन करने के लिए कोई सबूत नहीं है। शुक्रवार को शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि छात्रों की सभी चिंताओं का निष्पक्षता और समानता के साथ समाधान किया जाएगा।

◆ शिक्षा मंत्री प्रधान ने दिया नीट के छात्रों को आश्वासन ◆ परीक्षार्थियों के हितों की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध

विपक्ष के दावों पर कहा कि इसके कोई सबूत नहीं हम चिंताओं से अवगत हैं






### किसी के कॅरियर को खतरा नहीं होगा

प्रधान ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि केंद्र सरकार नीट परीक्षार्थियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मैं छात्रों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि उनकी सभी चिंताओं का निष्पक्षता और समानता के साथ समाधान किया जाएगा। किसी भी छात्र को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा और किसी भी बच्चे के कॅरियर को खतरे में नहीं डाला जाएगा। नीट परीक्षा से संबंधित तथ्य माननीय सर्वोच्च न्यायालय के संज्ञान में हैं।

### आवश्यक कदम उठाए जाएंगे



शिक्षा मंत्री ने छात्रों को आश्वासन दिया कि सरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार हर आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों के हित के लिए सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक कदम उठाएगी। नीट की काउंसलिंग प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी और इस दिशा में बिना किसी भ्रम के आगे बढ़ना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### विपक्ष पर किया तीखा पलटवार

इससे पहले प्रधान ने तीखा पलटवार करते हुए विपक्ष पर तथ्यों को जाने बिना संवेदनशील मुद्दे पर झूठ फैलाने की बात भी कही। शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस नेता और अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के एक ट्वीट के जवाब में कहा कि नीट परीक्षा मामले में एनटीए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए उचित कार्यवाही करने को कटिबद्ध है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 1,563 विद्यार्थियों की परीक्षा दोबारा कराई जाएगी। उन्होंने लिखा, मैं कांग्रेस को ये याद दिलाना चाहता हूं कि पेपर लीक रोकने और नकल विहीन परीक्षा के लिए केंद्र सरकार ने इसी साल पब्लिक एग्जामिनेशन एक्ट पारित किया है जिसमें कई कड़े प्रावधान हैं। कांग्रेस इस गलतफहमी में न रहे कि कोई भी नेक्सस पाया जाएगा तो उस पर कार्यवाही नहीं होगी। इस एक्ट के प्रावधानों को बहुत बारीकी से अमल में लाया जाएगा।

### शुरुआत में जोशी का था एबीवीपी से भी संबंध



*एनटीए के प्रमुख हैं रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. प्रदीप जोशी का संघ परिवार से पुराना नाता बताया जाता है। डॉ. जोशी संघ लोक सेवा आयोग, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ पीएससी के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।*

## खबर संक्षेप

### लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस के पहिए में उठा धुआं



**लखनऊ।** यहां से चलकर चंडीगढ़ जा रही एक्सप्रेस में चंदक रेलवे स्टेशन पर अचानक पहियों में चिंगारियां उठी और धुआं-धुआं हो गया। धुआं कोच में भरने लगा तो यात्रियों में आग लगने की दहशत फैल गई। घबराए यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। ट्रेन रुकी भी नहीं थी कि धीमी होते ही यात्री ट्रेन से कूदने लगे। ऐसे में कई यात्री चोटिल हुए हैं। इससे सभी यात्री घबरा गए।

### अमूल के बाद महंगा हो गया पराग का दूध




**नई दिल्ली।** महंगाई की मार अब खाने के समान पर तेजी से दिख रही है। अमूल के बाद पराग दूध ने भी कीमतों में बदलाव किया है। अब पराग के एक लीटर दूध के लिए 2 रुपए अधिक देने होंगे। यह बदलाव दोनों वैरायटी पैक में की गई है। अब पराग टोंड दूध बाजारों में 54 रुपए के बजाए 56 रुपए में मिलेगा। पराग गोल्ड 1 लीटर की कीमत 66 से बढ़कर 68 रुपए हो गई है।

### राजकोट अग्निकांड में एक और मालिक अरेस्ट



**राजकोट।** गुजरात पुलिस ने राजकोट 'गेम जोन' के एक और मालिक को गिरफ्तार कर लिया है। अब पूरे मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है। राजकोट के टीआरपी गेमिंग जोन में आग लग गई थी। आग लगने के बाद कोई कुछ समझ पाता इससे पहले आग ने पूरे गेमिंग जोन को अपनी चपेट में ले लिया।

### राम रहीम ने मांगी 21 दिन की फरलो, 2 को सुनवाई



**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा प्रमुख राम रहीम ने फिर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने फिर से 21 दिन की फरलो मांगी है। फरलो याचिका में कहा कि इसी महीने डेरा सच्चा सौदा का कार्यक्रम है, जिसमें उसे शामिल होना है। डेरा मुखी की अर्जी पर गौर किया जा रहा है, लेकिन निर्णय नहीं लिया गया है। सुनवाई 2 जुलाई तक स्थगित कर दी गई।


### आंध्र प्रदेश में दर्दनाक हादसा, 6 की मौत



**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में शुक्रवार को एक कंटेनर और डीसीएम वैन की टक्कर में 6लोगों की जान चली गई।हादसा क्रुथिवेन्नु मंडल के सीतानपल्ली के निकट हुआ। हादसे में दोनों वाहनों के चालकों की भी जान चली गई है। बताया जा रहा कंटेनर पुडुचेरी से भीमावरम जा रहा था। सीतानपल्ली के निकट विपरीत दिशा से आ रहे डीसीएम से जा भिड़ा।

## जनता दल (यूनाइटेड) बोले- हम स्पीकर के लिए एकमत

# भाजपा के नामित स्पीकर का जेडीयू करेगी समर्थन, दोनों में 'सहमति'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट में इस बार भी भारतीय जनता पार्टी का ही दबदबा रहने वाला है। जनता दल (यूनाइटेड) ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा उम्मीदवार का सपोर्ट करने की बात कही है।

मालूम हो कि भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का जदयू हिस्सा है। जेडीयू के नेता केसी त्यागी ने कहा कि उनकी पार्टी और तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) एनडीए का हिस्सा हैं और लोकसभा स्पीकर पद के लिए भाजपा की ओर से नामित कैंडिडेट का समर्थन करेंगे। त्यागी ने कहा कि जेडीयू और टीडीपी मजबूती से एनडीए से जुड़े हैं। हम स्पीकर के लिए भाजपा के नामित व्यक्ति का समर्थन करेंगे।

### कैबिनेट में पहले से ही भाजपा का दबदबा अब स्पीकर पद के लिए भी साफ हुआ रास्ता



### फिलहाल नाम उजागर नहीं

एनडीए सरकार में लोकसभा स्पीकर के पद को लेकर अभी भी किसी एक नाम पर सहमति नहीं बनी है। इस बीच जनता दल (यूनाइटेड) के नेता केसी त्यागी ने कहा है कि उनकी पार्टी और तेलुगू देशम पार्टी (टीडीपी) भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा हैं और लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा द्वारा नामित उम्मीदवार का समर्थन करेंगे।

### 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष पद का चुनाव

लोकसभा 26 जून को अपने नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। 18वीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा। लोकसभा की ओर से इसे लेकर बुलेटिन जारी किया गया। इसमें कहा गया कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को लिखित रूप से नोटिस दे सकता है। मौजूदा मामले में अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं।

### 27 को राष्ट्रपति संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी

सत्र के पहले 2 दिन नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण होंगे। अध्यक्ष के चुनाव के लिए 26 जून की तिथि तय की गई है, जबकि 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। प्रस्ताव के लिए नोटिस का समर्थन किसी तीसरे सदस्य द्वारा किया जाना चाहिए। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार द्वारा यह बयान भी दिया जाना चाहिए कि वह निर्वाचित होने पर अध्यक्ष के रूप में काम करने के लिए तैयार है। लोकसभा सचिवालय ने नियमों का हवाला देते हुए बताया कि कोई सदस्य अपना नाम प्रस्तावित नहीं कर सकता है।


### बात साफ... भाजपा का होगा स्पीकर

केसी त्यागी से कुछ विपक्षी नेताओं की टिप्पणियों के बारे में सवाल पूछा गया था। उनसे कहा गया कि क्या नया लोकसभा अध्यक्ष टीडीपी या जेडीयू से हो सकता है? इसके जवाब में उन्होंने भाजपा की ओर से नामित उम्मीदवार को समर्थन देने की बात कही। मालूम हो कि भाजपा केंद्र में अपने सहयोगियों के साथ गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रही है। जेडीयू लीडर त्यागी की टिप्पणी इस टिप्पणी को बड़े संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा स्पीकर पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा कर सकती है। अध्यक्ष पद का उम्मीदवार पार्टी के सहयोगियों में से नहीं होने वाला है।

## येदियुरप्पा को जांच में सहयोग को कहा

# वे कोई टॉम, डिक या हैरी नहीं, राज्य के पूर्व सीएम हैं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक हाई कोर्ट ने पॉक्सो मामले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने अगली सुनवाई तक येदियुरप्पा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने येदियुरप्पा को जांच में सहयोग करने के लिए कहा है। बीएस येदियुरप्पा को 17 जून को सीआईडी के सामने जांच के लिए पेश होना होगा।

इस मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद होगी। बीएस येदियुरप्पा की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह बात कही।

### कोर्ट ने गिरफ्तारी पर उठाया सवाल

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार जस्टिस एस कृष्ण दीक्षित ने बीएस येदियुरप्पा की गिरफ्तारी पर सवाल उठाया। कोर्ट राज्य सराकर के उस आरोप से सहमत नहीं था, जिसमें कहा गया कि येदियुरप्पा ने 11 जून को जांच अधिकारी के सामने उपस्थित होने के लिए जारी नोटिस की अनदेखी की और फिर कुछ ही घंटों में दिल्ली चले गए थे। इस पर एडवोकेट जनरल शशि किरण शेट्टी ने तर्क दिया कि नोटिस जारी के बाद बीएस येदियुरप्पा ने प्लेन का टिकट बुक कराया था।

### कोर्ट में पेश होने को कहा था

कोर्ट ने कहा कि बीएस येदियुरप्पा पूर्व मुख्यमंत्री हैं और उनके भागने की संभावना नहीं है। कोर्ट ने कहा कि वह (बीएस येदियुरप्पा) कोई टॉम, डिक या हैरी नहीं हैं। वह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। क्या आपका कहना है कि वे देश छोड़कर भाग जाएंगे? वे बेंगलुरू से दिल्ली आकर क्या कर सकते हैं? अदालत ने यह भी कहा कि येदियुरप्पा ने 11 जून के नोटिस का जवाब देते हुए कहा था कि वे 17 जून को जांच अधिकारी के सामने पेश होंगे।

पश्चिम रेलवे ने यात्री सुविधा में किया इजाफा

# मुंबई लोकल ट्रेन में लगाया पैनोरमा डिजिटल डिस्प्ले, सहूलियत मिलेगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पश्चिम रेलवे की मुंबई उपनगरीय ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए पश्चिम रेलवे ने लोकल ट्रेन के डिब्बों में पैनोरमा डिजिटल डिस्प्ले स्थापित किया है। मुंबई सेंट्रल स्थित पश्चिम रेलवे के ईएमयू कारशेड ने मोटर कोचों के साइड पैनल पर एक नया हेड कोड डिस्प्ले सिस्टम सफलतापूर्वक शुरू किया है।

यह सुविधा यात्रियों को लोकल ट्रेन के गंतव्य की स्पष्ट और तत्काल पहचान प्रदान करेगी, जो मुंबई उपनगरीय नेटवर्क पर ज्यादा सुविधा के साथ ही यात्रा की जानकारी को सुनिश्चित करेगी। इस डिस्प्ले की विशेषता यह है कि जब गार्ड प्रारंभिक स्टेशन पर अपनी कैब में चढ़ता है और ट्रेन नंबर फीड करता है, तो यात्रा का सारा विवरण साइड-माउंटेड पैनोरमा डिजिटल डिस्प्ले पर दिखेगा। यह अंग्रेजी, हिंदी और मराठी भाषाओं में ट्रेन का गंतव्य दिखाएगा, जो 3 सेकंड के अंतराल पर भाषा को बदलेगा। ये डिस्प्ले मोड भी प्रदर्शित करेंगे यानी फास्ट (एफ) या धीमी (एस) और ट्रेन 12-कार ईएमयू है या 15-कार ईएमयू ट्रेन।




### डिस्प्ले को कई तरीकों से सुरक्षित किया गया

ये डिजिटल डिस्प्ले फुल थिन फिल्म ट्रांजिस्टर है। इसे मजबूत ग्लास से सुरक्षित किया गया है। इसकी ब्राइटनेस और देखने का कोण ऑप्टिमम है, जो लोगों को स्क्रीन पर कोड को आसानी से देखने में मदद करेगा। कंट्रास्ट को भी सेंसर से स्वचालित किया है।

### चेकअप पर ईडी नहीं कर सकती आपत्ति



**नई दिल्ली।** सीएम अरविंद केजरीवाल की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा है कि ईडी तिहाड़ जेल में केजरीवाल के मेडिकल चेकअप से संबंधित अनुरोधों पर आपत्ति नहीं कर सकती है। जस्टिस मुकेश कुमार ने ईडी से कहा, केजरीवाल न्यायिक हिरासत में हैं, ईडी की हिरासत में नहीं। अगर वह कोई राहत चाहते हैं, तो इसमें आपकी कोई भूमिका नहीं है।

### खीर भवानी मेला



श्रीनगर। घाटी में शुक्रवार को वार्षिक खीर भवानी मेले के दौरान भक्तों ने खीर भवानी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

## अधिकारियों को कहा- एजेंडे पर शीघ्र क्रियान्वयन शुरू करें

# सरकार के 100 दिनी एजेंडे पर किया विचार मंथन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नई सरकार बनने के बाद महत्वपूर्ण विभागों में तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिन के एजेंडे के शीघ्र क्रियान्वयन पर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभालने के बाद अधिकारियों से बातचीत की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने अधिकारियों को पहले 100 दिन के एजेंडे पर पूरी गंभीरता के साथ काम करने को कहा है। इसके साथ ही इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने को भी कहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री नड्डा ने फिर की बैठक

गंभीरता के साथ काम करें



### अहम कार्यों के संबंध में बताया

बताया जा रहा है कि जेपी नड्डा ने 100 दिन के एजेंडे पर अधिकारियों के साथ बैठक में चर्चा की। एजेंडे में राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा विनिमय, तंबाकू के इस्तेमाल के खिलाफ विशेष अभियान, एनसीडी के खिलाफ एक राष्ट्रीय अभियान, बच्चों के लिए टीकाकरण के पंजीकरण के लिए आरोग्य मैत्री क्यूब्स, भीष्म, यू-विन पोर्टल को शुरू करना शामिल है।

### आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने की तैयारी

पहले आयुष्मान योजना पर चर्चा हुई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय योजनाओं को लागू करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाने की भी तैयारी है। 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाने की एक बड़ी योजना है।

### हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा

*अब इस योजना का दायरा बढ़ाकर 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें भी 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। जनऔषधि केंद्रों पर 80 पर्सेंट डिस्काउंट के साथ सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी, इन केंद्रों का विस्तार होगा।*

## जल शक्ति मंत्रालय की पहल

# गंगा के लगातार प्रवाह का ई फ्लोज मॉनीटिरिंग सिस्टम शुरू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने नई दिल्ली में नमामि गंगे मिशन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान पर्यावरणीय प्रवाह निगरानी प्रणाली जारी की गई।

इसे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ने विकसित किया है। पाटिल ने भी जारी परियोजनाओं को पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, चुनौतियों से निपटने के लिए नयएसमाधानों की आवश्यकता है। जल शक्ति मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान गंगा के निरंतर और सतत प्रवाह को



सुनिश्चित करने ई-प्रवाह निगरानी प्रणाली शुरू की गई है। प्रणाली प्रयाग पोर्टल का एक अभिन्न अंग है, जो निगरानी, जल की गुणवत्ता और अन्य अहम मापदंडों के लिए एक निगरानी केंद्र है। पोर्टल में गंगा तरंग पोर्टल, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट टूल डैशबोर्ड और गंगा जिला प्रदर्शन निगरानी प्रणाली शामिल हैं।

# भारत-कनाडा में जंग आज, तीन मैचों में कोहली का स्कोर 1-4-0, बारिश की संभावना

एजेंसी ▶▶| लॉडरहिल

भारत टी20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को कनाडा से भिड़ेगा। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर भारतीय टीम के लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। तीन मैच में तीन जीत के साथ भारत पहले ही सुपर आठ चरण में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे।

आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब अब तीन मैच में 1.66 के औसत से 5 (1, 4, 0) ही रन बना पाए हैं। उम्मीद है कि वह एक बार फिर आईसीसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे जो 13 साल बाद भारत के लिए एक और आईसीसी खिताब जीतने का उनका संभवतः आखिरी मौका है।



## दक्षिण अफ्रीका की नजर चौथी जीत पर

**किंग्सटाउन।** तीन जीत के साथ सुपर आठ में पहले ही जगह बना चुका दक्षिण अफ्रीका आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में शनिवार को यहां नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा। टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज एनरिच नोर्किया बेहतरीन फॉर्म में हैं और नेपाल के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। दक्षिण अफ्रीका को साथ ही उम्मीद होगी कि क्विंटन डिकॉक, रीजा हैंड्रिक्स, कप्तान एडेन मार्कराम और ट्रिस्टन स्टब्स की मौजूदगी वाला उसका शीर्ष क्रम सुपर आठ चरण से पहले लय हासिल करने में सफल रहेगा।



## न्यूजीलैंड को युगांडा पर जीत की उम्मीद

**तारोबा।** टी20 विश्व कप से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम अब युगांडा के खिलाफ होने वाले ग्रुप सी के तीसरे मुकाबले में जीत की उम्मीद लगाए होगी। अफगानिस्तान ने यहां पापुआ न्यू गिनी पर जीत से न्यूजीलैंड को ग्रुप से सुपर आठ की दौड़ से बाहर कर दिया। अब ग्रुप में न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं जिनके नतीजा मायने नहीं रखेगा। न्यूजीलैंड की टीम एक दशक में पहली बार विश्व कप (वनडे और टी20 प्रारूप) के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही। अब उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी न्यूजीलैंड की टीम उम्मीद करेगी कि वह नई टीम युगांडा और पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे।

## इंग्लैंड की राह बड़ी जीत से होगी आसान

**नॉर्थ साउंड।** गत चैंपियन इंग्लैंड शनिवार को यहां नामीबिया को बड़े अंतर से हराने के लिए बेताब होगा ताकि वह टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण की दौड़ में बरकरार रहे। इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था और आस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार से गत चैंपियन टीम ऐसी स्थिति में पहुंची। ओमान पर जीत से इंग्लैंड का नेट रन रेट काफी अच्छा हो गया जो ग्रुप बी में उनके और स्कॉटलैंड के बीच महत्वपूर्ण अंतर है। इंग्लैंड का नेट रन रेट -1.8 से +3.08 हो गया जबकि स्कॉटलैंड का नेट रन रेट +2.16 है। लेकिन महत्वपूर्ण बात है कि स्कॉटलैंड के अभी पांच अंक हैं जबकि इंग्लैंड के तीन अंक।

## खबर संक्षेप



### प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने की उम्मीद : रबाडा

**किंग्स्टन।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा को टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में प्रतिस्पर्धी स्कोर देखने की उम्मीद है क्योंकि वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति टूर्नामेंट के अमेरिकी चरण में इस्तेमाल की गई 'ड्राप इन' पिच से अधिक निरंतर होंगी। न्यूयॉर्क की पिचों पर अत्यधिक उछाल से रन बनाना काफी मुश्किल हो रहा था। अब सुपर आठ के मैच कैरेबियाई स्थलों पर खेले जाएंगे। रबाडा ने कहा कि बल्ले और गेंद के बीच बराबरी का मुकाबला देखने के लिए संतुलित पिच पर खेलना महत्वपूर्ण है।

### चेन्नईयिन एफसी ने नासिरी को जोड़ा

**चेन्नई।** पूर्व चैम्पियन चेन्नईयिन एफसी ने शुक्रवार को उभरते हुए भारतीय फॉरवर्ड कियान नासिरी से करार की घोषणा की जो मोहन बागान के लिए खेलते थे। ईस्ट बंगाल के महान फुटबॉलर जमशीद नासिरी के 23 वर्षीय बेटे ने 2019 में मोहन बागान के साथ सीनियर पेशेवर पदार्पण किया था। क्लब ने कहा कि कियान से तीन साल का अनुबंध किया गया है जिससे वह 2027 तक क्लब से जुड़े रहेंगे। कियान ने सीनियर पदार्पण के बाद मोहन बागान के लिए 69 मैच खेलकर नौ गोल दागे।

### रन रेट में हेरफेर क्रिकेट की भावना के खिलाफ

**ग्रॉस आइलेट।** ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने जोश हेजलवुड की टिप्पणी को गंभीर नहीं बताते हुए कहा कि वे इंग्लैंड को मौजूदा टी20 विश्व कप से बाहर करने के लिए अपने नेट रन रेट में हेरफेर करने की कभी कोशिश नहीं करेंगे क्योंकि यह 'क्रिकेट की भावना के खिलाफ' होगा। तेज गेंदबाज हेजलवुड ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि अगर स्कॉटलैंड के खिलाफ अपने आगामी ग्रुप बी मैच में ऐसा मौका मिला तो ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड को टूर्नामेंट से बाहर करने की कोशिश करेगी।



### एचआईएल के लिए पंजीकरण शुरू

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी राष्ट्रीय लीग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसका आठ साल बाद दोबारा आयोजन किया जाएगा और यह पुरुष तथा महिला दोनों वर्ग में होगी। हॉकी इंडिया लीग में आठ पुरुष और छह महिला टीम हिस्सा लेंगी और इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 30 जून है। हॉकी इंडिया ने लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से भी आवेदन आमंत्रित किए हैं जो दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच आयोजित होने वाली है।

## आईपीएल : न्यूजीलैंड टी20 विश्व कप प्रतियोगिता से बाहर, दो मैच बाकी

# अफगानिस्तान ने सुपर-8 में बनाई जगह पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से रौंदा

एजेंसी ▶▶| तारोबा

अफगानिस्तान ने यहां ग्रुप सी में पापुआ न्यू गिनी को सात विकेट से हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फजलहक फारुकी (तीन विकेट) और नवीन उल हक (दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में अफगानिस्तान ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। तीन मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ अफगानिस्तान ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी। सहमेजबान वेस्टइंडीज (छह अंक) पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। इसके साथ ही 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो गया। न्यूजीलैंड ने लगातार दो मैच गंवाए हैं। टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रही है और अभी उसके अंकों का खाता भी नहीं खुला है। न्यूजीलैंड की टीम अपने अंतिम दो मैच अब युगांडा और पीएनजी के खिलाफ खेलेगी जो महज औपचारिकता के मुकाबले हैं। अफगानिस्तान की टीम सुपर आठ चरण में अपना पहला मैच 20 जून को बारबडोस में भारत के खिलाफ खेलेगी।



### फारुकी के नाम 12 विकेट

*राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद फारुकी ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। वह अब तक टूर्नामेंट में 11.2 ओवर में 42 रन देकर 12 विकेट चटका चुके हैं। फारुकी के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार नवीन ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 2.5 ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए। सेमो कामिया के रन आउट के साथ 19.5 ओवर में पीएनजी की पारी सिमट गई।*

### अफगान के खिलाफ अब तक नहीं बने 100 रन

अफगानिस्तान ने अगर 25 अतिरिक्त रन नहीं दिए होते तो पीएनजी की हालत और खराब होती। इसमें 13 रन वाइड के भी शामिल हैं। अफगानिस्तान के गेंदबाज टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं और उनके खिलाफ अब तक एक बार भी 100 रन भी नहीं बने हैं। टीम ने इससे पहले युगांडा को 16 ओवर में 58 और न्यूजीलैंड को 15.2 ओवर में 75 रन पर समेटा था।

## इंग्लैंड ने ओमान को सिर्फ 19 गेंदों में हराया



**नॉर्थ साउंड।** आदिल राशिद के फिरकी के जादू से गत चैंपियन इंग्लैंड ने गुरुवार रात को यहां ओमान को ग्रुप बी मैच में आठ विकेट से रौंदकर टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाने की अपनी उम्मीद बरकरार रखी। राशिद (चार विकेट), मार्क वुड (तीन विकेट) और जोफ्रा आर्चर (तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी से ओमान को 13.2 ओवर में सिर्फ 47 रन पर ढेर करने के बाद इंग्लैंड ने मात्र 3.1 ओवर में दो विकेट पर 50 रन बनाकर बेहद एकतरफा जीत दर्ज की। इंग्लैंड की ओर से कप्तान जोस बटलर ने सिर्फ आठ गेंद में चार चौकों और एक छक्के से नाबाद 24 रन की पारी खेली। फिल सॉल्ट ने तीन गेंद में 12 जबकि जॉनी बेयरस्टो ने दो गेंद में नाबाद आठ रन बनाए।

## फुटबॉल का मिनी विश्व

# 'यूफा यूरो कप' का आज से होगा आगाज



एजेंसी ▶▶| म्यूनिख

यूफा यूरो कप 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट का 15 जून यानी शनिवार से आगाज होने जा रहा है। फुटबॉल के मिनी विश्व कप के नाम से मशहूर यह टूर्नामेंट 15 जून से 15 जुलाई तक खेला जाएगा। ग्रुप स्टेज के मैच 26 जून तक खेले जाएंगे, वहीं नॉकआउट चरण 29 जून से शुरू होगा। मेजबान देश के रूप में जर्मनी को ग्रुप ए में जगह दी गई है। मेजबान जर्मनी 15 जून को म्यूनिख फुटबॉल एरिना में स्कॉटलैंड के खिलाफ उद्घाटन मैच खेलेगा। इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन्हें चार-चार टीमों के छह ग्रुप में बांटा गया है और हर एक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें राउंड ऑफ 16 में पहुंचेंगी। इसके अलावा तीसरे स्थान पर रहने वाली चार सर्वश्रेष्ठ टीमें भी राउंड ऑफ 16 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

यूरो कप 2024 के पहले दौर में टीमें अपने ग्रुप में बाकी टीमों के साथ एक-एक मैच खेलेगी। राउंड ऑफ 16 से नॉकआउट स्टेज की शुरुआत होगी। यानी हारने वाली टीम का सफर वहीं खत्म हो जाएगा। राउंड ऑफ 16 यानी प्री-क्वार्टर फाइनल में जीतने वाली आठ टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। क्वार्टर फाइनल की विजेता टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करेगी और सेमीफाइनल की विजेता टीम का मुकाबला 15 जुलाई को बर्लिन के ओलंपियास्टेडियन में होने वाले फाइनल में होगा।

### पहली बार जर्मनी कर रहा मेजबानी

जर्मनी 2006 फीफा विश्व कप के बाद पहली बार किसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है। 2021 में पिछला यूरो कप खेला गया था। हालांकि, यह टूर्नामेंट 2020 में होना था, लेकिन कोरोना की वजह से इसे एक साल के लिए स्थगित किया गया था। 2021 में हुए यूरो कप को यूफा यूरो कप 2020 के नाम से ही बुलाया गया था। पिछला यूरो कप का खिताब इटली ने जीता था। इटली को ग्रुप बी में स्पेन और क्रोएशिया के साथ रखा गया है। इसे 'ग्रुप ऑफ डेथ' भी कहा जा रहा है।

## पेरिस ओलंपिक

# शीर्ष रैंकिंग पर काबिज सिनर खेलेंगे एकल और युगल स्पर्धा



एजेंसी ▶▶| रोम

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज खिलाड़ी यानिक सिनर पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में इटली का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली टेनिस महासंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचकर इस हफ्ते पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचे सिनर (22 वर्ष) के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। सिनर ने जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपनी झोली में डाला था। 2024 में उनका जीत का रिकॉर्ड 33-3 रहा है जिसमें उन्होंने तीन खिताब हासिल किये। महासंघ ने कहा कि इटली के युगल मुकाबले में वह लोरेंजो मुसेटी के साथ जोड़ी बनाएंगे।पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन महिला फाइनल में हारने वाली जैस्मीन पाओलोनी भी इटली के लिए खेलेंगी।

## ईस्ट बंगाल से जुड़े स्ट्राइकर दिमित्रियोस



**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के आगामी सत्र के लिए शुक्रवार के यूनान के स्ट्राइकर दिमित्रियोस दियामनताकोस को अनुबंधित करने की घोषणा की। यह अनुभवी 31 वर्षीय खिलाड़ी 2022 से केरल ब्लास्टर्स के लिए खेल रहा था। दिमित्रियोस ने क्लब से अनुबंध के बाद प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'सभी जानते हैं कि ईस्ट बंगाल एशिया में सबसे अधिक प्रशंसकों वाले क्लब में से एक है। मैं उनके सामने खेलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता।'

## एकल में प्रणय की हार से भारतीय चुनौती समाप्त

**सिडनी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा।

**पश्चिम मध्य रेल**
संकेत एवं दूरसंचार विभाग
खुली निविदा

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **निविदा सूचना क्रमांकः** जबल-एन-टेली-टेण्डर-2024-07, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के पीसीपीओ कार्यालय में अधिकारियों के चैंबर के लिए मॉड्यूलर फर्नीचर का नवीनीकरण और प्रावधान। **निविदा का अनुमानित मूल्य (₹ में):** ₹ 3,68,403.20, **निविदा फॉर्म की कीमतः** ₹ 0.00, **कार्यालय का पताः** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि ₹ः** ₹ 7,400.00, **समापन अवधि (माह):** 06 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समयः** दिनांक 08.07.2024 को 15.00 बजे तक बंद होगी एवं 15.00 बजे के बाद खोली जाएगी। **नोटः** निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाइट से ऑनलाईन ही आवेदन की जा सकती है।

**मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूर संचार)**
**प.म.रे. जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**

**NOTICE INVITING E-TENDER (2nd CALL)**

**NIT No. 44, Date 22.12.23 & EE (Elect.) No. 356** **Date : 12.06.2024**

Online Tenders are invited on percentage rate from the Contractors registered in centralized registration system of MPPWD for Electrical works with having 'A' Class Valid Electrical license from the MP Licensing Board Govt. of M.P.

| S. No. | System Tender No. & Date | Name of Work | Probable Amount of Contract (Rs.) | EMD & Cost of Bid Document with GST (In Rs.) | Date of Submission of Bids | Date of Opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_ MPHID_ 350381_1 | External Electrification Work at PG College Amdara and Nashtigawan Dist. Satna and Rewa. | 1972079/- | 39500/- & 2360/- | 15.06.2024 to 20.06.2024 | 21.06.2024 |

(1) Interested bidders can view the detailed NIT on website **www.mphousing.in** and **https://www.mptenders.gov.in**.
(2) Amendments to NIT, if any would be published website only and not in newspapers.

**Visit us : www.mphousing.in**
**E-Mail : eeelednhbjbp@mp.gov.in**
M.P. Madhyam/114890/2024 /mphidb /mphidb

**(S.R. Longre)**
**EXECUTIVE ENGINEER (ELECT.)**
**Electrical Division Jabalpur**
**Phone No. : 0761-2991429**

**M.P. ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**(Govt. of M.P. Undertaking/M.P. State Highway Authority)**
**45-A, Arera Hills, Bhopal-462011, Ph. : 0755-2597290/2765205, Fax : 0755-2572643**
**Website : mprdc.gov.in, CIN : U45203MP2004SGC016758**
MPRDC
**No. : 3146/MPRDC/HR/377/2024** **Bhopal, Date : 14.06.2024**

**INVITES APPLICATIONS**

Madhya Pradesh Road Development Corporation Ltd., is a wholly owned company of Govt. of MP looking after State Highways and other Infrastructure Development projects of Madhya Pradesh. MPRDC invites applications from eligible physical handicap candidates for the following post:-

| Sn. | Name of Post & Salary | Source | No. of Post |
|---|---|---|---|
| 01. | Dy. General Manager (Tech.) (Last Pay (-) Pension) | Contract | 01 - ST (Physical Handicap) |
| 02. | Manager (Tech.) (56100-177500) Level-12 | Regular | 01 - SC (Physical Handicap) |
| 03. | Executive Assistant to MD Rs. 40,000/- + CPI | Contract | 01 - UR (Physical Handicap) |

**General Terms and Conditions:**
1. Application should be submitted through **www.mponline.gov.in** only.
2. For Sn. 01 and 03 the selection will be made on the basis of merit-cum-interview and for Sn. 02 the selection will be made on the basis of any one year of GATE-2022/2023/2024 Score.
3. For Sn. 01 and 03 on Contract basis initially for One year, which can be extended, based upon satisfactory performance and mutual consent as per the requirements of the MPRDC.
4. MD, MPRDC reserves the right to increase or decrease the positions (no. of post, based on actual position of required) advertised and to fill/not fill them from the merit/waiting list. MPRDC reserves the right not to declare any waiting list.
5. MD, MPRDC will have full right to accept or reject any or all applications without assigning any reason thereof.
6. The last date for submission of application and all details are to be published after confirmation of key dates from MP Online. All other details are mentioned on Rule Books.
7. Applications not submitted in the prescribed format or incomplete in any manner will not be entertained.

M.P. Madhyam/114911/2024 **CHIEF GENERAL MANAGER (ADMIN.)**

**पश्चिम मध्य रेल**
खुली निविदा
विद्युत (सामान्य शाखा)

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता हैः- **क्र.सं.: 1- निविदा सूचना क्रमांकः** निविदा सूचना क्र.: जबल/एल/टी नं.35/2023RIII दिनांक 10.06.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** 04 विविध कार्यों का विद्युतीकरण (i) न्यू सिक लाइन न्यू कटनी जंक्शन पर नए आरओएच शेड का विकास और मौजूदा आरओएच का 50 मीटर तक विस्तार (ii) जबलपुर डिवीजन-विश्वसनीयता में सुधार के लिए पहचाने गए महत्वपूर्ण सिग्नलिंग प्रतिष्ठानों के रिले रूम में एयर कंडीशनिंग का प्रावधान सिग्नलिंग उपकरण (15 स्टेशन) (iii) यूडब्ल्यू के तहत एनकेजे में नए स्टोर बिल्डिंग आरओएच एएमएम स्टोर का विद्युतीकरण (iv) एलसी जेके-02 और जेके-08 पर प्रस्तावित पावर संचालित लिफ्टिंग बैरियर का विद्युतीकरण, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में):** ₹ 32,78,818.39, **बयाना राशि (₹):** ₹ 65,600/-, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 6 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक):** 04.07.2024, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक):** 04.07.2024, **क्र.सं.: 2- निविदा सूचना क्रमांकः** निविदा सूचना क्र.: जबल/एल/टी नं.21/2024 दिनांक 11.06.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** कटनी (मुड़वारा) स्टेशन पर सौर संयंत्र की व्यवस्था के संबंध में विद्युत आपूर्ति प्रणाली का उन्नयन, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में):** ₹ 1,07,96,794.69, **बयाना राशि (₹):** ₹ 2,04,000/-, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 4 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक):** 04.07.2024, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक):** 04.07.2024, **क्र.सं.: 3- निविदा सूचना क्रमांकः** निविदा सूचना क्र.: जबल/एल/टी नं.22/2024 दिनांक 12.06.2024, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** 02 विविध कार्यों का विद्युतीकरण (i) कटनी में सहायक सुरक्षा आयुक्त कार्यालय का बिजली और फर्नीचर के साथ निर्माण का प्रावधान (ii) सागर-सागर स्टेशन पर SCADA आधारित त्वरित जल व्यवस्था का प्रावधान, **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में):** ₹ 7,97,918.60, **बयाना राशि (₹):** ₹ 16,000/-, **समापन अवधि (माह/वर्ष):** 6 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक):** 04.07.2024, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक):** 04.07.2024, **निविदा फार्म की कीमत (₹ में): क्र.सं. 1 से 3 के लिये:-** ₹ 0.00, **कार्यालय का पता जहां टेन्डर फार्म खरीदा जा सकता हैः क्र.सं. 1 से 3 के लियेः-**वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर। **नोटः** निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेब साइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेब साइट से डाउन लोड की जा सकती है।

**वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)**
**पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर




हाई कोर्ट में नीट परीक्षा को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई जुलाई तक टली

# नीट परीक्षा : स्टूडेंट्स ने याचिकाएं दायर कर लगाया अनियमितता का आरोप

**जबलपुर।** हाई कोर्ट में नेशनल इलिजिबिलटी कम इंट्रेंस टेस्ट फार यूजी यानि नीट यूजी के रिजल्ट को चुनौती देने वाले मामले में सुनवाई जुलाई के प्रथम सप्ताह तक टल गई है। न्यायमूर्ति अमरनाथ केशरवानी व न्यायमूर्ति वीरेन्द्र द्विवेदी की युगलपीठ में मामले की सुनवाई शुक्रवार को हुई। हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट में प्रकरण विचाराधीन होने के आधार पर फिलहाल हस्तक्षेप से मना कर दिया।



याचिकाकर्ताओं ने भाई-भतीजावाद का आरोप लगाया है। भोपाल व जबलपुर निवासी छात्राओं की ओर से दायर मामले में नीट-यूजी परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानि एनटीए के रिजल्ट को कठघरे में रखा है। टाप-13 अभ्यर्थियों के रोल नंबर आसपास होने को लेकर सवाल खड़ा किया है। आरोप लगाया गया है कि एक कोचिंग सेंटर के आठ छात्रों के नाम व रोल नम्बर एक सामान है। इतना ही नहीं उक्त सभी छात्रों को परीक्षा में शतप्रतिशत अंक मिले हैं। लिहाजा, भाई-भतीजावाद व भ्रष्टाचार के आरोप की जांच होनी चाहिए। जबलपुर निवासी अमीषी वर्मा के अधिवक्ता आदित्य संघी ने बताया कि जुलाई के पहले सप्ताह में याचिका पर सुनवाई होगी। अधिवक्ता ने बताया कि याचिकाकर्ता नीट यूजी परीक्षा 2024 में शामिल हुई थीं। लेकिन जैसे ही परिणाम सामने आया, वे गड़बडी की आशंका के साथ कानूनी कार्रवाई के लिए आगे आ गईं। दरअसल, अमीषी को 720 अंक में से 615 अंक प्राप्त हुए थे। उसे व्यक्तिगत व विशेषज्ञों की गणना अनुसार अधिक अंक मिलने की उम्मीद थी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने नीट परीक्षा की हाई लेवल इनक्वायरी, नीट परीक्षा रद्द करने और रिकार्ड सीज करने की मांग की है। वहीं दूसरे याचिकाकर्ता भोपाल निवासी निशिता सोनी की ओर से अधिवक्ता ब्रजेन्द्र मिश्रा ने पैरवी की।

## सिविल जज प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम नए सिरे से घोषित करें, हाई कोर्ट का आदेश

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने सिविल जज परीक्षा-2023 की प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम नए सिरे से घोषित करने के निर्देश दिए हैं। नए सिरे से मेरिट सूची जारी कर दोबारा मुख्य परीक्षा कराने की भी व्यवस्था दी गई है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश शील नागू व न्यायमूर्ति अमरनाथ केशरवानी की युगलपीठ ने कहा कि जब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक सिविल जज की नियुक्ति पर रोक रहेगी। ग्वालियर निवासी ज्योत्सना डोहलिया और वर्षा श्रीवास्तव ने पुनर्विचार याचिका दायर कर हाई कोर्ट के पूर्व में दिए गए फैसले को चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया कि सिविल जज की प्रारंभिक परीक्षा पुराने नियम 1994 के अनुसार ली गई थी, जबकि मुख्य परीक्षा संशोधित नियम 2023 के अनुसार कराई गई। नए नियम के अनुसार एलएलबी में 70 प्रतिशत या तीन साल की वकालत का अनुभव होना अनिवार्य कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से ने दलील दी गई कि परीक्षा परिणाम पुराने नियम से घोषित कर दिया गया। जिससे मुख्य परीक्षा का कट ऑफ हाई हो गया। इसके चलते कई अपात्र भी मुख्य परीक्षा के लिए पात्र हो गए थे। याचिका में मांग की गई थी कि अपात्रों को बाहर कर नए सिरे से मेरिट सूची तैयार की जाए। यह भी दलील दी गई कि अपात्रों के बाहर हो जाने से कट आफ मार्क्स नीचे आ जाएंगे, जिससे बहुत से वंचित उम्मीदवारों को भी मौका मिलेगा। गा। हाई कोर्ट ने पूर्व में दायर याचिका निरस्त कर दी थी। इसके बाद पुनर्विचार याचिका दायर की गई, सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में राहतकारी आदेश पारित किया।

फ्लाई ओवर स्ट्रे ब्रिज निर्माण के दौरान ट्रेनों का शेडयूल बदला

# कल मदन महल स्टेशन में रहेगा 4 घंटे का ब्लॉक

**जबलपुर।** मदनमहल स्टेशन पर अधोसंरचना कार्य के चलते कुछ रेलगाड़ियाँ शोर्ट टर्मिनेट, ओरिजिनेट किया गया हैं। पमरे जबलपुर मण्डल के जबलपुर शहर में दमोहनाका-रानीताल चौक-मदनमहल चौक पर एलिवेटेड कोरिडोर (फ्लाईओवर) के निर्माण कार्य के चलते मदनमहल स्टेशन यार्ड में 16 जून 2024 को 4 घण्टे का ब्लॉक किया जा रहा है। इस निर्माण के दौरान कुछ गाड़ियों को शॉर्ट टर्मिनेट, ओररिजिनेट करने का निर्णय लिया गया है।



### मेमू ट्रेन श्रीधाम में रहेगी शोर्ट टर्मिनेट-ओरिजिनेट

अपने प्रारंभिक स्टेशन से चलने वाली गाड़ी संख्या 06619/06620 इटारसी-कटनी-इटारसी मेमू ट्रेन को श्रीधाम स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट, ओरिजिनेट करने का निर्णय लिया गया है, अर्थात यह गाड़ी श्रीधाम-कटनी-श्रीधाम स्टेशन के मध्य निरस्त रहेगी।

### नैनपुर पैसेंजर गढ़ा गुड्स शेड पर रहेगी शोर्ट टर्मिनेट, ओरिजिनेट

इसी प्रकार अपने प्रारंभिक स्टेशन से चलने वाली गाड़ी संख्या 05703/05704 जबलपुर-नैनपुर-जबलपुर पैसेंजर ट्रेन को गढ़ा गुड्स शेड स्टेशन पर शोर्ट टर्मिनेट, ओरिजिनेट करने का निर्णय लिया गया है, अर्थात यह गाड़ी गढ़ा गुड्स शेड-जबलपुर-गढ़ा गुड्स शेड स्टेशन के मध्य निरस्त रहेगी।

### इण्टरसिटी 2 घण्टे री-शेड्यूल रहेगा

गाड़ी संख्या 22187 रानी कमलापति - अधारताल इण्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को 16 जून 2024 को रानी कमलापति स्टेशन से अपने निर्धारित समय से 2 घण्टे देरी से चलाने का निर्णय लिया गया है, अर्थात री-शेड्यूल किया गया है।

संस्कार सिटी में पुलिस का छापा, 9 आरोपी गिरफ्तार

# यूपी बिहार के सटोरिए खिला रहे ऑनलाईन सट्टा

**जबलपुर।** माढ़ोताल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संस्कार सिटी में टी-20 क्रिकेट मैच पर ऑनलाईन सट्टा खिलाने वालें यूपी बिहार के 9 सटोरियों को गिरफ्तार कर 19 मोबाइल, 3 लैपटॉप और नगद 10 हजार 490 रुपए जब्त किया है। यूपी बिहार के सभी सटोरिए यहां संस्कार सिटी में जय कुमार रावत के घर में ऑनलाईन सट्टा खिला रहे थे। मुखबिर की सूचना पर यहां दबिश दी। माढ़ोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि यहां दरभंगा बिहार निवासी सोनू कुमार मुखिया, मरधा गाजीपुर यूपी निवासी मनीष कुमार, दरभंगा निवासी अजय कुमार मुखिया, जमालपुर बिहार निवासी सुमित सेनी, कमसाबाद गाजीपुर यूपी निवासी सतीश कुमार उर्फ गोलू गुप्ता, दरभंगा बिहार निवासी अमरजीत कुमार साहनी, दरभंगा निवासी सोनू मुखिया, दरभंगा निवासी अशोक मुखिया, गाजीपुर उप्र निवासी रवि जायसवाल पकड़े गए। सभी के पास से 19 मोबाइल,03 लेपटोप,01 वाईफाई राउटर, 01 टी व्ही, तथा 02 नोट बुक जब्त की गई जिसमें लाखों रुपए के सट्टे की लगाई- खाईबाजी का हिसाब-किताब दर्ज है। आरोपियों के कब्ज से नगद 10 हजार 490 रुपए जब्त किए है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 3/4, 4(क) सट्टा अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया हैं।



लक्ष्य 100 लाख मीट्रिक टन का खरीदी 50 लाख मीट्रिक टन की!

# गेहूं उपार्जन में पिछड़ा मप्र

**जबलपुर।** गेहूं उपार्जन के मामले में इस बार मध्य प्रदेश पिछड़ गया है। 80 लाख मीट्रिक टन की तुलना में अब तक करीब 50 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी ही हो पाई है। हालांकि सरकार को उम्मीद है कि गेहूं खरीदी की तारीख बढ़ाने से खरीदी का टारगेट पूरा हो सकेगा।

मध्य प्रदेश में गेहूं उपार्जन के लिए मंडी स्तर पर 311 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों से 25 जून तक गेहूं की खरीदी होगी। 2024-25 में खरीद सीजन के लिए प्रदेश सरकार एमएसपी से अधिक दर से गेहूं खरीद रही है। केंद्र की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपए प्रति क्विंटल तया किया गया है, जबकि प्रदेश सरकार 125 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस दे रही है। इस हिसाब से प्रदेश के किसानों से गेहूं 2400 रुपए प्रति क्विंटल के भाव पर खरीदा जा रहा है। इसके बाद भी गेहूं खरीदी में मध्यप्रदेश पिछड़ता नजर आ रहा है। एमपी सरकार ने 80 लाख टन खरीदी का लक्ष्य तय किया है और वास्तविक खरीदी अब तक 50 लाख मीट्रिक टन ही हो पाई है। 11 जून तक उपार्जन केंद्रों में 48 लाख 39 हजार 202 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी हुई। गेहूं खरीदी 6 लाख 16 हजार 254 किसानों से की गई। सरकार की ओर से किसानों को 11 हजार 427 करोड़ 57 लाख का भुगतान किया गया था।



### मार्च में शुरू हो गई थी खरीदी

खरीदी का लक्ष्य तय होने के बाद मध्यप्रदेश में इस बार मार्च में ही गेहूं की सरकारी खरीद शुरू कर दी गई थी। शुरुआत में गति धीमी रही, लेकिन पिछले चार सप्ताह के दौरान रफ्तार कुछ बढ़ी। अभी भी लक्ष्य की तुलना में खरीदी कम हुई है।

# ताप विद्युत इकाइयों ने रिकॉर्ड उत्पादन किया


**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप विद्युत गृहों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक का सर्वाधिक 28627 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर नया रिकार्ड बनाया गया है। यह पावर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास का सर्वाधिक ताप विद्युत उत्पादन है। ताप विद्युत गृहों द्वारा वभिन्नि मापदंडों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। ताप विद्युत गृहों का इस दौरान प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) 60.3 प्रतिशत रहा जो वर्ष 2019-20 के पश्चात सर्वाधिक है। ताप विद्युत गृहों का 7.12 फीसदी ऑक्जलरी कंजम्पशन अब तक सबसे कम वार्षिक कंजम्पशन रहा। ताप विद्युत गृहों की कुल विशिष्ट तेल खपत 0.60 मिली लीटर प्रति यूनिट रही, जो पावर जनरेटिंग कंपनी की अब तक की सबसे कम वार्षिक विशिष्ट तेल खपत है। वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी की थर्मल पावर यूनिट्स का हीट रेट 2415 किलो कैलोरी प्रति इकाई रही जो अब तक का न्यूनतम है। वित्तीय वर्ष 23-24 के दौरान तेरह थर्मल इकाइयों ने लगातार 100 दिनों एवं अधिक सतत व निर्बाध विद्युत उत्पादन किया, जिनमें से दो इकाइयों ने 200 दिनों से अधिक समय तक विद्युत उत्पादन किया। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा मनु श्रीवास्तव व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने ताप विद्युत गृहों के अभयिंताओं व कार्मिकों को स्वर्णमि उपलब्धयों पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

24 हजार 420 करोड़ रूपये की मिलेगी सब्सिडी

# घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में राहत

**जबलपुर।** प्रदेश के घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को विगत वर्षों की तरह वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये लागू टैरिफ दरों में राहत देने के लिये बिजली कंपनियों को अनुमानित 24 हजार 420 करोड़ 8 लाख रूपये की सब्सिडी देने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि यह सब्सिडी अटल गृह ज्योति योजना, अटल कृषि ज्योति योजना, टैरिफ सब्सिडी और निःशुल्क विद्युत प्रदाय योजना में दी जायेगी।

राज्य शासन के निर्णयानुसार फ्लैट दर पर 10 हार्सपावर तक की क्षमता वाले स्थायी कृषि उपभोक्ताओं से मात्र 750 रूपये प्रति हार्सपावर प्रति वर्ष लिये जाने के एवज में 11 हजार 943 करोड़ 98 लाख रूपये की सब्सिडी दी जायेगी। इसी तरह फ्लैट दर पर 10 हार्सपावर से अधिक क्षमता से स्थाई कृषि उपभोक्ताओं से 1500 रूपये प्रति हार्सपावर प्रति वर्ष लिये जाने की एवज में 969 करोड़ 31 लाख रूपये, 10 हार्सपावर तक की क्षमता वाले मीटर युक्त स्थाई कृषि पंप उपभोक्ताओं के लिये 50 करोड़ 63 लाख, 10 हार्सपावर से अधिक क्षमता वाले मीटर युक्त स्थाई कृषि पंप उपभोक्ताओं के लिये 3 करोड़ 22 लाख, अस्थाई कृषि पंप संयोजन के लिये 371 करोड़ 49 लाख रूपये, एक हेक्टेयर तक की भूमि वाले 5 हार्सपावर तक के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के स्थाई कृषि पंप उपभोक्ताओं को निःशुल्क विद्युत प्रदाय के लिये 5009 करोड़ 73 लाख रूपये, अटल गृह ज्योति योजना के अंतर्गत 150 यूनिट तक की मासिक खपत वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 100 यूनिट की मासिक खपत पर अधिकतम 100 रूपये के बिल अनुसार बिजली देने के एवज में 5866 करोड़ 26 लाख रूपये, अटल गृह ज्योति योजना में गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले अनुसूचित जाति एवं जनजाति के घरेलू उपभोक्ताओं को केवल 25 रूपये प्रति माह की दर से 30 यूनिट बिजली देने के एवज में 36 लाख रूपये और उच्च दाब उद्वहन/समूह सिंचाई उपभोक्ताओं को वार्षिक न्यूनतम प्रभार से छूट तथा ऊर्जा प्रभार में 190 पैसे प्रति यूनिट की छूट देने के लिये 205 करोड़ 10 लाख रूपये की सब्सिडी देने का प्रावधान किया गया है।



न दिन में सुकून न रात में चैन

# भीषण गर्मी में जनजीवन हाल बेहाल

**जबलपुर।** पश्चिमी हवाओं ने तापमान को बढ़ने का मौका दिया तो बादलों ने उमस को पैर पसारने के लिए अवसर दिया। गर्म हवाओं और उमस के बीच जनजीवन बेहाल रहा। शुक्रवार का दिन मौसम तल्ख स्वभाव से बेजार रहा। सबकी निगाह आसमान पर छाये बादलों की ओर टकटकी लगायी रही। उमस और गर्मी से बेजार लोग इंद्र देव से राहत की बारिश के लिए प्रार्थना करते रहे। शुक्रवार की सुबह से ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाये। पश्चिमी हवाओं की वजह से तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच गया था। दोपहर बाद जब आसमान पर बादल छाए तो उमस ने बैचेन कर रखा था। मौसम कार्यालय ने लू चलने की चेतावनी दी है।



### अभी और तड़पायेंगी गर्मी

गर्मी अभी और तड़पायेंगी अभी महाराष्ट्र में मानसून पहुंचा है जो गोंदिया बालाघाट मप्र के रास्ते 18 से 20 जून को प्रवेश करने की संभावना है लिहाजा इस और हफ्ते गर्मी परेशान करेगी। लोगों को अब बस मानसून का ही आसरा है क्योंकि पिछले एक पखवाड़े से चिपचिपाहट वाली गर्मी पड़ रही है इंसान तो इंसान पशु पक्षी भी परेशान है। कूलर, पंखे दम तोड़ चुके है न वो ठंडक दे रहे न राहत।

### पारा 42 डिग्री के पार

दिनभर की तपन के बाद शाम को उमस हलाकान करने लगी। न दिन में चेन न रात में सुकून वाली स्थिति निर्मित हो गई। उमस ने जनजीवन के हाल बेहाल कर दिये कूलर, पंखों के सामने भी लोगों को चैन नहीं मिला। पसीने से तरबतर चेहरे मुरझाये नजर आये। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री सेल्सियस समान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 29.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 52 प्रतिशत और सायंकाल 29 प्रतिशत दर्ज की गई। सूर्योदय सुबह 5.24 मिनिट पर सूर्यास्त शाम 6.58 मिनिट पर हुआ। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 40.08 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 45.4 डिग्री खजुराहो में दर्ज किया गया। दक्षिण पश्चिमी हवाएं 7 से 8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

### एक ही परिसर में एक से अधिक बिजली कनेक्शन की सुविधा उपलब्ध

**जबलपुर।** राज्य शासन के निर्णयानुसार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अब उपभोक्ताओं को एक ही परिसर में पृथक-पृथक रहने पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन प्रदान करने की सुविधा कुछ शर्तों के आधार पर कराई जा रही है। कंपनी ने कहा है कि ऐसे आवेदक जो एक ही परिसर में निवास कर रहे हैं लेकिन उनका भोजन पृथक-पृथक बनता है, तो उनके द्वारा अलग बिजली कनेक्शन का आवेदन करने पर उन्हें नवीन कनेक्शन प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा उन परिसर में किराएदार भी पृथक स्वतंत्र कनेक्शन लेना चाहते हैं इसके लिए उन्हें रजिस्टर्ड किरायानामा प्रस्तुत करना होगा। साथ ही शर्त यह भी है कि मकान मालिक और किराएदार सगे संबंधी नहीं होने चाहिए। कंपनी ने कहा है की मूल विद्युत कनेक्शन के अधीन परिवार के द्वारा पृथक कनेक्शन चाहे जाने पर मूल कनेक्शन परिवार के मुखिया के नाम करवाने हेतु यथा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। हालांकि इन शर्तों को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने एक ही परिसर में पृथक स्वतंत्र घरेलू कनेक्शन दिए जाने में आ रही कठिनाई के निराकरण हेतु सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों जबलपुर, शहडोल एवं रीवा में पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240